# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2023

# गैंग सरगना समेत तीन को पुलिस ने भेजा जेल

गोरखपुर (एसएनबी)। मजदूर को धोखे में रखकर खून निकलवाकर बेचने वाले गैंग में शामिल बीआरडी मेडिकल कालेज में बीआईएस के दो कर्मचारियों सहित तीन को गुलरिहा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें खूनचुसवा गैंग का सरगना भी शामिल है। अभी और भी जो इस खेल में शामिल रहे हैं उनकी पुलिस तलाश कर रही है।

मेडिकल कालेज में काम करने वाले दोनों कर्मचारी मरीजों के परिजनों के संपर्क में रहकर खून की जरूरत पड़ने पर खूनचुसवा गैंग को फोन पर इसकी जानकारी देते थे। मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में अवैध रूप से मजदूरों को पैसे का लालच देकर खून बेचने का काम चल रहा था। गुलरिहा पुलिस 27 अगस्त को मजदूर गोरख चौहान निवासी कमता बुजुर्ग थाना पनियरा जिला महराजगंज की शिकायत पर धारा 419,420,336,308 व 120बी के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी थी। बताया जाता है कि खूनचुसवा गैंग के सरगना समेत तीन को पुलिस ने दबोच लिया। चरगांवा प्रतिनिधि के अनुसार सीडीआर के मदद से गुलरिहा पुलिस ने बीआरडी मेडिकल कालेज में बीआईएस के तहत तैनात सफाईकर्मी रजनीश यादव मूल निवासी बोडियास सुल्तान कोतवाली जिला देवरिया वर्तमान में मेडिकल कालेज के स्वीपर कालोनी रुम 100 में रहता है। वहीं गुलरिहा थाना के मोगलहा निवासी रामआशीष पुत्र रामहरख भी बीआईएस का कर्मचारी है। शिवातुल्लाह उर्फ अब्दुल निवासी पव्वा खाली गोपालगंज बिहार को पुलिस ने मेडिकल कालेज के पास से गुरूवार की दोपहर गिरफ्तार किया। मेडिकल कालेज तैनात बीआईएस के गिरफ्तार कर्मचारियों ने बताया कि वार्ड में मरीज के परिजनों से मोटी रकम लेकर खून दिलवाने का काम करते हैं तथा अवैध रूप खून देने वालों का ब्लड बैंक के रजिस्टर में नाम-पता दर्ज नहीं किया जाता है। वहीं मेडिकल कालेज के चौकी इंचार्ज विवेक मिश्र का कहना है कि बीआरडी मेडिकल कालेज में तैनात अन्य बीआईएस कर्मचारियों से पूछताछ की जायेगी तथा ब्लड बैंक में तैनात कर्मचारियों से भी पूछताछ होगी। यही नहीं आसपास प्राइवेट अस्पतालों में स्थित ब्लड बैंक की भी गहराई से जांच-पड़ताल होगी। गिरफ्तार तीनों आरोपितों का गुलरिहा पुलिस ने चालान कर दिया।

**खूनचुसवा गैंग : मेडिकल कालेज में कार्यरत बीआईएस के दो कर्मचारी भी चढ़े पुलिस के हत्थे**

**मेडिकल कालेज के ब्लडबैंक में काम करने वाले कर्मचारियों से भी होगी पूछताछ**

**अभी और कई हैं खूनचुसवा गैंग में शामिल जिनकी पुलिस कर रही तलाश**

**खून देने वालों का क्यों नहीं दर्ज किया जाता था नाम-पता :** खूनचुसवा गैंग के सरगना और आउटसोर्सिंग के तहत काम करने वाले दो सफाईकर्मी की भूमिका तो गंभीर रही ही है लेकिन यह भी इनके द्वारा बताया गया कि मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक के रजिस्टर में खून देने वाले का नाम-पता नहीं लिखा जाता था। यह गंभीर सवाल है जो ब्लड बैंक की व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करता है। इससे यह साफ है कि ब्लड बैंक का भी कोई ना कोई अवश्य इस खेल के खिलाड़ियों के साथ जुड़ा रहा है। पैसे लेकर खून देने वालों को दिन में नहीं बुलाया जाता रहा है क्योंकि काउंसलर के सवालों से धंधेबाज बच ही नहीं सकता है? यह काम उसकी ड्यूटी खत्म होने के बाद किया जाता रहा है।

# चेयरमैन व सभासदों में तीखी नोंक-झोंक

**पिपराइच (एसएनबी)।** आज देर शाम नगर पंचायत में नगर पंचायत अध्यक्ष संजय मद्धेशिया पक्ष व सभासदों के बीच किसी बात को लेकर काफी कहासुनी से इस दौरान बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के बीच जमकर नोंक-झोंक से मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मामले की जानकारी पाकर पुलिस ने पहुंच कर दोनों पक्षों को शान्त कराया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के कुछ सभासद एक सप्ताह पहले जिलाधिकारी से मिलकर टेण्डर प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। इस टेण्डर को अधिशासी अधिकारी ने बीते बुधवार को निरस्त कर दिया।

मालूम हो कि नगर पंचायत की बोर्ड खेमाबाजी में बंटा हुआ है। अध्यक्ष गुट व विपक्षी सभासद गुट लगातार एक दुसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा कर विवाद कर रहें है। आज शाम पांच बजे सभासद संदीप गुप्ता व सद्दाम पहुंचे थे। पंचायत अध्यक्ष संजय मद्धेशिया ने एक बात पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी कर दिया। अध्यक्ष ने व्यंग्यात्मक लहजे में कुछ बोल दिया और सभासद ने अध्यक्ष पर भी टिप्पणी कर दी। मौके पर मौजूद अध्यक्ष पक्ष के लोगों से सभासदों को कार्यालय के बाहर तक कहासुनी तेज हो गई और देखते देखते माहौल गाली गलौज व हाथापाई तक पहुंच गया।

**नगर पंचायत पिपराइच**

**मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को सम्हाला**

**दोनों पक्ष कह रहे तहरीर देने की बात**

**थानाध्यक्ष ने कहा किसी पक्ष से नहीं मिली तहरीर**

विपक्षी सभासद पक्ष संदीप ,सद्दाम ,व्यास आदि का आरोप है कि अध्यक्ष ने पहले गलत बात कही। अध्यक्ष संजय मद्धेशिया ने बताया कि कोई बात नहीं है अनावश्यक कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। संदीप गुप्ता व सद्दाम ने पंचायत अध्यक्ष पक्ष के एक कार्यकर्ता के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। तो वहीं पंचायत अध्यक्ष खेमा से भी तहरीर देने की बात कह रहे हैं। थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर दोनों पक्ष को सख्त हिदायत दी गई है। शान्त कर घर भेज दिया गया है। तहरीर हमे किसी पक्ष ने नही दी है।

# नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** तिवारीपुर पुलिस ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर रेप करने के मामले में सैफ अली हाशमी पुत्र वजीर अहमद हाशमी निवासी जफर कालोनी बहरामपुर तिवारीपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजा दिया। जानकारी के अनुसार तिवारीपुर इलाके के जफर कालोनी निवासी सैफ अली कुछ माह पहले युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। इस मामले में तिवारीपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 323/2023 धारा 376, 384,328, 323, 506 के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पुलिस गिरप्तार कर जेल भेजवा दिया।

# अपहरणकर्ता गिरफ्तार, नाबालिग मुक्त

**बांसगांव (एसएनबी)।** बांसगांव पुलिस ने अपहरण के एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग को मुक्त कराने में सफलता हासिल की है। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम देवेन्द्र कुमार राय पुत्र रामकेश्वर राय निवासी सुमेरी छपर थाना भोरे जनपद गोपालगंज बिहार बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 363, 366, 376 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। पुलिस ने बरामद नाबालिग को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अभिरक्षा में लिया है। गुडवर्क टीम में चौकी प्रभारी हरनहीं एसआई राम सिंह, आरक्षी राजेश पाठक व महिला आरक्षी वन्दना यादव, थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर शामिल रहीं।

## झंगहा के युवक का शव गोर्रा नदी से बरामद

**गोरखपुर।** झंगहा थाना क्षेत्र के बरही निवासी 45 वर्षीय दीपक मोदनवाल का शव बृहस्पतिवार को झंगहा व देवरिया जिले के एकौना थाना क्षेत्र के सीमा पर पिड़रा घाट के पास गोर्रा नदी में उतराता मिला। सीमा क्षेत्र झंगहा होने के नाते स्थानीय पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। दीपक मोदनवाल गोरखपुर रेलवे जं. के सीएमई गेट के पास मिठाई की दुकान चलाते थे। 12 सितम्बर की शाम 6 बजे वह अपनी बाइक से बरही गांव जाने के लिए निकले थे। अगले दिन उनकी बाइक हेल्मेट व चाबी बोहावार पुल पर लावारिस दशा में झंगहा पुलिस ने बरामद किया था। वह तीन बच्चों के पिता थे। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका।

## दो जालसाजों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गगहा पुलिस ने गैंग बनाकर जालसाजी के तहत लोगों के पैसों का गबन करने के दो आरोपितों के विरूद्ध यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने गैंग लीडर महेन्द्र पासवान पुत्र मेवा पासवान निवासी ग्राम पाण्डेयपार थाना गगहा जनपद गोरखपुर व गैंग के सदस्य कुन्दन चौधरी पुत्र प्रमोद चौधरी निवासी ग्राम पाण्डेयपार थाना गगहा जनपद गोरखपुर के विरूद्ध धारा 3(1) उत्तरप्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम- 1986 पंजीकृत किया गया।

# 87 गैंगस्टर की होगी निगरानी और 15 की संपत्ति की जाएगी जब्त

**जासं, गोरखपुर :** माफिया के बाद अब पुलिस गैंगस्टर एक्ट के बदमाशों की संपत्ति जब्त करेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने गैंगस्टर एक्ट के 87 बदमाशों की निगरानी बढ़ा दी है। इनमें 15 की निगरानी के लिए सीओ को नोडल अधिकारी बनाया है। निर्देश दिया है कि इनकी संपत्ति का ब्योरा एकत्र कर एक माह के अंदर जब्ती की कार्रवाई करें।

- **एसएसपी ने सीओ को बनाया नोडल अधिकारी, एक माह में ब्योरा एकत्र कर कार्रवाई का निर्देश**

गिरोह बनाकर लगातार अपराध करने वाले बदमाशों पर पुलिस गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कर रही है। वर्ष 2022 में एसएसपी ने गैंगस्टर एक्ट की 100 कार्रवाई करते हुए 556 बदमाशों को पाबंद किया था। वर्ष 2023 में जनवरी से अब तक गैंगस्टर एक्ट की 70 कार्रवाई चुकी है। करीब 15 फाइलों पर हस्ताक्षर होने बाकी हैं।

उम्मीद है कि इस वर्ष भी 100 का आंकड़ा पार होगा। एसएसपी ने बताया कि अब तक हुई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए गैंगस्टर एक्ट के 87 बदमाशों को चिह्नित किया गया है। पहले चरण में गैंगस्टर एक्ट के 15 बड़े बदमाशों पर 14 ए की कार्रवाई की जानी है। इनकी निगरानी और संपत्ति को जब्त करने के लिए सीओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# सवा किलो अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**चिलुआताल (एसएनबी)।** चिलुआताल पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सवा किलो अवैध गांजा बरामद किए जाने का दावा किया है। आरोपित ने अपना नाम पुलिस को मनोज साहनी उर्फ टमाटर पुत्र स्व. विदेशी निवासी केवटहिया शास्त्री नगर नकहा नंबर एक के रूप में हुई। अभियुक्त को एसआई हरिशंकर यादव, आरक्षी धीरेन्द्र यादव व उपेन्द्र गौड़ ने शास्त्रीनगर चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा। थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि मनोज साहनी शातिर अपराधी है। लूट आदि के कई मामले में जेल जा चुका है। आर्थिक लाभ के लिए गांजा का कारोबार भी करना शुरू कर दिया था। पुलिस आरोपित को एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्ट में रिमांड के लिए पेश की।

# कुसम्ही गोलीकांड में घायल पिंटू के हैंडवाश का नमूना लिया गया

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एम्स थाना इलाके के बुढ़िया माता मंदिर के पास मंगलवार की रात मार्केट से पत्नी के साथ आ रहे पिंटू पासवान पर चली गोली के मामले में पुलिस ने घायल के हैंडवाश का नमूना लिया है। पुलिस नमूने को फोरेंसिक भेजेगी। जिससे यह कन्फर्म होगा कि कही गोली खुद पिंटू ने तो नही चलाई है। जबकि यह भी माना जा रहा है कि घटना के बाद युवक फरार चल रहा है जिसके पकड़े जाने के बाद गोली मारने व खुद गोली चलाने की बात साफ हो सकती हैं। उधर बुधवार को एम्स थाने में तीन लोगों पर हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

**पुलिस घटना को मान रही है प्रायोजित, हिस्ट्रीशीटर पंकज की तलाश तेज**

**घायल पिंटू पर एक छेड़खानी का मुकदमा एम्स में है दर्ज, पुलिस नही कर पाई गिरफ्तार**

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात रजही निवासी पिंटू पासवान मार्केट कर पत्नी के साथ आ रहा था। तभी रास्ते में चार-पांच लोग मिल गए मारपीट कर गोली मार दिए, गोली पैर में लग गई। घायल को जिला अस्पताल भर्ती करवाया गया। बुधवार को पुलिस ने घायल की पत्नी दिव्या रानी के तहरीर पर ममता चौधरी, विकास मौर्य व विनोद मौर्य पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। अब पुलिस घटना के एक सूत्रधार की तलाश में जुटी है। पुलिस ने घायल पिंटू के हैंडवश का नमूना लिया है जिसे फोरेंसिक भेजा गया। आपको बता दें कि पिंटू पासवान पर करीब सात मुकदमें दर्ज हैं। हाल ही में अनिता देवी के तहरीर पर एम्स थाने में पिंटू और उसके साथियों पर छेड़खानी घर में घुसने आदि का मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई वहीं ममता चौधरी ने भी 4 अगस्त को एम्स पुलिस को 5 लाख रंगदारी मांगने का तहरीर दिया था। जिसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई।

बताया जाता है कि विनोद मौर्य ने पंकज पासवान व पिंटू पासवान के खिलाफ बेसिक शिक्षा विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख 70 हजार रुपये की ठगी का आरोप लगाकर एम्स पुलिस को 4 सितम्बर को तारीख दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस सम्बंध में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि घायल के हैंड वश का नमूना लिया गया है। फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# बीआरडी के सामने खड़ी कार में लगी आग

**चरगावां (एसएनबी)**। कैंट थाना क्षेत्र के सिविल लाइन निवासी राहुल चौधरी गोलघर एम पी बिल्डिंग में डा. चक्रपाणि पाण्डेय के क्लीनिक में असिसटेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बृहस्पतिवार की शाम 7 बजे मेडिकल कालेज के उत्तरी गेट के सामने गोल्ड हस्पिटल में भर्ती अपने दोस्त को देखने अपनी सफेद रंग की टाटा इंडिगो कार से आए थे।



जैसे ही गाड़ी खड़ा करके हास्पिटल के अंदर घुस रहे थे तब तक गाड़ी के इंजन से धुआं निकलने लगा तो राहगीरों के सूचना दी। कार के पास पहुंचकर बोनट उठाने पर अचानक से लपटें बाहर आने लगी। आस पास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। गाड़ी का इंजन व आगे का हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। इस दौरान रास्ते आने जाने वाले मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। कुछ लोग बालू और मिट्टी से आग बुझा रहे थे। सूचना पर चौकी की पुलिस पहुंची और भीड़ को हटवायी।

# घटतौली की शिकायत पर महिला को पीटा,केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)**। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा अयोध्या चक निवासनी धर्मावती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन लेने गई थी। महिला का आरोप है कि कोटेदार द्वारा मानक के अनुसार कम राशन तौलने की शिकायत किया। इस बात से नाराज होकर मौके पर मौजूद नीतीश चौधरी ने मुझे गाली-गलौज करते हुए,मारने-पीटने लगा। उसने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने घर से भगा दिया। मारपीट के दौरान मेरी बेटी रिंकू चौधरी तथा मुझे काफी चोटें आई है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504, 506 में केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# जालसाजों की गिरफ्तारी के बाद फरियादी खुलकर आ रहे है पुलिस के सामने

गोरखपुर (एसएनबी)। पहले अपराधियो के जेल जाने के बाद उसके अन्य शिकार फरियादी सामने नही आते थे। लेकिन पिछले कुछ महीनों से नया ट्रेंड चला है। जालसाजों व अन्य आरोपियों के जेल जाने के बाद खबर पढ़ व फोटो पहचान कर अन्य फरियादी थाने आंकर अपनी शिकायत दर्ज करा रहे है और बता रहे है कि उनके साथ भी इसी ने घटना को अंजाम दिया था। कुछ साल पहले जालसाजी का केस दर्ज करने के बाद जालसाजों को पता रहता था कि पुलिस गिरफ्तारी करेंगी और पुलिस गिरफ्तारी करने से बचती थी लेकिन अब जालसाजी का केस दर्ज करने बाद पुलिस जेल भेज रही हैं।

**जालसाज के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद गिरफ्तारी से बचती थी पुलिस**

याद दिला दें कि एक जुलाई को एम्स पुलिस ने बहरामपुर निवासी कमलेश यादव को जालसाजी के आरोप में जेल भेजा था। उसके जेल जाने के बाद एम्स में अब तक कुल 15 लोग सामने आए और कहा कि उनके साथ भी इसी ने जमीन के नाम पर जालसाजी की है। पुलिस ने सभी का मुकदमा दर्ज किया। उधर गुरुवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने सभी फरियादियो को बुलाया और बातचीत की। जाना कि कैसे कमलेश ने उनसे ठगी की। जिसमे कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।

वही दूसरी तरफ कैन्ट व एम्स इलाके में पिछले माह दो महिलाओं से आटो सवार कुछ लोगो ने मंगलसूत्र छीन लिया था। 4 सितंबर को करन डोम सहित अन्य आरोपी जेल गए। 5 दिन पहले डोंगीपार की पूनम कैन्ट थाने पहुंची ओर बताया कि उनके साथ भी आटो सवार चार युवकों ने 2 सितंबर को घटना की है। मंगलसूत्र व झुमका छीन लिया है। लिखा कि 4 तारीख को एक आरोपी करन जो जेल गया है वह उसके फोटो से पहचान ली है। करन उसके साथ जलसजी करने में शामिल था।

# हत्या और आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

## नेवी कैप्टन के भाई की मौत का मामला

गोरखपुर (एसएनबी)। बुधवार की रात खोराबार थाने के सूबा बाजार निवासी अवधनारायण सिंह के 29 वर्षीय राकेश सिंह उर्फ प्रिंस की दरवाजे पर कनपटी में गोली लगने से मौत हो गयी। बृहस्पतिवार को सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ग्रामीण विधायक विपिन सिंह और एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई मृतक के घर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। अबतक की जांच में हत्या -आत्महत्या के बीच युवक की मौत उलझा हुआ है। संदिग्ध परिस्थितियों में कनपटी में गोली लगने के बाद जिन युवकों पर पुलिस को हत्या का संदेह किया जा रहा था उन्हे पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद छोड़ दिया। घटना के दूसरे दिन शाम तक पुलिस थाने में तहरीर नहीं दी थी।

खोराबार पटाखा चौराहे पर स्थित अवध नारायण सिंह के आवास पर छोटा बेटा राकेश सिंह को संदिग्ध परिस्थितियों में कनपटी पर गोली लगने से घायल हो गया। घायल युवक को परिवार के सदस्य इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल के चिकित्सक ने मृतक के बहन और मां से घटना के बारे में पूछताछ किया तो कुछ भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं थे। उधर मृतक के पिता का कहना था कि तीन युवकों ने राकेश सिंह को पैसे की लेन देन को लेकर गोली मारकर हत्या कर दिया। हत्या की जानकारी मिलने पर पुलिस ने जिन युवकों का नाम व घटना से जुड़ी बात बतायी उन्हे हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो हत्या की बात सामने नहीं आयी है। वैसे जिस समय युवक के कनपटी पर गोली लगी है उस समय मृतक के पिता मौके पर मौजूद थे।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया उससे भी पूछताछ की गई लेकिन हत्या की बात फिलहाल अभी तक सामने नहीं आयी।



ग्राम मदरहा सूबा बाजार,खोराबार में घटना स्थल का निरीक्षण करते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर साथ में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व अन्य।

- मृतक के घर सदर सांसद, विधायक और एसएसपी ,सिटी सिटी पहुंचे
- कई संदिग्धों को पुलिस ने उठाया, पूछताछ के बाद छोड़ा
- पिता के मौजूदगी में युवक की कनपटी में लगी थी गोली
- देर शाम तक परिजनों ने नहीं दी थाने में तहरीर

कि आज सुबह घटना स्थल पर पहुंच कर परिजनों से पूछताछ की गई है। पूछताछ के दौरान मृतक के पिता ने बताया कि अभी तक पूछताछ में यह बात सामने आया है कि घटना से एक दिन पहले वह दोस्तों के साथ नेपाल गया था। नेपाल में रहने के बाद गोरखपुर लौटा। फोरलेन पर पहुंचने के बाद जिस युवक के बाइक पर वह बैठकर घर लौटा और राकेश को घर पर छोड़ा था पुलिस व फोरेसिंक टीम पूरे मामले की जांच कर रही हैं।

### घर के अंदर ही राकेश को लगी थी गोली

खोराबार (एसएनबी)। बीती रात खोराबार थाना क्षेत्र के पटाका चौराहे के निकट भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता अवधनारायण सिंह पिछले दो दशक से अपने परिवार के साथ रहते है । अगर पुलिसिया सूत्रों की बातों पर गौर करे तो घर में चली गोली? मौके से बरामद असलहा , दीवाल पर लगी गोली , दोस्तों का नेपाल जाना , मदन मोहन प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पास स्थिति कालिका होटल का फुटेज , दोस्तो का हत्या के समय का लोकेशन आदि बिंदुओं पर पुलिस लगभग होमवर्क पूरा कर ली है।चर्चा है कि मृतक युवक के परिजन युवक को सुधरने और दोस्तो का संगत बदलने के लिए दबाव बना रहे थे और इसी दौरान आवेश में आकर स्वयं घर में युवक ने गोली मार ली । फिलहाल वृहस्पतिवार अथवा शुक्रवार को पुलिस दोनों के बीच के कड़ी का खुलासा कर देगी । घटना को लेकर वृहस्पतिवार को दिन पर जिले के उच्चाधिकारियों का घटना स्थल पर आना -जाना लगा रहा और वे बारीकी जांच पड़ताल कर रही हैं।

### झंगहा के गौरीघाट पर हुआ अंतिम संस्कार

मृतक युवक का अंतिम संस्कार झंगहा थाना क्षेत्र के गौरी घाट पर हुआ । परिजन शव को खोराबार स्थिति आवास ले गए उसके बाद मूल गांव लक्ष्मीपुर शव लेकर पहुचे और गांव से कुछ दूरी पर स्थिति गौरी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

### सांसद और विधायक पहुचे पीड़ित के घर

भाजपा कार्यकर्ता अवधनारायण सिंह के घर दोपहर में सदर सांसद रवि किशन शुक्ला और ग्रामीण विधायक विपिन सिंह पहुचे और परिजनों को ढांढस और संतावना दिया साथ ही हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया साथ ही थाना प्रभारी को कठोर कार्यवाही करने का भी निर्देश दिया ।

# नामचीन गैंगस्टरों की संपत्ति पर फिर गरजेंगे बुलडोजर

- करीब बीस माह में 165 हार्ड कोर बदमाशों पर दर्ज हुआ गैंगस्टर का केस
- करीब दो दर्जन गैंगस्टरों की संपत्ति को एकत्रित करने के लिए सीओ बने नोडल

गोरखपुर (एसएनबी)। हार्डकोर बदमाशों के खिलाफ लगातार गैंगस्टर की कार्रवाई की जा रही हैं। पिछले साल 2022 से लेकर अबतक 165 बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई हैं। जरायम की दुनिया में रहते हुए अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले करीब दो दर्जन गैंगस्टरों की संपत्ति एकत्रित करने की जिम्मेदारी नोडल अधिकारी के तौर पर सीओ को दी गई है। गैंगस्टर के आरोपियों पर 14 (ए) के तहत उनकी संपत्ति पर बुलडोजर चलाने की कवायद तेज हो गयी हैं। इस कार्रवाई से बदमाशों का मनोबल टूटेगा साथ ही पुलिस का इकबाल भी बुलंद होगा।

गोरखपुर में एक बार फिर बुलडोजर की दहाड़ सुनने को मिल सकती है। माफिया को मिट्टी में मिलाने की तर्ज पर काम कर रही गोरखपुर पुलिस ने इधर लगातार गैंग बना कर क्राइम करने वाले बदमाशों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। साल 2022 से अब तक 165 गैंगस्टर के मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हुए हैं, जिसमे से 87 गैंगस्टर को पुलिस ने चिन्हित किया है। जिन पर 14 ए यानी जब्तीकरण की कार्रवाई होगी। साथ ही इनकी अवैध संपत्ति पर बुलडोजर भी चल सकता है।

### सीओ को बनाया नोडल

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि अब तक हुई कार्रवाई में से 87 गैंगस्टर को चिन्हित किया गया है। इसमे से पहले चरण में 15 बड़े गैंगस्टर पर 14 ए की कार्रवाई की जानी है, जिनके लिए सीओ को नोडल बनाया गया है। ये ऐसे बदमाश हैं जिन्होंने अपराध के पैसे से कई जगहों पर संपत्ति बनाई है। नोडल 15 गैंगस्टर की अवैध संपत्ति का सारा डिटेल एकत्रित कर रहे हैं। बहुत जल्द प्रशासन के साथ पुलिस टीम अवैध संपत्ति पर जब्तीकरण की कार्रवाई करेगी।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ तौर पर पुलिस विभाग को आदेश दिया है कि अपराध करने वालों पर पुलिस सख्ती से कार्रवाई करें। इसी क्रम में गोरखपुर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सभी थानेदारों को निर्देश दिया है कि जमीन कब्जा , भाड़े पर हत्या , लूट और चोरी जैसे संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों की कमर तोड़ने के लिए उनके गैंग को चिह्नित कर गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल के पीछे भेजा गया। वर्ष 2023 में करीब आठ माह में जिला पुलिस ने कई माफियों पर कड़ा एक्शन लिया और उन्हे गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। जेल जाने के बाद उनके गैंग के सदस्यों की सूची अप-टू-डेट कर गैंगचार्ट तैयार कराया है। अबतक जिन बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गयी है उनमे से जेल में बंद माफिया व हार्डकोर बदमाशों की संपति जब्तीकरण के लिए जिला प्रशासन की अनुमति से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त करने की तैयारी की जा रही हैं। यहीं नहीं बहुतेरों ने अपराध करने के दौरान सरकारी जमीन पर कब्जा करने के साथ ही दूसरी की जमीन हथिया लिया है। ऐसे में पुलिस ऐतिहासिक कार्रवाई करने के मूड में हैं।

**साल 2022 में पुलिस ने लगाया था शतक :** पुलिस ने साल 2022 में गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई का शतक लगाया था, पुलिस कार्यालय से मिली सूचना के अनुसार एक साल के अंदर 402 बदमाशों पर गैंगस्टर के 100 मुकदमे दर्ज किए गए थे,वहीं साल 2023 में अब तक 65 गैंगस्टर के मुकदमे दर्ज हुए हैं

**पांच और अपराधियों पर लगा गैंगस्टर :** गैंग बनाकर लूट का अपराध करने वाले तीन अपराधियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। वही गगहा पुलिस ने गैंग बनाकर जालसाजी कर गबन करने वाले दो अपराधियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल द्वारा गैंग लीडर मयंक कुमार त्रिपाठी पुत्र कमल किशोर त्रिपाठी निवासी आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर व गैंग के दो सदस्यों आदित्य शर्मा पुत्र अजय शर्मा निवासी जेल रोड व प्रदीप श्रीवास्तव पुत्र स्व बनारसी लाल श्रीवास्तव निवासी धानी बाजार थाना बृजमनगंज महाराजगंज हाल मुकाम सिटी माल के सामने थाना कैण्ट का गैंग चिन्हित किया है। जिनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। उक्त गैंग का लीडर मयंक कुमार त्रिपाठी स्वयं है जो स्वयं व अपने गिरोह के सदस्यों के साथ लूट का अपराध करता है। इन पर अंकुश लगाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट प्राप्त कर थाना रामगढ़ताल पर गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर गैंगस्टर एक्ट के तहत धारा 3(1) उप्र गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम -1986 के तहत पंजीकृत किया गया है।

थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह थाना गगहा द्वारा गैंग लीडर महेन्द्र पासवान पुत्र मेवा पासवान निवासी ग्राम पाण्डेयपार थाना गगहा व गैंग के सदस्य कुन्दन चौधरी पुत्र प्रमोद चौधरी निवासी ग्राम पाण्डेयपार थाना गगहा का गैंग भी चिन्हित किया गया है। उक्त गैंग का लीडर महेन्द्र पासवान स्वयं है जो स्वयं व अपने गिरोह के एक अन्य सदस्य के साथ संगठित गिरोह बनाकर जालसाजी कर गबन जैसे अपराध कारित करता है। गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए गैंग लीडर महेन्द्र पासवान व गिरोह के एक अन्य सदस्य के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा 3(1) उत्तरप्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 के तहत केस दर्ज किया गया हैं ।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर होगा अतिक्रमण मुक्त

## केंद्र सरकार ने एसएसबी को दिया निर्देश

नोमेंस लैंड पर भी भू-माफिया का कब्जा



विकास के साथ सुरक्षा होगी पुख्ता

- पुराने मकानों को हटाना राजस्व विभाग के लिए चुनौती
- गृह मंत्रालय की पहल पर सीमा क्षेत्र के पांच किमी. की परिधि से हटेगा अतिक्रमण
- एडीजी गोरखपुर बनाए गए नोडल अधिकारी

हॉस्पिटल्स में दलालों को रोकने दिखा एक्शन...

# जिला अस्पताल में पुलिस चौकी, बीआरडी में लगे बोर्ड

**IMPACT**

**एसआईसी ने अस्पताल में पुलिस चौकी बनाने के लिए सीओ से की बात**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (14 Sept):** अस्पतालों में मरीजों की खरीद-फरोख्त या फिर खून की दलाली करने वालों की खैर नहीं है. जिला अस्पताल प्रशासन सुरक्षा के मद्देनजर जिला अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी स्थापित कराएगा. एसआईसी ने डॉक्टर्स के साथ मिलकर अस्पताल परिसर में चौकी के लिए जगह चिन्हित करने को लेकर मंथन शुरू कर दिया है. वहीं, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में लाउडस्पीकर लगवाए गए हैं.

जानकारी के अनुसार बुधवार को एसआईसी और सीओ कोतवाली के साथ अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी बनाने पर चर्चा हुई. जिला अस्पताल परिसर में दलालों और आए-दिन शरारती तत्वों द्वारा डॉक्टर्स व अधिकारियों के साथ अभद्रता कर दी जाती है. जिला अस्पताल में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग के साथ बताया गया कि 24 घंटे जिला अस्पताल में पब्लिक का अच्छा-खासा मूवमेंट रहता है.

## 12 लाउड स्पीकर और बोर्ड

एसआईसी डॉ. राजेंद्र ठाकुर ने इंस्पेक्शन कर लाउड स्पीकर और चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने प्रमुख स्थानों पर 12 लाउड स्पीकर और बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा, परिसर में दलालों का प्रवेश वर्जित रहेगा.



**डीजे आईनेक्स्ट में प्रकाशित**






**"अस्पताल परिसर में दलालों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस चौकी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है. इस पर मंथन चल रहा है. जल्द ही पुलिस प्रशासन के सहयोग से पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी.**

**डॉ. राजेंद्र ठाकुर,** एसआईसी जिला अस्पताल

# 87 गैंगेस्टर की कुंडली तैयार, चलेगा बुलडोजर!

FILE PHOTO

**एसएसपी ने 15 बड़े गैंगेस्टर का ब्योरा एकत्रित करने के लिए सीओ को बनाया नोडल**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (14 Sept):** गोरखपुर में एक बार फिर बुलडोजर की दहाड़ सुनने को मिल सकती है. माफिया को मिट्टी में मिलाने की तर्ज पर काम कर रही गोरखपुर पुलिस ने इधर लगातार गैंग बनाकर क्राइम करने वाले बदमाशों पर गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज किया है. साल 2022 से अब तक 165 गैंगेस्टर के मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हुए हैं. जिसमे से 87 गैंगेस्टर को पुलिस ने चिन्हित किया है, जिनपर 14 ए यानी जब्तीकरण की कार्रवाई होगी. साथ ही इनकी अवैध संपत्ति पर बुलडोजर भी चल सकता है.

## सीओ को बनाया नोडल

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि अब तक हुई कार्रवाई में से 87 गैंगेस्टर को चिन्हित किया गया है. इसमे से पहले चरण में 15 बड़े गैंगेस्टर पर 14 ए की कार्रवाई की जानी है. जिनके लिए सीओ को नोडल बनाया गया है. ये ऐसे बदमाश हैं जिन्होंने अपराध के पैसे कई जगहों पर संपत्ति बनाई है. नोडल 15 गैंगेस्टर की अवैध संपत्ति का सारा डिटेल एकत्रित कर रहे हैं. बहुत जल्द प्रशासन के साथ पुलिस टीम अवैध संपत्ति पर जब्तीकरण की कार्रवाई करेगी.

## साल 2022 में पुलिस ने लगाया था शतक

पुलिस ने साल 2022 मे गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई का शतक लगाया था. पुलिस कार्यालय से मिली सूचना के अनुसार एक साल के अंदर 402 बदमाशो पर गैंगस्टर के 100 मुकदमे दर्ज किए गए थे. वही साल 2023 मे अब तक 65 गैंगस्टर के मुकदमे दर्ज हुए हैं.

**UPDATE**



## गोरखपुर में गैंगेस्टर एक्ट में हुई बड़ी कार्रवाई

- भू-माफिया ओमप्रकाश पाण्डेय की 6 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त
- नशे की कारोबारी पंडिताइन की 13.5 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त
- मेडिकल माफिया अभिषेक यादव की 103 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त
- भू-माफिया जवाहर यादव की 416 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त
- भू-माफिया भृगुनाथ सिंह की 8.5 करोड़ की संपत्ति जब्त
- माफिया सुधीर सिंह की 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त
- माफिया अजीत शाही की 14.73 करोड़ की संपत्ति जब्त
- राकेश यादव के 5 करोड़ संपत्ति पर बुलडोजर चला

**87** गैंगेस्टर को चिन्हित किया गया



"अपराधियों और अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. पब्लिक को डरा धमकाकर धन अर्जित करने वाले बदमाशों पर गैंगेस्टर लगाया जा रहा है. बहुत जल्द 15 गैंगेस्टर की अवैध संपत्ति पर 14 ए जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी.

**डॉ. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

| थाना | गैंगेस्टर की संख्या |
|---|---|
| 1. बड़हलगंज | 02 |
| 2. बेलीपार | 01 |
| 3. बेलघाट | 02 |
| 4. कैंट | 07 |
| 5. चौरीचौरा | 01 |
| 6. चिलुआताल | 02 |
| 7. गगहा | 04 |
| 8. गोला | 01 |
| 9. गोरखनाथ | 01 |
| 10. गुलरिहा | 06 |
| 11. हरपुर बुदहट | 01 |
| 12. झंगहा | 01 |
| 13. खजनी | 02 |
| 14. खोराबार | 01 |
| 15. पिपराइच | 05 |
| 16. राजघाट | 01 |
| 17. सहजनवा | 01 |
| 18. शाहपुर | 02 |
| 19. सिकरीगंज | 02 |
| 20. उरुवा बाजार | 02 |
| 21. रामगढ़ताल | 04 |
| 22. गीडा | 01 |

# पार्टी के बहाने घर बुलाकर छात्रा से रेप, अरेस्ट

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़ित से मांग रहा था रुपए

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (14 Sept): जन्मतिथि की पार्टी के बहाने छात्रा को घर बुलाकर युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया. वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर छात्रा को ब्लैकमेल करने के साथ ही उससे रुपये मांग रहा था. लोकलाज के भय से पीड़ित ने मां के गहने दे दिए. आरोपित की मांग बढ़ने पर तिवारीपुर थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया. गुरुवार की सुबह तिवारीपुर थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया.

तिवारीपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बुधवार को थाने पहुंच तहरीर दी.




उसने बताया कि साथ में बीकाम की पढ़ाई करने वाले बहरामपुर, जफर कालोनी के सैफ अली हासमी से उसकी जान पहचान थी. उससे फोन पर बातचीत होती थी. कुछ दिन पहले सैफ ने घर पर जन्मतिथि की पार्टी होने की बात कह उसे बुलाया. वह पहुंची तो सैफ के अलावा कोई नहीं था. नशीला पदार्थ पिलाकर उसने दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया. बाद में वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर रुपये मांगने के साथ ही अपनी बात मानने का दबाव बना रहा है.

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, अब मुकरा

GORAKHPUR (14 Sept): शादी का झांसा देकर युवक ने दुष्कर्म किया. युवती के दबाव बनाने पर मुकर गया. आरोप है कि घटना से आहत युवती ने दो पहले जहरीला पदार्थ खा लिया. स्वजन ने निजी अस्पताल में उपचार कराया. गुरुवार को युवती की मां ने आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी. महिला ने तहरीर देकर बताया है कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है. गांव के एक दबंग ने उनकी बेटी को शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया. एक सप्ताह पहले जानकारी होने पर वह आरोपित युवक के घर गई. स्वजन को घटना के बारे में बताया तो उन्होंने गाली देकर भगा दिया. आरोपित युवक से शादी करने के लिए कहा तो जान से मारने की धमकी देने लगा. महिला ने बताया कि आरोपित युवक के भाई भटहट पुलिस चौकी पर हुए हमले की घटना में भी शामिल था. चौकी प्रभारी भटहट विनय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है. जांच कर कार्रवाई की जाएगी.

## बर्थडे पार्टी में युवती से छेड़खानी

GORAKHPUR (14 Sept): तरकुलहा मेले में जन्मतिथि की पार्टी में शामिल होने आयी युवती से दो युवकों ने छेड़खानी शुरू कर दी. विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की. मुकदमा दर्ज कर चौरी चौरा थाना पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है. कैंट क्षेत्र की रहने वाली युवती मंगलवार को तरकुलहा मेले में जन्मतिथि की पार्टी में आयी थी. इस दौरान अजय कुमार व विकास नाम के युवक मोबाइल नंबर मांगने लगे. मना करने पर उन्होंने छेड़खानी व मारपीट की.

# खून के धंधे में शामिल बीआरडी के दो कर्मी दबोचे

गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद। बीआरडी मेडिकल कालेज में सक्रिय खूनचुसवा गैंग में शामिल बीआरडी मेडिकल कालेज के दो कर्मचारियों सहित तीन को गुलरिहा पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बीआरडी में दोनों संविदाकर्मी वार्ड में साफ-सफाई एवं मरीजों के अटेंडेंट के रूप में कार्य करते थे। माफियाओं के संपर्क में रहकर मरीजों को खून की जरूरत पड़ने पर माफियाओं को फोन पर इसकी जानकारी देते थे।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में अवैध रूप से मजदूरों को पैसे का लालच देकर खून बेचने का काम चल रहा था। गुलरिहा थाने की मेडिकल कालेज चौकी के इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा और उनकी टीम ने इसका खुलासा किया। 27 अगस्त को गोरख चौहान निवासी कमता बुजुर्ग थाना पनियरा महराजगंज की शिकायत पर केस दर्ज करते हुए पुलिस ने सरगना समेत तीन को पूर्व में जेल भेजवाया था। सीडीआर की मदद से गुलरिहा पुलिस ने बीआरडी में सफाई कर्मी रजनीश यादव मूल निवासी बोडियास सुल्तान कोतवाली देवरिया वर्तमान में बीआरडी मेडिकल कॉलेज की स्वीपर कालोनी और सफाई कर्मी गुलरिहा थाना के मोगलहा निवासी रामआशीष के साथ शिवातुल्लाह उर्फ अब्दुल निवासी पव्वा खाली गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर लिया। बीआरडी में तैनात कर्मी वार्ड में साफ-सफाई के साथ मरीज के करीब रहते थे। किसी गंभीर मरीज को खून की जरूरत पड़ती तो वे हरकत में आ जाते तथा उन्होंने खून दिलाने का भरोसा देकर माफियाओं को इसकी सूचना देते फिर खून को लेकर सौदेबाजी होती। किसी को पता ना चले इसलिए अवैध रूप खून देने वालों का ब्लड बैंक के रजिस्टर में नाम पता दर्ज नहीं किया जाता था।



बीआरडी मेडिकल कालेज के दो कर्मचारियों सहित तीन को पुलिस ने दबोच लिया।

चौकी इंचार्ज विवेक मिश्र ने बताया कि दो कर्मचारियों के पकड़े जाने के बाद अब बीआरडी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में तैनात कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाएगी। इसके साथ ही आस-पास के प्राइवेट अस्पतालों में स्थित ब्लड बैंक की भी जांच होगी।

# मियां-बीबी की रोज लड़ाई फरियादियों की भीड़ बढ़ाई



**GORAKHPUR (14 Sept):** 'साहब मुझे मेरी पत्नी से बचाइए. एक तरफ वह तलाक लेने के लिए आवेदन कर चुकी है. दूसरी तरफ दहेज उत्पीड़न का आरोप भी लगा रही है. वह अपने प्रेमी के साथ रहकर रोज मेरे खिलाफ नई-नई साजिश रचती है'. पुलिस ऑफिस में पहुंचे राप्तीनगर के युवक ने अधिकारी के सामने इस तरह अपनी दर्द भरी कहानी बयां की. जैसे ही अधिकारी के कमरे से वह निकला. बाहर कैंपस में उसकी पत्नी बच्चे को गोद में लेकर आ धमकी. उसने वहीं पर पति को खूब खरी-खोटी सुनाई. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पति-पत्नी के झगड़े से जुड़ी कंप्लेन सबसे अधिक आ रही हैं.

### पारिवारिक विवाद निपटा रही पुलिस

पुलिस ऑफिस, आईजी, एडीजी और महिला थाना पर सबसे अधिक पति-पत्नी के झगड़े से संबंधित मामले आ रहे हैं. पुलिस ऑफिस में डेली सबसे अधिक पति-पत्नी विवाद, दूसरे नंबर पर जमीन से जुड़े विवाद और तीसरे नंबर पर एफआईआर के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही जैसी कंप्लेन आ रही है.

### झगड़ रहे नए जोड़े

पुलिस की मानें तो नई-नई शादियों के बाद नए जोड़े में छोटी-छोटी बात पर झगड़े हो रहे हैं. इनका झगड़ा इतना अधिक बढ़ जा रहा है कि बात थाने तक पहुंच जा रही है. इसमें एफआईआर और कई केसेज में नौबत तलाक तक पहुंच जा रही है. महिला पुलिस का कहना है कि इन्हें काफी समझाने का प्रयास किया जाता है.



"इस समय सबसे अधिक पति पत्नी के विवाद से जुड़ी शिकायतें आ रही है. पहला प्रयास होता है कि दोनों लोगों को समझाकर एक साथ रहने के लिए राजी कर लिया जाए. जब समझाने पर भी नहीं बनती है तब कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाती है. इसके अलावा जमीन से जुड़े विवाद और अन्य मामले आते है.

डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

### रिश्तों में दरार की वजह

- बिजी लाइफ के कारण पति-पत्नी के बीच प्यार और विश्वास की कमी आई है.
- नशा, मोबाइल, सोशल मीडिया और पबजी.
- मानसिक तनाव, झूठ बोलना, चीट करने की आदत.
- आर्थिक तंगी.
- एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर.



**SHOCKING**

| पुलिस ऑफिस में आते हैं मामले | महिला थाने में आते हैं एक माह में मामले | विभिन्न थानों में डेली आते हैं मामले |
|---|---|---|
| 5-6 | 55-60 | 3-4 |

### कैंपियरगंजः टूटने की कगार पर डेढ़ साल की शादी

**CASE 01**

कैंपियरगंज के एक युवक और युवती की शादी अभी डेढ़ साल पहले हुई थी. अब दोनों के बीच आए दिन झगड़ा होता है. विवाद इतना बढ़ गया कि युवती ने पति के खिलाफ तहरीर भी थाने में दे डाली. इसके बाद अधिकारियों के पास पहुंची. दोनों को समझाने का प्रयास पुलिस ने किया, लेकिन युवती ने पति के साथ रहने से इनकार कर दिया. पत्नी का आरोप है कि पति का दूसरी महिला से संबंध है, वह मुझे पीटता रहता है. महिला की कंप्लेन पर पति पर एफआईआर दर्ज की गई है.

### गीडाः पति के साथ अलग क्वार्टर में रहना है

**CASE 02**

गीडा एरिया के पति-पत्नी का विवाद बुधवार को महिला थाने पहुंचा. थाने पर पति-पत्नी दोनों को बुलाया गया. पत्नी का आरोप है कि पति अपने दोस्त के घर पर मुझे रखा हुआ है. मैं वहां घर में ही कैद रहती हूं. मुझे पति के साथ रहना है, लेकिन अलग क्वार्टर लेना होगा. वहीं पति का कहना है कि पत्नी की वजह से उसने घर छोड़कर अलग दोस्त के घर रहने लगा. इसके बाद भी पत्नी झगड़ा कर रही है.



डॉ. श्वेता जानसन, असिस्टेंट प्रोफेसर, सेंट एंड्रयूज कॉलेज

### ऐसे बचेगा परिवार

- पति पत्नी को हर बात आपस में शेयर करनी चाहिए.
- दोनों को समय-समय पर बाहर घूमने या आउटिंग पर जरूर जाना चाहिए.
- दोनों को एक दूसरे के प्रति अच्छे दोस्त की तरह व्यवहार करना चाहिए.
- जब दोनों एक साथ हों तब मोबाइल का यूज कम से कम करना चाहिए.
- सेक्सुअल लाइफ को रोमांचक बनाएं.
- अपनी बिजी लाइफ में से साथी को समय दें, ताकि लगे कि उसे आप नजरअंदाज नहीं कर रहे हैं.

# डीजे बजाने पर विवाद पुलिस से धक्का-मुक्की

अमर उजाला ब्यूरो

## बड़हलगंज इलाके में हुई घटना पुलिस ने शांत कराया

बड़हलगंज। श्रीकृष्ण की प्रतिमा विसर्जन के दौरान बृहस्पतिवार की शाम डीजे बजाने पर विवाद हो गया। पुलिस के हस्तक्षेप करने पर भीड़ ने पुलिस से धक्का-मुक्की की। सूचना पर मौके पर सीओ भी पहुंचे। बाद में भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंचने के बाद स्थिति संभली।

जानकारी के मुताबिक, कस्बे के लेटाघाट पर सोनकर समुदाय की ओर से एक लाख बीस हजार रुपये के किराए पर डेढ़ सौ से ज्यादा हाईस्पीड इलेक्ट्रॉनिक डीजे स्पीकर लाया गया था। कस्बे के कुछ लोगों ने तबीयत खराब होने की दुहाई देते हुए डीजे के आवाज को कम करने के लिए कहा। इसी बात पर दोनों पक्ष में विवाद होने लगा। पुलिस जब डीजे का आवाज करवाने पहुंची तो डीजे बजवाने वाले लोगों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई।

पुलिस ने जब समझाने का प्रयास किया तो भीड़ पुलिस के साथ अभद्रता पर उतर आई। इस बीच प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर पहुंचे और भीड़ को तितर-बितर किया।

# दो आरोपी हिरासत में, हत्या का केस दर्ज

## रुपये के लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद, कुदाल से किया था वार

पाली (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के सहबाजगंज निवासी योगेंद्र त्रिपाठी की हत्या के आरोप में पुलिस ने दो लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई पुत्र अभिषेक की तहरीर पर विधु महेश त्रिपाठी और सूरज के खिलाफ की गई है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है।

सहबाजगंज निवासी 60 वर्षीय योगेंद्र कुमार त्रिपाठी कंस्ट्रक्शन का काम करते थे। घर के बगल में हार्डवेयर की दुकान से सामान की खरीदारी करते थे। बुधवार की शाम दुकानदार महेश का कर्मी योगेंद्र के घर पहुंच गया और रुपये देने का दबाव बनाने लगा। महेश से बात करने के बाद योगेंद्र पुत्र अभिषेक के साथ दुकान पर गए। विवाद बढ़ने पर कुदाल से अभिषेक पर प्रहार किया गया। बेटे को पीटते देख योगेंद्र बचाने के लिए आगे बढ़ा तभी उस पर भी कुदाल से हमला कर दिया गया था। ब्यूरो

# भूमि दिलाने के नाम पर 40 लाख गबन का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)** । भूमि दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 40 लाख रुपए गबन करने और मांगने पर जानमाल की धमकी देने वाले एक आरोपित को झंगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित को कोर्ट में पेश की।

पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम जय कुमार उर्फ नेहरूलाल यादव पुत्र स्व. रामचन्द्र यादव निवासी ग्राम राघोपट्टी पड़री तिवारी टोला थाना झंगहा जनपद गोरखपुर बताया। गगहा थानेदार ने इस संबंध में बताया कि अभियुक्त द्वारा वादी मुकदमा से जमीन का बैनामा करने के नाम पर लगभग 40,00000 रुपये (चालीस लाख रूपये) ले लिया गया लेकिनजमीन रजिस्ट्री नहीं किया गया। जब वादी मुकदमा अपने पैसे मांगने लगे तो अभियुक्त द्वारा उन्हे गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया जिसपर वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गुडवर्क टीम में एसआई शुभम श्रीवास्तव, आरक्षी अरविन्द सिंह, आरक्षी राजाराम वर्मा थाना झंगहा जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

# किशोरी से शादी करने मंदिर पहुंचे युवक की पिटाई, वीडियो प्रसारित

जासं, भटहट : गुलरिहा क्षेत्र के बांस स्थान स्थित बामंत माता मंदिर में शादी करने पहुंचे युवक को किशोरी के स्वजन ने पकड़ लिया। इसके बाद पिटाई की और हाथ-पैर बांध दिया। पुलिस ने पहुंचकर उसे मुक्त कराया। किसी ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक वीडियोग्राफी का काम करता है। किसी मांगलिक में वीडियोग्राफी के दौरान ही किशोरी से उसकी नजदीकी बढ़ गई। किशोरी के स्वजन ने युवक को समझाया, लेकिन वह आदत से बाज नहीं आ रहा था। गुरुवार की दोपहर वह किशोरी को लेकर बामंत माता मंदिर में शादी करने पहुंच गया।

# पार्टी के बहाने घर बुलाकर छात्रा से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

- वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर पीड़ित से मांग रहा था रुपये
- तिवारीपुर थाना क्षेत्र की है घटना, पुलिस ने आरोपित को भेजा जेल

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जन्मतिथि की पार्टी के बहाने छात्रा को घर बुलाकर युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर छात्रा को ब्लैकमेल करने के साथ ही उससे रुपये मांग रहा था। लोकलाज के भय से पीड़ित ने मां के गहने दे दिए। आरोपित की मांग बढ़ने पर तिवारीपुर थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया। गुरुवार की सुबह तिवारीपुर थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

तिवारीपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बुधवार को थाने पहुंच तहरीर दी। उसने बताया कि साथ में बीकाम की पढ़ाई करने वाले बहरामपुर, जफर कालोनी के सैफ अली हासमी से उसकी जान पहचान थी। उससे फोन पर बातचीत होती थी। कुछ दिन पहले सैफ ने घर पर जन्मतिथि की पार्टी होने की बात कह उसे बुलाया। वह पहुंची तो सैफ के अलावा कोई नहीं था। नशीला पदार्थ पिलाकर उसने दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर रुपये मांगने के साथ ही अपनी बात मानने का दबाव बना रहा है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, अब मुकरा

जासं., भटहट : शादी का झांसा देकर युवक ने दुष्कर्म किया। युवती के दबाव बनाने पर मुकर गया। आरोप है कि घटना से आहत युवती ने दो पहले जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन ने निजी अस्पताल में उपचार कराया। गुरुवार को युवती की मां ने आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी। महिला ने तहरीर देकर बताया है कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। गांव के एक दबंग ने उनकी बेटी को शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। एक सप्ताह पहले जानकारी होने पर वह आरोपित युवक के घर गई। स्वजन को घटना के बारे में बताया तो उन्होंने गाली देकर भगा दिया। आरोपित युवक से शादी करने के लिए कहा तो जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला ने बताया कि आरोपित युवक के भाई भटहट पुलिस चौकी पर हुए हमले की घटना में भी शामिल था। चौकी प्रभारी भटहट विनय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जन्मतिथि की पार्टी में युवती से छेड़खानी

जासं, मुंडेरा बाजार : तरकुलहा मेले में जन्मतिथि की पार्टी में शामिल होने आयी युवती से दो युवकों ने छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। मुकदमा दर्ज कर चौरी चौरा थाना पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। कैंट क्षेत्र की रहने वाली युवती मंगलवार को तरकुलहा मेले में जन्मतिथि की पार्टी में आयी थी। इस दौरान अजय कुमार व विकास नाम के युवक मोबाइल नंबर मांगने लगे। मना करने पर उन्होंने छेड़खानी व मारपीट की।

# पांच पर गैंगस्टर एक्ट का केस

जासं., गोरखपुर : जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के निर्देश पर पुलिस ने तीन लुटेरों व दो जालसाजों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

रामगढ़ताल थाना प्रभारी संजय सिंह ने शाहपुर, आवास-विकास कालोनी में रहने वाले लुटेरे मयंक त्रिपाठी उसके गिरोह के सदस्य जेल रोड पर रहने वाले आदित्य शर्मा व महराजगंज, बृजमनगंज, के धानी बाजार निवासी प्रदीप श्रीवास्तव पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है।

गगहा थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने जालसाजी करने वाले गिरोह के सरगना पांडेयपार के रहने वाले महेंद्र पासवान व उसके सहयोगी कुंदन चौधरी पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

# दो लाख की बकायेदारी में गई योगेंद्र की जान, दो हिरासत में

- सहजनवां के सहवाजगंज में हुई थी घटना, बेटे ने दी तहरीर
- हत्या का केस दर्ज कर आरोपितों से पुलिस कर रही पूछताछ

जासं, सहजनवां : नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज के रहने वाले योगेन्द्र त्रिपाठी की हत्या दो लाख रुपये के बकायेदारी में हुई। गुरुवार को योगेन्द्र के घायल पुत्र अभिषेक त्रिपाठी की तहरीर पर पुलिस ने विधु महेश त्रिपाठी और सूरज के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

सहबाजगंज के योगेन्द्र गीडा में कंस्ट्रक्शन का काम करते थे। घर के बगल में स्थित हार्डवेयर दुकान से वह सामान खरीदते थे। बुधवार शाम दुकानदार महेश का कर्मचारी योगेन्द्र के घर पहुंचा और रुपये देने का दबाव बनाने लगा। दुकानदार से बात करने के लिए योगेन्द्र पुत्र अभिषेक के साथ दुकान पर पहुंचे। बातचीत के दौरान विवाद हो गया और दुकानदार ने कुदाल से पहले अभिषेक पर हमला कर दिया। बेटे को पिटता देख योगेन्द्र बचाव के लिए आगे बढ़े तभी आरोपित ने उन पर भी हमला कर दिया। अस्पताल जाते समय योगेन्द्र की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा कि आरोपित दुकानदार तत्काल पूरे रुपये मांग रहा था और योगेन्द्र फैक्ट्री से भुगतान होने पर देने की बात कर रहे थे। सीओ कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह ने बताया कि दोनों आरोपित हिरासत में हैं।

## यह और अन्य खबरें देखें

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# टेंडर निरस्त होने पर अध्यक्ष व सभासद पक्ष में हाथापाई

जासं, पिपराइच : टेंडर निरस्त होने पर गुरुवार की शाम पिपराइच नगर पंचायत अध्यक्ष संजय मद्धेशिया और सभासदों के दो गुटों में कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। मामला बढ़ता देख कर्मचारियों की सूचना पर पहुंची पिपराइच पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। विवाद पर कार्रवाई करने की हिदायत देते हुए पुलिस लौट गई।

नगर पंचायत पिपराइच में अध्यक्ष गुट और विपक्षी सभासद गुट लगातार एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर विवाद कर रहे हैं। इसी बीच एक सप्ताह पहले कुछ सभासदों ने जिलाधिकारी से मिलकर टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत की। इसे लेकर बुधवार को ईओ ने टेंडर निरस्त कर दिया। इससे एक गुट नाराज चल रहा था। इसी बीच गुरुवार की शाम पांच बजे सभासद संदीप गुप्ता व सद्दाम नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और दो दिन पहले एमआरएफ सेंटर में हुई दावत को लेकर टिप्पणी कर दिए। इस पर पंचायत अध्यक्ष ने विरोध किया। इस पर सभासदों ने भी दोबारा टिप्पणी कर दी। इससे नाराज होकर कुछ लोग सभासदों को दौड़ा लिए।



# डीजे म्यूजिक बजाने को लेकर बवाल, पुलिस से धक्का-मुक्की

- प्रतिमा विसर्जन में बजाते हुए ले जा रहे थे 150 से अधिक हाइस्पीड स्पीकर
- कस्बे के लोगों ने आवाज कम करने के लिए कहा पर नहीं माने म्यूजिक बजा रहे युवक

जासं, बड़हलगंज : कस्बे में श्रीकृष्ण प्रतिमा विसर्जन के दौरान शुक्रवार को डीजे म्यूजिक बजाने को लेकर विवाद हो गया। हस्तक्षेप करने पर डीजे म्यूजिक बजा रहे लोगों ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। इससे कस्बे में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर सीओ समेत अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद मामला शांत हुआ।

बड़हलगंज कस्बे में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सोनकर समुदाय के लोगों ने प्रतिमा रखी गई थी। शुक्रवार को विसर्जन का कार्यक्रम था। समुदाय ने 1.20 लाख रुपये किराये देकर डीजे म्यूजिक बुक किया था। इसमें 150 से जयादा स्पीकर लगे थे। इसके बजने पर आसपास के घरों में कंपन के साथ कुछ अस्वस्थ लोगों को दिक्कत होने लगी। इस पर कस्बे के लोग पहुंचे और आवाज कम करने का निवेदन किए। बताया कि उनके घर में बुजुर्ग हैं डीजे बजने पर वह परेशान हो रहे हैं। नहीं मानने पर कस्बे के लोगों ने पुलिस के पास पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। पुलिस जब आवाज कम कराने के लिए पहुंची तो लोग व पुलिस के बीच झड़प हो गई। बात बढ़ता देख अन्य पुलिसकर्मी भी पहुंच गए और समझाने का प्रयास किया तो विवाद बढ़ गया। पुलिस और प्रतिमा विसर्जन करने वालों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। सीओ और थानों की पुलिस ने पहुंचकर भीड़ को तितर-बितर किया। कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि मामला शांत कराया गया है। डीजे बजाने वाले को चेतावनी दी गई है। डीजे म्यूजिक को सीज कर दिया जाएगा। मौके पर पुलिसकर्मी तैनात हैं।

# 40 लाख की जालसाजी करने का आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

## तय रकम से ज्यादा बताई कीमत नकदी लेकर आरोपी हो गए थे फरार

झंगहा (गोरखपुर)। पुलिस ने जमीन के नाम पर 40 लाख रुपये लेकर हड़पने व जालसाजी करने के आरोपी को बृहस्पतिवार की दोपहर में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपी पर झंगहा थाने में रुपये हड़पने, जालसाजी, धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज था। उसकी पहचान झंगहा क्षेत्र के राघोपट्टी पड़री तिवारी टोला निवासी जय कुमार उर्फ नेहरू लाल यादव के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, राघोपट्टी पड़री हंसा टोला निवासी प्रसिद्ध नारायण त्रिपाठी का आरोप है कि जय कुमार उर्फ नेहरू लाल यादव, पत्नी मीनू यादव और मध्यस्थता कर रहे गांव के ही शंभू यादव ने उसके घर आकर अपनी जमीन बेचने की बात बताई। जमीन की कीमत 33 लाख 75 हजार रुपये में तय हुई। पूरी रकम देने के बाद तीन फरवरी 2023 को रजिस्ट्री ऑफिस चौरीचौरा में क्रय-विक्रय की तारीख तय हुई।

प्रसिद्ध नारायण का आरोप है कि जय कुमार ने जमीन की कीमत 46 लाख रुपये बताकर रजिस्ट्री करने से मना कर दिया। उसकी बात मानते हुए उन्होंन सात लाख रुपये लेकर तीन फरवरी 2023 को रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे। रजिस्ट्री ऑफिस से छह लाख 25 हजार रुपये नकद लेकर वह लोग फरार हो गए। उन्होंने जब रुपये मांगने लगे तो गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

## करंट से महिला की मौत

**महावीर छपरा।** बेलीपार क्षेत्र के सेवई गांव में पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से किरण (32) की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे सांसद रवि किशन व ग्रामीण विधायक विपिन सिंह ने मृतक के परिवार वालों को सांत्वना और सहायता राशि दी। जानकारी के मुताबिक, बेलीपार क्षेत्र के सेवई गांव निवासी किरण पत्नी महेश निषाद बुधवार की शाम करीब 7:00 बजे फर्राटा टेबल फैन का प्लग बिजली के बोर्ड में लगा रही थी। अचानक पंखे में करंट उतर आया और उसकी चपेट में आ गई। ब्यूरो

## छत से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**खोराबार।** सोनवे अगहर निवासी 70 वर्षीय दयाराम की छत से गिरने से बुधवार की रात मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, दयाराम बुधवार रात खाना खाने के बाद छत पर सो रहे थे। रात में लघुशंका करने के दौरान वह छत से गिर गए। जब हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। घायल वृद्ध की स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ब्यूरो

# खून की दलाली में दो कर्मचारी समेत तीन गिरफ्तार

## बीआरडी मेडिकल कालेज का वार्ड ब्वाय रजनीश यादव व लैब अटेंडेंट रामआशीष मिलकर निकालते थे खून

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : खून की दलाली करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से दो बीआरडी मेडिकल कालेज में ब्लड बैंक के कर्मचारी हैं। देवरिया के ब्रोडियास सुल्तान का रजनीश यादव वार्ड ब्वाय और बिहार के गोपालगंज, पव्वा खाली का रामआशीष लैब अटेंडेंट है। इनकी निशानदेही पर गोपालगंज, पव्वा खाली का सिबातुल्लाह उर्फ अब्दुल भी गिरफ्तार हुआ है जो रोगियों के बीच रहकर खून की जरूरत के बारे में दलालों को सूचना देता था। न्यायालय में पेशी के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में मेडिकल कालेज का लैब अटेंडेंट राम आशीष व वार्ड ब्वाय रजनीश यादव और दलाल गिरोह का सदस्य अब्दुल • जागरण

मेडिकल चौकी प्रभारी ने इसी गिरोह के सदस्य मो. रफीउद्दीन को बुधवार को गिरफ्तार किया था। वह गोरखनाथ के चक्सा हुसैन का रहने वाला है। उसके मोबाइल फोन से दोनों कर्मचारियों का नंबर मिला, जिसके बाद गिरोह के तीन और सदस्यों की गिरफ्तारी हुई। खून की दलाली की शिकायत करने वाले मजदूर गोरख चौहान से पुलिस ने पहचान कराई तो उसने बताया रजनीश और रामअशीष ने ही उसका खून निकाला था। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने मेडिकल कालेज रोड के कुछ प्राइवेट अस्पतालों का भी नाम लिया है। इन अस्पतालों ने ब्लड बैंक बना रखा है और दलालों की मदद से वह मजदूरों का खून मनमाने दाम पर बेच रहे हैं।

**18 हजार में बिका था गोरख का खून:** महराजगंज पनियरा के कामता बुजुर्ग के श्रमिक गोरख चौहान ने ही 27 अगस्त को खून की दलाली की शिकायत की थी। उसने बताया था कि उसके पास रुपये नहीं थे। दलाल झांसा देकर उसे मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक ले गए और उसका खून निकाल लिया। उसका खून 18 हजार रुपये में पिपराइच के रुदलापुर के रोगी मोहन को बेचा गया था।

### शाम को शुरू होता है धंधा

दलालों ने बताया कि ब्लड बैंक में अनधिकृत रूप से खून निकालने का धंधा शाम छह बजे के आसपास शुरू होकर पूरी रात चलता है। गोरख चौहान का खून भी शाम छह बजे के बाद ही निकाला गया था। दलाल किसी को चंगुल में फंसाकर ब्लड बैंक तक पहुंचाते हैं। जहां पहले से तय सिस्टम के तहत मजदूरों व अन्य व्यक्तियों का खून निकाल कर जरूरतमंदों को बेचा जाता है।

**डिलीट हो गई अगस्त की सीसी कैमरे की रिकार्डिंग :** खून की दलाली मामले में 27 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया गया। 28 अगस्त को पुलिस जांच के लिए पहुंची तो सीसी कैमरे की रिकार्डिंग उपलब्ध थी। 29 व 30 अगस्त को भी मेडिकल कालेज प्रशासन ने बताया था कि वह छह माह की रिकार्डिंग उपलब्ध करा देगा। एक सितंबर से विवेचना शुरू होने के बाद पुलिस ने जब छह माह की रिकार्डिंग मांगी तो पता चला कि अगस्त की रिकार्डिंग गायब है। उसके पूर्व व पश्चात की रिकार्डिंग मौजूद है। सवाल उठता है कि यह कैसे हुआ? इसे कर्मचारियों ने डिलीट किया या दलालों ने? इस संबंध में प्राचार्य डा. गणेश कुमार से बात करने की कोशिश की गई। उन्होंने न तो फोन उठाया और न ही वाट्सएप मैसेज का जवाब दिया।

# अधिवक्ताओं ने पुतला फूंका जुलूस निकाल जताया विरोध

## हापुड़ की घटना : न्यायिक कार्य से विरत रहे, लाठीचार्ज करने वालों पर कार्रवाई की मांग



आंबेडकर चौराहे पर सरकार का पुतला जलाते अधिवक्ता। संवाद



आंबेडकर चौराहे पर पुतले के ऊपर से गुजरती एंबुलेंस। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। हापुड़ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करने व आरोपियों पर कार्रवाई न होने के विरोध में अधिवक्ता बृहस्पतिवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। उन्होंने जुलूस निकाल कर सरकार का पुतला शास्त्री चौक पर दहन किया।

बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के सभागार में बैठक प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी की उपस्थिति में हुई। अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय एवं संचालन मंत्री धीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया।

बैठक के उपरांत एसोसिएशन के अध्यक्ष व मंत्री के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का जुलूस कचहरी परिसर से निकलकर आंबेडकर चौक पहुंचा। हापुड़ कांड के विरोध एवं अपनी मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया।

इस दौरान जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार त्रिपाठी, मंत्री योगेंद्र कुमार मिश्र, भानु प्रताप पांडेय, अभिमन्यु पांडेय, रवि प्रकाश शुक्ला, अनुराग दुबे आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# युवती से दुष्कर्म, फिर धमकी देकर की वसूली

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। तिवारीपुर इलाके की एक युवती को जन्मदिन पार्टी में बुलाकर दुष्कर्म कर वीडियो बनाने और फिर धमकी देकर नकदी, गहने लेने के आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।

आरोप है कि जन्मदिन के दिन नशीला पदार्थ खिलाकर युवती को बेहोश कर वारदात को अंजाम दिया गया। पिछले कुछ महीनों से आरोपी फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। घर के लॉकर से गहने गायब होने पर मां ने जब पूछताछ की तो पूरा मामला सामने आया। आरोपी की पहचान जफर कॉलोनी बहरामपुर निवासी सैफ अली हासमी के रूप में हुई।



दुष्कर्म का आरोपी।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी सैफ अली युवती के साथ कॉलेज में पढ़ता था। करीब एक साल पहले उसने युवती को अपने घर जन्मदिन पार्टी में बुलाया था। उसके घरवाले कहीं गए थे। खाने के सामान में उसने नशीली गोलियां मिला दीं। युवती के बेहोश होने पर दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया। अश्लील फोटो भी खींच ली। फिर युवती को फोटो व वीडियो दिखाकर समय-समय पर संबंध बनाने के साथ ही नकदी और गहने भी लेता था।

डर की वजह से युवती उसकी हर बात मानती चली गई। धीरे-धीरे घर के कई गहने गायब हो गए। 12 सितंबर को युवती की मां ने लॉकर खोला। गहने गायब देख बेटी से पूछताछ की। इसके बाद सच्चाई सामने आ गई। पीड़ित युवती मां के साथ बुधवार को थाने गई थी। एसओ दीपक सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दियागया है।

**तिवारीपुर इलाके की घटना, आरोपी को पुलिस ने जेल भिजवाया**

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक पर शादी का झांसा देकर युवती संग दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस युवती की तहरीर के आधार पर जांच कर रही है। युवती का कहना है कि कुछ महीनों से आरोपी शारीरिक संबंध बना रहा था। शादी करने के लिए कहने पर जान से मारने की धमकी देता है। ब्यूरो

# गांजा के साथ पकड़ा गया मनोज टमाटर

चिलुआताल। पुलिस ने एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान केवटलिया निवासी मनोज साहनी उर्फ टमाटर के रूप में हुई। आरोपी के पास से पुलिस ने एक किलो 250 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# गोली कांड : पिंटू के हैंडवॉश का नमूना लिया गया

गोरखपुर। एम्स थाना इलाके के बुढ़िया माता मंदिर के पास मंगलवार की रात बाजार से खरीदारी कर पत्नी के साथ घर जा रहे पिंटू पासवान पर चली गोली के मामले में पुलिस ने घायल के हैंडवॉश का नमूना लिया है। पुलिस नमूने की फॉरेंसिक जांच कराएगी, ताकि यह पता चल सके कि कहीं गोली पिंटू ने खुद ही तो नहीं चलाई थी। उधर, बुधवार को एम्स थाने में तीन लोगों पर हत्या का प्रयास का केस दर्ज कर लिया गया। ब्यूरो

# घर में ही छिपा है हत्या का राज, घरवालों ने बदले बयान

## पहले कहा, घर के बाहर मारी गई थी गोली, अब बोले-कमरे में, पोस्टमार्टम में सटाकर गोली मारने की पुष्टि, खुदकुशी की भी आशंका

**मर्चेंट नेवी कर्मचारी हत्याकांड**

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। खोराबार इलाके के मदरहा में मर्चेंट नेवी कर्मचारी राकेश सिंह की हत्या की गुत्थी उलझ गई है। घर के बाहर गोली लगने के बाद राकेश के कमरे में आने की बात कहने वाले परिजनों ने अपना बयान बदल दिया है।

अब पिता का कहना है कि राकेश उनके साथ कमरे में सो रहा था। इसी दौरान वारदात हुई, लेकिन न तो उन्होंने किसी को घर में आते देखा और न ही जाते। मौके से पुलिस ने घटना में इस्तेमाल पिस्टल बरामद कर लिया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कनपटी पर ब्लैक स्पॉट होने की वजह से साफ हो गया है कि सटाकर गोली मारी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर पुलिस खुदकुशी की आशंका भी जता रही है। बताया जा रहा है कि 16 माह पहले राकेश के भाई अखिलेश ने भी अवसाद में आकर खुदकुशी कर ली थी।

### सांसद-विधायक ने परिजनों को सांत्वना दी

खोराबार। सदर सांसद रवि किशन शुक्ल, ग्रामीण विधायक विपिन सिंह व ब्लॉक प्रमुख शिव प्रसाद जायसवाल बृहस्पतिवार को खोराबार निवासी मृतक राकेश सिंह के घर पहुंचकर उनके परिवार को सांत्वना दी। विधायक व सांसद ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया और कहा कि दुखद घड़ी में आपके साथ हैं। ब्यूरो

*पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ब्लैक स्पॉट आया है, जिससे साफ हो गया है कि गोली सटाकर मारी गई है। पुलिस गहनता से एक-एक पहलु पर जांच कर रही है। परिजनों ने अब कमरे में गोली लगने की बात कही है। पुलिस जल्द घटना से पर्दा उठा देगी।*

**- कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

जानकारी के मुताबिक, होमगार्ड कमांडेंट के पद से सेवानिवृत्त अवध नारायण सिंह का बेटा राकेश सिंह लखनऊ में मर्चेंट नेवी में कर्मचारी था। वह सोमवार को घर से निकल गया था। पिता से एक लाख रुपये लेकर निकले राकेश ने कालिका होटल में खाना खाया और फिर दोस्तों के साथ नेपाल चला गया था। पुलिस के मुताबिक, वहां पर कैसीनो में भी गया था, फिर बुधवार की रात घर लौट आया। उसने एक परिचित से शराब मंगाई और छत पर ले जाकर सेवन किया। पुलिस ने छत से शराब की बोतल और एक गिलास बरामद किया है। इस वजह से पुलिस को इस बात का यकीन है कि वहां पर अकेले ही था। फिर वह पिता के पास आकर सो गया था। पिता की नींद तब खुली है, जब उन्होंने गोली चलने की आवाज सुनी।

पुलिस को पिता ने बताया था कि घर के बाहर गोली मारी गई है, लेकिन वहां खून के निशान नहीं थे। इसके बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई बृहस्पतिवार की सुबह खुद घटनास्थल की जांच करने पहुंचे।

पूछताछ में पिता ने अपना बयान बदल दिया और घर के अंदर कमरे में गोली मारने की बात कही। किसने गोली मारी के सवाल पर वह जानकारी न होने की बात कह रहे हैं। उधर, पुलिस ने जिन तीन दोस्तों के घटना में शामिल होने की जानकारी दी गई थी, उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सभी अपने घर पर सोते हुए मिले हैं, जो घटना में शामिल होने के बाद आमतौर पर संभव नहीं है।

# कैंटीन के नाम पर जालसाजी करने वाला पकड़ा गया

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने दीवानी कचहरी परिसर में कैंटीन दिलाने के नाम पर जालसाजी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बृहस्पतिवार को आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। उसकी पहचान गीडा के अमतौरा, बनौड़ा निवासी वैभव सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बशारतपुर निवासी सतीश कुमार ने दी तहरीर में लिखा है कि उनकी मुलाकात वैभव से हुई थी। उसने अपने दो साथियों गोविंद खरवार और मनोज कुमार से मिलवाया। सभी ने मिलकर बताया कि उनकी बहुत पहुंच है और कैंटीन दिलाने का झांसा दिया। फिर दो बार में 60 हजार रुपये वसूल लिए। ब्यूरो

# लिट्टी-चोखा वाला लाता था डोनर जरूरतमंद से मिलवाते थे कर्मचारी

## खून माफिया : पकड़े गए धंधेबाजों में मेडिकल कॉलेज के दो संविदाकर्मी भी शामिल

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। खून माफिया गिरोह में शामिल बीआरडी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत दो संविदा कर्मचारी समेत तीन लोगों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपियों में एक पहले लिट्टी-चोखा की दुकान चलाता था। वह दुकान पर आने वाले मजदूरों को खून देने के लिए रुपयों का लालच देता था तो अंदर के संविदा कर्मचारी खून के जरूरतमंदों को खून माफिया का नंबर देकर उनसे मिलवाने की व्यवस्था करते थे।

फिर गिरोह में शामिल सभी एक दूसरे से संपर्क करने के बाद ही डोनर को ब्लड बैंक में भेजकर खून निकलवाकर कर बेच देते थे। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान देवरिया जनपद के कोतवाली बोडियाल सुल्तान निवासी रजनीश यादव, गुलरिहा के गोगलहा निवासी रामआशीष और बिहार के गोपालगंज निवासी शिवातुल्लाह के रूप में हुई है। रजनीश यादव और राम आशीष संविदा कर्मचारी हैं, जबकि शिवातुल्लाह पास में ही लिट्टी-चोखा की दुकान चलाता है।

जानकारी के मुताबिक, बीआरडी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में अवैध रूप से मजदूरों को पैसा का लालच देकर खून बेचने का काम चल रहा है। गुलरिहा पुलिस ने 27 अगस्त को मजदूर गोरख चौहान निवासी कमता बुजुर्ग थाना पनियरा महराजगंज की शिकायत पर केस दर्ज करते हुए सरगना समेत तीन को जेल भिजवा दिया। पुलिस ने पूछताछ और मोबाइल नंबर की सीडीआर की मदद से जांच की तो दो कर्मचारियों और एक अन्य के नाम सामने आए। जांच के बाद पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के स्लीपर कॉलोनी में कमरा नंबर 100 में रहने वाले रजनीश यादव, राम आशीष और गिरोह में शामिल शिवातुल्लाह उर्फ अब्दुल को दबोच लिया।

पूछताछ में पता चला कि संविदा कर्मचारी बीआईएस संस्था के माध्यम से रखे गए थे। यह वार्ड ब्वॉय और मरीज अटेंडेंट का काम करते थे। इस वजह से किस मरीज को खून की जरूरत है, इसकी जानकारी इन्हें होती थी। मरीज से पहले ये लोग सीधे बात करते थे। बताते थे, कुछ रुपये में खून मिल सकता है। परेशान तीमारदार तत्काल तैयार हो जाता था। फिर खून माफिया वकील का नंबर दिया जाता था।

रुपयों की सेटिंग होने के बाद केशरदेव या फिर शिवातुल्लाह से डोनर के लिए संपर्क करते थे। केशरदेव डोनर को ब्लड बैंक में पहुंचाता था और खून को निकालकर बेच दिया जाता था। रकम में कमीशन शिवातुल्लाह और कर्मचारियों को दी जाती थी। चौकी इंचार्ज विवेक मिश्रा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में भी कई अहम जानकारियां मिली हैं, जिसके आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### तीन गिरफ्तार

संविदा कर्मी भर्ती जरूरतमंदों को देते थे माफिया का नंबर इनका भी तय था कमीशन



29 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### मोटी कमाई होने के बाद बंद कर दी लिट्टी चोखा की दुकान

बिहार के गोपालगंज इलाके के एक गांव से आया शिवातुल्लाह मेडिकल कॉलेज के गेट के पास लिट्टी-चोखा की दुकान चलाता था। करीब चार साल तक उसने दुकान चलाई, लेकिन इसी बीच खून माफिया के संपर्क में आ गया। पहले तो दुकान से ही मजदूरों की सेटिंग कराता था, लेकिन जब मजदूरों में उसकी पैठ ठीक हो गई और गिरोह का सक्रिय सदस्य हो गया तो एक साल पहले दुकान बंद कर दी। उसके मोबाइल फोन से पुलिस को कई मजदूरों के नंबर मिले हैं। इसके आधार पर पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है।



गुलरिहा थाने के लॉकअप में खून माफिया।

## सीसीटीवी का रिकॉर्ड कैसे हुआ डिलीट, कहीं कोई साजिश तो नहीं

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। खून माफिया के नेटवर्क की जड़ें इतनी गहरी हैं कि इसमें शामिल धंधेबाजों ने सबूत को मिटाने के लिए अगस्त में सीसीटीवी टीवी कैमरे के रिकॉर्ड को ही गायब करा दिया है। कैमरे की जांच करने पहुंची पुलिस को फुटेज ही नहीं मिल पाए हैं। अगस्त का कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं था।

पुलिस ने मोबाइल के सीडीआर की मदद से तीन और लोगों को तो दबोच लिया है, लेकिन असल गुनहगार, जो खून निकालते थे, वे कौन हैं, इसकी जांच थोड़ी धीमी जरूर पड़ गई है। अब इसके पीछे गहरी साजिश है या फिर महज एक संयोग है, इसकी परत खुलनी बाकी है। पुलिस अपने स्तर से इसकी भी जांच कर रही है।

पुलिस ने 27 अगस्त को खून माफिया गिरोह का पर्दाफाश किया था। तब सामने आया था कि इसमें मेडिकल कॉलेज कर्मचारी भी शामिल हैं, लेकिन कोई ऐसा है, जो उन्हें बचाना भी चाहता था। शायद तभी पुलिस जब शिकायत करने वाले मजदूर को लेकर ब्लड बैंक पहुंची तो जांच में उसे कुछ नहीं मिला।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सभी से पूछताछ में पुलिस को एक नई जानकारी भी मिली है। पुलिस को पता चला है कि सिर्फ मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में ही नहीं, प्राइवेट ब्लड बैंक से भी गिरोह के लोगों का संपर्क था और वे वहां पर भी मजदूरों को लेकर जाते थे। उनके खून को निकलवाते थे। इस वजह से पुलिस ने जांच का दायरे प्राइवेट ब्लड बैंक की ओर भी बढ़ा दी है।

पुलिस इस बात की जांच करेगी कि वह महज सामान्य डोनर बनकर गए मजदूर का खून निकालते थे या फिर वहां पर भी सेटिंग का खेल चल रहा है। इसकी जांच पुलिस ने तेज कर दी है। पुलिस मेडिकल कॉलेज के आसपास के सभी प्राइवेट ब्लड बैंक की जांच करने की तैयारी में है। पुलिस ने इस बड़े नेटवर्क को खोला है और जैसे-जैसे इसकी जांच आगे बढ़ रही है, रोजाना नए खुलासे हो रहे हैं।

### माफिया की प्राइवेट ब्लड बैंक में भी गहरी पैठ, पुलिस जांच की तैयारी में

पुलिस ने खून माफिया गिरोह में शामिल दो संविदा कर्मचारियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया है। पूछताछ में कई अहम जानकारियां पुलिस के हाथ लगी हैं। पुलिस पूछताछ व जांच के आधार पर कार्रवाई कर रही है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी, जो भी लोग इसमें शामिल हैं, सभी जेल जाएंगे।

– मनोज अवस्थी, एसपी नार्थ








# टेंडर विवाद : पिपराइच नगर पंचायत में हंगामा

**पिपराइच।** नगर पंचायत पिपराइच में बृहस्पतिवार की शाम हंगामा हो गया। विवाद की वजह निरस्त हुआ टेंडर बताया जा रहा है। हंगामा की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्ष को शांत कराया। दोनों पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। सभासद व्यास मुनि गुप्त, सद्दाम राईन, संदीप गुप्ता आदि ने बताया कि सभासद रमजान अली के साथ चेयरमैन संजय मद्धेशिया कहीं से आए। सभासदों की शिकायत पर निरस्त किए गए टेंडर को लेकर उल्टा-सीधा कहने लगे। इसी बात पर सभासद संदीप कुमार गुप्ता कुछ सभासदों के साथ चेयरमैन संजय मद्धेशिया से शिकायत करने उनके कार्यालय में पहुंचे। आरोप है कि वहां कुछ बाहरी लोग सभासद सद्दाम राईन से हाथापाई करने लगे। सूचना पर थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव के साथ आए पुलिस कर्मियों ने हंगामे को शांत कराया। ब्यूरो



# 87 गैंगस्टरों की सूची तैयार, अब बुलडोजर चलाने की तैयारी

गोरखपुर। गिरोह बनाकर अपराध करने वाले बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद अब उनकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई होनी है। इसके लिए पुलिस ने सक्रिय रूप से अपराध करने वाले 87 बदमाशों की सूची तैयार कर ली है। वहीं इसमें 15 बड़े बदमाशों के नाम भी शामिल किए गए हैं। कार्रवाई के लिए सीओ को नोडल अफसर बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जानकारी के मुताबिक, जिले में अपराध करने वालों की नकेल कसने के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को विशेष कार्रवाई अभियान चलाया। इसके तहत जालसाजी, लूट, हत्या, चोरी जैसे जघन्य अपराध करने वाले बदमाशों को गिरोहबंद करने की कार्रवाई की गई। पुलिस ने सभी की रिपोर्ट तैयार की और डीएम की संस्तुति के बाद कार्रवाई की। फिर जेल भेजा था। अब पुलिस अवैध कमाई से बनाए गए इमारत पर कार्रवाई की तैयारी में है। एसएसपी ने सभी अफसरों के साथ बैठक कर इसकी रुपरेखा तैयार कर ली है। एसएसपी के निर्देश पर 87 ऐसे लोगों की सूची तैयार की गई है, जिन्होंने अपराध से कमाए गई रकम से संपत्ति बनाई है। ब्यूरो

---

सक्रिय रूप से गिरोह बनाकर अपराध करने वालों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जा रही है। अब उनके अवैध कमाई से बनाई गई संपत्तियों पर कार्रवाई होनी है। सूची तैयार कर ली गई है। सीओ को नोडल अफसर बनाया गया है। - **डॉ. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

# जन्मदिन पार्टी में गई युवती को शोहदों ने छेड़ा विरोध करने पर पीटा

**चौरीचौरा (गोरखपुर)।** तरकुलहा मंदिर परिसर में बुधवार को जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गई युवती से छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी मोबाइल फोन नंबर मांग रहे थे। मना करने पर छेड़खानी की और पीट दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर अजय कुमार और विकास पर मारपीट और छेड़खानी का केस दर्ज कर लिया है।

**तरकुलहा देवी मंदिर परिसर में हुई घटना आरोपियों पर केस दर्ज**

जानकारी के मुताबिक, कैंट थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती के एक परिचित का जन्मदिन था। तरकुलहा मंदिर परिसर में खानपान का इंतजाम था। युवती भी इसमें शामिल होने गई थी। युवती का आरोप है कि अजय कुमार और विकास ने पहले बातचीत कर नाम पूछा। इसके बाद मोबाइल फोन नंबर मांगने लगे। युवती ने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। फिर दोनों पीछे लग गए।

आरोपियों ने दोबारा मोबाइल फोन नंबर मांगा तो युवती ने मना कर दिया। इससे नाराज शोहदों ने थप्पड़ जड़ दिया। आरोप है कि इस दौरान छेड़खानी भी की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। परिजनों और वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। फिर युवती परिजन के साथ थाने पहुंची और केस दर्ज कराया।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

# असलहे के शौकीन... अब लाइसेंस के लिए दूसरे जिलों में बन रहे किराएदार

## गोरखपुर में असलहा का लाइसेंस न बनने की वजह से दूसरे जिले में कर रहे आवेदन

शिवम सिंह

गोरखपुर। असलहे के शौकीनों ने अब लाइसेंस हासिल करने के लिए ठिकाना बदल दिया है। ये दूसरे जिलों में लाइसेंस पाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। कोई लखनऊ तो कोई पड़ोसी जिले संतकबीरनगर, देवरिया से आवेदन कर रहा है। इसके लिए एक साल से किराएदार भी बने हैं। अब इनकी फाइल गृह जनपद में जांच के लिए आई है तो ये पुलिस ऑफिस में जुगाड़ तलाश रहे हैं। दूसरे जिलों से आवेदन करने वालों में कई जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, फर्जी शस्त्र लाइसेंस प्रकरण आने के बाद से असलहे का लाइसेंस गोरखपुर में नहीं बन रहा है, जबकि आसपास के जिलों में रोक नहीं है। पिछले करीब चार साल में महज सात लाइसेंस ही जारी किए गए हैं। इनमें भी एक खिलाड़ी है, जिसे शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जाना था। वहीं दूसरा झंगहा थाना क्षेत्र में भाई लाल के इनकी द्वारा हत्या किए जाने पर पीड़ित परिवार को असलहे का लाइसेंस दिया गया था।

इन दोनों चर्चित मामलों के अलावा चार और लोग लाइसेंस बनवा पाए हैं। बताया जा रहा है कि ये लोग पुलिसकर्मी हैं। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि असलहे के लाइसेंस के लिए किसी भी जिले से आवेदन किया जा सकता है, लेकिन उसकी जांच निवास स्थान वाले जिले से ही की जाएगी। वहां से संस्तुति मिलने के बाद ही उसे लाइसेंस मिल सकता है। कुछ लोगों ने दूसरे जिले से आवेदन किया है। इसकी जांच जारी है।

> *कुछ आरोपियों पर हो चुकी है गैंगस्टर की कार्रवाई*
>
> *डीएम के निर्देश पर मार्च 2021 में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कैंट अनिल उपाध्याय ने विजय प्रताप सिंह, विकास तिवारी, तनवीर, शमशेर आलम, प्रणय प्रताप सिंह, समशाद, आजम लारी, शाहिद अली, अशफाक अहमद, विवेक मद्धेशिया, रवि प्रताप पांडेय, अजय प्रताप गिरी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कराया। लेकिन पूरा चार्जशीट न होने की वजह से सभी आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई नहीं हो पाई।*

**असलहा माफिया**




**केस 1**

सहजनवां क्षेत्र के निवासी जनप्रतिनिधि ने लखनऊ से लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। एक कॉलोनी में पिछले एक साल से किराए पर मकान भी लिए हैं, जिसके आधार पर उन्होंने आवेदन किया है। इन दिनों वह पुलिस ऑफिस में आकर अपनी फाइल को आगे बढ़ाने के लिए पैरवी कर रहे हैं।

**केस 2**

गोरखपुर में रहने वाले एक शख्स ने संतकबीरनगर में असलहे के लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। विभिन्न थाने से संस्तुति मिलने के बाद उनकी फाइल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है। जांच के दौरान कुछ शिकायतें मिलने के बाद उनकी फाइल को एक बार फिर गोरखनाथ थाने को जांच के लिए भेज दिया गया है।

## रुपये दो असलहे का लाइसेंस लो...अब नहीं चलेगा खेल

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। तकरीबन 200 लोगों को असलहे का फर्जी लाइसेंस देने वाले धंधेबाजों पर अब जल्द ही बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। डीएम दफ्तर के दो असलहा बाबू और एक कंप्यूटर ऑपरेटर की मदद से रवि गन हाउस से फर्जी शस्त्र लाइसेंस प्रकरण की जांच अब पूरी हो गई है।

डीएम ने निलंबित कर्मचारियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति दे दी है। पुलिस इस गिरोह के सरगना पूर्व असलहा बाबू रहे राम सिंह, अशोक गुप्ता और कंप्यूटर ऑपरेटर अजय गिरी पर गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। खबर है कि धंधेबाजों की अवैध कमाई से हासिल संपत्ति पर बुलडोजर भी चल सकता है।

जानकारी के मुताबिक, 4 अगस्त 2019 को फर्जी शस्त्र लाइसेंस का प्रकरण सामने आया था। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रहने वाले तनवीर अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जिले में फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। तत्कालीन असलहा बाबू राम सिंह ने इस मामले में केस दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में पता चला कि असलहा बाबू रहे राम सिंह, पूर्व असलहा बाबू अशोक गुप्ता, सेवानिवृत्त बाबू विजय प्रताप श्रीवास्तव, संविदाकर्मी अजय प्रताप गिरि भी गिरोह से जुड़े थे। नाम प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने इनके साथ ही मुख्य आरोपी रवि गन हाउस के संचालक रवि पांडेय समेत 15 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया।

विवेचना में आरोप की पुष्टि होने पर विजय प्रताप, विकास तिवारी, तनवीर, शमशेर आलम, प्रणय प्रताप, समशाद, विजय प्रताप श्रीवास्तव, आजम लारी, शाहिद अली, अशफाक अहमद, विवेक मद्धेशिया, रवि प्रताप पांडेय, राम सिंह, अशोक गुप्ता और अजय प्रताप गिरि को आरोपी बनाया। लेकिन कुछ सरकारी कर्मियों की संलिप्तता की वजह से कुछ लोगों के खिलाफ ही चार्जशीट दाखिल की गई। 30 जुलाई 2021 को तत्कालीन एसएसपी दिनेश कुमार पी ने दोबारा जांच के निर्देश दे दिए। इस प्रकरण के लिए उन्होंने एसआईटी भी गठित कर दी। तब से प्रकरण में पुलिस की जांच जारी थी, जो अब पूरी हो गई है।

डीएम के पास इसकी संस्तुति के लिए पुलिस ने पत्राचार किया था। अब आदेश मिल गया है और पुलिस चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। पुलिस की जांच में सामने आया था कि करीब 200 लोगों को फर्जी लाइसेंस जारी किए गए थे, लेकिन सभी की बरामदगी नहीं हो पाई थी।

**असलहा माफिया के खिलाफ सख्ती की तैयारी, लगेगा गैंगस्टर, घरों पर चलेगा बुलडोजर**


17 लोगों की भूमिका की जांच कर रही एसआईटी

2 अगस्त 2021 को प्रकाशित खबर।

**200**

फर्जी मामलों में अब डीएम ने धंधेबाजों पर दी चार्जशीट की अनुमति

**04**

अगस्त 2019 को डीएम दफ्तर के तीन कर्मचारियों की मदद से जारी किए गए थे फर्जी शस्त्र लाइसेंस



पुलिस को चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति डीएम से मिल गई है। जल्द ही पुलिस इस प्रकरण में चार्जशीट दाखिल करेगी और फिर सभी आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर अवैध कमाई से बनाई गई संपत्ति को जब्त किया जाएगा।

– कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी

### गन हाउस से चल रहा था फर्जीवाड़ा




फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनवाने का खेल टाउनहाल स्थित गन हाउस से चल रहा था। गिरोह के सदस्य कुछ असलहा डीलर व लाइसेंसधारियों से मोटी रकम वसूल कर फर्जी लाइसेंस बनवाते थे। गिरोह से जुड़े लोगों के घर पर पुलिस ने छापा मारा तो फर्जी लाइसेंस बनाने के सामान बरामद हुए। उनके घर पर लाइसेंस की किताब, मजिस्ट्रेट की मुहर, कई रंग के पेन और फाइलें रखी हुई थीं।

### शस्त्र कार्यालय : कभी पैर रखने की जगह नहीं थी, अब रहता है सन्नाटा

कलेक्ट्रेट स्थित जिस शस्त्र कार्यालय में चार साल पहले तक पूरे दिन पैर रखने की जगह नहीं मिलती थी, फर्जी शस्त्र लाइसेंस का मामला सामने आने के बाद से अब सन्नाटा पसरा रहता है। सिर्फ शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण और वरासत संबंधी मामलों को लेकर ही कुछ लोग वहां पहुंच रहे हैं।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2023

# किशोरी के गायब होने के मामले में अपहरण का केस

लार (एसएनबी)। पुलिस ने गायब किशोरी के मामले में अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है। कस्बा के एक वार्ड से 11 सितम्बर की सुबह से गायब हुई किशोरी के मामले में लार पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है। कस्बा के एक वार्ड निवासी व्यक्ति ने लार पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया है कि मेरी बेटी 11 सितम्बर की सुबह से अचानक कहीं गायब हो गई है। बेटी को घर से गायब होने की जानकारी होने पर रिश्तेदार, गांव, मोहल्लों व आसपास में खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने किशोरी के गायब होने के मामले में पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण की धारा 363 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# मारपीट के मामले में 5 लोगों का चालान

श्रीरामपुर (एसएनबी)। क्षेत्र के मिश्रौली गांव में कुछ लोगों में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष श्रीरामपुर अनिल कुमार ने बताया कि मारपीट की लिखित्त जानकारी मिली है जिसमें शांतिभंग के मामले में 5 लोगों को चालान कर दिया है मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

# भागलपुर सलेमपुर मार्ग को किया जाम

भागलपुर/मईल/लाररोड (एसएनबी)। मईल थाना क्षेत्र के ग्राम ईशारू निवासी शंकर पाण्डेय के मुख्य हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ईशारू गांव के ग्रामीणों व मृतक की पत्नी शिवांगी ने ईशारू गांव के सामने सड़क पर बैठकर भागलपुर सलेमपुर मार्ग को जाम करते हुए धरना प्रदर्शन किया। करीब दो घण्टे तक सड़क के दोनों तरफ वाहनों का काफिला जमा हो गया। क्षेत्राधिकारी के आश्वासन के बाद जाम समाप्त ...

जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव, एसएचओ गोरखनाथ सरोज भारी पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुंच ...

पुलिस छावनी में तब्दील हुआ ईशारू गांव

सीओ के आश्वासन के बाद धरना हुआ समाप्त



ग्रामीण व मृतक की पत्नी ने भागलपुर सलेमपुर मार्ग को किया जाम।

## अब दोस्त पर भी लोग कैसे करेंगे विश्वास

भागलपुर/लाररोड (एसएनबी)। ईशारू गांव निवासी शंकर पाण्डेय की हत्या में पुलिस अभी तक शव को बरामद करने में विफल है। शव की तलाश में पुलिस नदी की खाक छान रही है। घटना में शामिल मुख्य आरोपी छः दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसने हत्या की घटना को कबूल करते हुए हत्या काण्ड के रहस्य से पर्दा उठाया। जिसको लेकर परिजनों सहित लोगों में आक्रोश है। मृतक के बच्चों की परवरिश कैसे होगी इसको लेकर भी परेशान हैं। दोस्तों के गद्दारी के शिकार हुए शंकर पाण्डेय की हत्या के बाद उनकी पत्नी व बच्चों को रो रो कर बुरा हाल है। कुछ माह पूर्व शंकर पाण्डेय गोरखपुर के एक विद्यालय में गार्ड का कार्य करते थे। उसी से परिवार का खर्च चलता था। पत्नी शिवांगी पाण्डेय आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री है। मृतक की दो पुत्रियां व एक पुत्र है। पिता के निधन के बाद बच्चों के भविष्य पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ...

## डेढ़ घंटे बाद सीओ के आश्वासन पर धरना समाप्त

लाररोड/भागलपुर। सलेमपुर तहसील क्षेत्र के ईशारू गांव के शिवशंकर पाण्डेय हत्याकांड में मुख्यारोपित की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सलेमपुर भागलपुर मार्ग डेढ़ घण्टे जाम रखा। आवागमन बाधित रहा जिसकी के सूचना पर पहुंचे मईल थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारी उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंचे बरहज के सीओ अंशुमान श्रीवास्तव ने प्रदर्शनकारियों को समझाते हुए जाम समाप्त कराया। ...

# शराब की दुकान पर मुंशी ने पकड़ा नकली नोट

बरियारपुर। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के महुआनी चौराहा स्थित देशी शराब की दुकान पर गुरुवार की शाम को मुंशी ने 15 हजार रुपये के नकली नोट पकड़ा। जिसकी सूचना पर यूपी 112 नंबर की पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ कर सदर कोतवाली लेकर चली गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को कोतवाली लेकर चली गई। क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि महुआनी चौराहे से पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है।

हापुड़ की घटना को लेकर उबाल, रजिस्ट्री आफिस में ताला बंद कर तहसीलों के अधिवक्ताओं ने भी किया प्रदर्शन

# वकीलों ने किया प्रदर्शन, सीएम का पुतला फूंका

**आंदोलन**

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। जिले भर के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को न्यायिककार्य का बहिष्कार जारी रखते हुए प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। वहीं तहसीलों के अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री आफिस में तालाबंदी कर प्रदर्शन करने के साथ ही सीएम का पुतला दहन किया। अधिवक्ताओं के हड़ताल के चलते 13 वें दिन भी न्यायिक कार्य नहीं हुआ। इसका सबसे अधिक खामियाजा जेल में बंद कैदियों को भुगतना पड़ रहा है। जमानत न होने से जेल से बन्दियों की रिहाई नहीं हो रही है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हापुड़ में वकीलों पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज करने वालों पर कार्रवाई नहीं करने के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रह प्रदर्शन नारेबाजी किया। उन्होंने मुख्यमंत्री का पुतला फूंक अपना विरोध प्रकट किया। देवरिया हापुड़ के डीएम, एसपी को हटाने, लाठी चार्ज के दोषी पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने, प्रदेश भर के अधिवक्ताओं पर दर्ज झूठे मुकदमें को वापस लेने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने तथा हापुड़ में लाठी चार्ज से घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की मांग की। प्रदर्शन में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील मिश्र, सचिव अरुण कुमार, उमेश चन्द मिश्र, राणा प्रताप सिंह, ज्ञानेश्वर मिश्र प्रीतम, पूर्व अध्यक्ष श्रीराम तिवारी, विद्यासागर मिश्र, सिंहासन गिरि, सुभाषचंद्र राव, पूर्व सचिव मनोज मिश्र, मनोज राय, अनिल सिंह, संजय सिंह, राजेन्द्र जायसवाल, पुरुषोत्तम गोयल, सुरेन्द्र त्रिपाठी, पंकज पाठक, प्रेमचंद कुशवाहा, मनोज विश्वकर्मा, सतीश मिश्र, अरविंद तिवारी, अमरेंद्र द्विवेदी, प्रवीण तिवारी आदि शामिल रहे।

तहसीलों के अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री आफिस में तालाबंदी कर किया प्रदर्शन



गुरुवार को हड़ताल के 14 वें दिन दीवानी न्यायालय गेट पर मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

सदर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता व मंत्री अजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गुरुवार को अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री आफिस में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। इसमें "प्रमोद मणि, अजय दूबे, अखिलेश्वर मिश्र, अब्दुल हुसैन, विष्णु प्रकाश, गिरीश नारायन तिवारी, सत्य प्रकाश, विवेकानंद, अजय श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। भाटपाररानी संवाद अनुसार हापुड़कांड को लेकर तहसील बार के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे और सीएम का पुतला दहन किया। प्रदर्शन प्रदीप कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, धनंजय प्रताप, प्रमोद तिवारी, सुशील ओझा, उपेन्द्र मणि, देवनारायण तिवारी, चन्द्रेश्वर सिंह, सुशील मिश्रा, रामनगीना सिंह, ओमजी, ओमप्रकाश, सुनील कुमार पांडेय, मोहनचन्द्र आदि शामिल रहे। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में अधिवक्ता संघ बरहज द्वारा गुरुवार को तहसील परिसर में राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। बरहज संवाद अनुसार अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर सरकार के विरोध में प्रदर्शन नारेबाजी की। इसमें अध्यक्ष खुर्शीद आलम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र, महामंत्री तारकेश्वर तिवारी, नागेंद्र सिंह, श्रवण कुमार सिंह, रामायण तिवारी, त्रिपुरेश मिश्र, मुरारी भारती, चन्द्रभान चौरसिया, प्रमोद मिश्र आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर संवाद अनुसार अधिवक्ताओं ने गुरुवार को सड़क जाम कर मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रज बिहारी पाण्डेय के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद रुद्रपुर-देवरिया मार्ग को जाम कर दिया। एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी द्वारा मोबाइल बात करने सड़क जाम समाप्त हुआ। इसमें शशिभूषण मिश्र, उपाध्यक्ष विनोद कुमार पाठक, कालका कुमार, राजशरण सिंह, रमेश चन्द्र मणि, आनन्द प्रकाश मिश्र, प्रमोद कुमार सिंह, परशुराम मिश्र, परमहंस यादव, राजेश्वरी मिश्र, राजेश कुमार त्रिपाठी, युगलकिशोर सिंह, आनन्द सिंह, अशफाक अहमद, भूपेन्द्र चन्द्र शर्मा, राजेश मणि त्रिपाठी, सत्य प्रकाश सिंह, सुधांशु मौलि ओझा, सत्यपाल यादव, विकास मणि त्रिपाठी, रामेश्वर मणि त्रिपाठी, अनिल यादव, बालेन्दु पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, पंकज शुक्ल, विनय शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

- हापुड़ कांड को लेकर 14 वें दिन हड़ताल पर रहे अधिवक्ता
- वकीलों ने की हापुड़ के डीएम, एसपी के तबादले की मांग

**आंदोलन को कांग्रेसियों ने दिया समर्थन**

हापुड़ लाठी चार्ज को लेकर पखवाड़े भर से आंदोलन कर रहे अधिवक्ता संघ का कांग्रेस ने गुरुवार को समर्थन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष उमेश चंद मिश्र व दी कलक्ट्रेट सेंट्रल बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह को समर्थन पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ हुए अन्याय के विरोध में पूरी दमदारी से कांग्रेस कार्यकर्ता खड़ा रहेगा। इसमें पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, मुन्ना, दीनानाथ भारती, अम्बिकेश गिरि, गोविंद मिश्र, नीलेश मणि त्रिपाठी, दीनदयाल यादव, समीर पांडेय, सत्यप्रकाश मणि, आलोक त्रिपाठी, राजन, मार्कण्डेय मिश्र, सुनील द्विवेदी, धर्मेन्द्र पांडेय, दयाकर द्विवेदी, शाकिर हुसैन, मनोज मणि, सत्यम पांडेय, प्रेमलाल भारती, शहनाज अफर, अखिलेश यादव शामिल रहे।

**न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता, किया प्रदर्शन**

सलेमपुर। अनुसार हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रह प्रदर्शन किया। इसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र, ब्रजेश कुमार मिश्र, अरविन्द कुमार तिवारी, ब्रजेश मिश्र, प्रमोद तिवारी, पुनीत कुमार तिवारी, परमानन्द यादव, वेद प्रकाश शाह, शशिभूषण तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, रमेश कुमार सिंह, जितेन्द्र मिश्र, विवेक सिंह, देवमोहन तिवारी, चंद्र भूषण तिवारी, अमर नाथ मिश्र, देवेन्द्र दुबे, अजय कुमार सिंह आदि रहे।

# चहारदीवारी फांद घर पहुंची छात्रा ने स्कूल में रुकने से किया इनकार

**फॉलोअप**

- मां के साथ परीक्षा देने आई और फिर लौट गई घर
- गोरखपुर की छात्रा को घर ले गए उसके परिजन

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। चहारदीवारी फांदकर घर भागी बघौचघाट की छात्रा ने कस्तूरबा विद्यालय में रूकने से इंकार कर दिया है। उसके साथ गई गोरखपुर की दूसरी छात्रा को परिजन घर लेकर चले गए।

बुधवार की शाम दो छात्राओं के एक साथ गायब हो जाने पर शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया था। मामले में एक छात्रा ने पढ़ाने के बजाए काम कराने का आरोप लगाया है जिसकी जांच शुरू हो गई है। मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर कारखाना मोहित पाण्डेय को सौंपी गई है। छात्राओं के गायब होने से कर्मचारियों पर कार्यवाही के दिन भर शिक्षा महकमे में चर्चा चलती रही। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रामपुर कारखाना में कक्षा 8 में पढ़ने वाली दो छात्राएं बुधवार की शाम चहारदीवारी फांद कर घर चली गई थीं। इसमें एक छात्रा बघौचघाट की दूसरी गोरखपुर की रहने वाली है।

बघौच घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा ने वार्डेन और शिक्षिकाओं पर पढ़ाने के बदले काम कराने का आरोप लगाया था। बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने देर रात गांव पहुंचकर दोनों छात्राओं से अलग-अलग बातचीत किया। वह गोरखपुर की रहने वाली छात्रा को लेकर वापस कस्तूरबा विद्यालय पहुंची और शिक्षिकाओं के हवाले कर दिया। बघौचघाट क्षेत्र की रहने वाली छात्रा ने आरोप लगाते हुए वापस विद्यालय आने से इंकार कर दिया था।

गुरुवार को शिक्षा विभाग के लोग फिर से छात्रा के घर पहुंचे। लेकिन छात्रा ने दोबारा कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने से मना कर दिया। परिजनों के मुताबिक छात्रा का नामांकन 3 महीने पहले कराया गया था, लेकिन पढ़ाने की बजाय उससे घरेलू काम कराए गए। इसके चलते परिजनों ने उसका प्रवेश गांव के ही स्कूल में कराने का फैसला किया है।

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर किया प्रदर्शन

- बीआरडीपीजी कॉलेज में मेन गेट को अंदर से बंद कर दिया धरना
- प्राचार्य के नाम 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

देवरिया, निज संवाददाता। बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने गुरुवार को छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर कॉलेज का गेट बंद कर धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान छात्र किसी को महाविद्यालय के अंदर नहीं जाने दे रहे थे। छात्रों ने प्राचार्य को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

बीआरडीपीजी कॉलेज के छात्र दिन में 11 बजे के लगभग दर्जनों की संख्या में मेन बेट पर पहुंच कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। छात्रों ने मेन गेट को बंद कर धरने पर बैठ गए। छात्र नेता सूरज यादव ने कहा कि कॉलेज में छात्रों की समस्यांए बढ़ती जा रही है। महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराया जाए। ह



बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर गुरुवार को कॉलेज का गेट बंद कर धरना दिया।

पुस्तकालयों में पुस्तकों की कमी है और वहां पर वाचनालय की उचित व्यवस्था किया जाए। प्रयोगशाला में उपकरणों की व्यवस्था कराया जाए। छात्र और छात्राओं के लिए शौचालय की व्यवस्था, महाविद्यालय में स्वच्छ जल और बिजली की व्यवस्था किया जाए।

महाविद्यालय में प्राथमिक उपचार की उचित व्यवस्था कराया जाए। महाविद्यालय प्रशासन समस्याओं का समाधान नहीं किया तो आने वाले दिनों में विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन की जानकारी होने पर कोतवाल और एसडीएम मौके पर पहुंचे, एसडीएम ने छात्रों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान छात्र नेता अमन पाण्डेय, कर्मवीर सिंह, अंकुश चौधरी, अनूप पाल, मुकेश गुप्ता, सर्वेश शाही, अंकित यादव, सूरज प्रताप यादव, आकाश पाण्डेय, प्रियांशु, अतुल, शिवम समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।

# वर्कशॉप मैनेजर का मुख्य हत्यारोपी गिरफ्तार

**कामयाबी**

**रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद।** वर्कशाप मैनेजर हत्याकाण्ड का मुख्य आरोपी गुरुवार को जेल भेज दिया गया। विशुनपुरा तिवारी टोला निवासी अजय कुमार की रंजिश के चलते गांव के ही सात लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दिया था।

मामले में पुलिस ने मृतक के पिता उपेंद्र कुमार की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या और एससी एसटी का केस दर्ज किया था। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार राय ने सिपाहियों के साथ मुख्य आरोपी पंकज उर्फ भोलू को पांडेय चक चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। लिख पढ़ी के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को कोर्ट भेजा, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। इस मामले में अब तक पांच लोग जेल भेजे जा चुके हैं।

# हजारों लीटर शराब को किया नष्ट

भाटपाररानी। आईजी गोरखपुर जोन एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरूवार को भाटपाररानी थाने में अब तक पकड़ी गई अवैध शराब को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में नष्ट कर दिया गया। उपस्थित मजिस्ट्रेट तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा ने बताया कि थाने में अब तक 7525 लीटर पकड़ी गई अवैध शराब मौजूद थी। जिसे विनष्ट कर दिया गया है। इस दौरान जिला आबकारी अधिकारी एसएन वर्मा, थानाध्यक्ष टीजे सिंह सहित समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं का आंदोलन हुआ उग्र, फूंका प्रतीकात्मक पुतला

जागरण संवाददाता, देवरिया : हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन दिन उग्र होने लगा है। गुरुवार को जिले भर के अधिवक्ताओं ने विभिन्न जगहों पर प्रदर्शन करने के साथ ही मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर विरोध जताया। उधर फरियादियों को बिना न्याय मिले वापस लौटना पड़ा।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन तथा दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने अलग-अलग बैठक कर प्रदर्शन किया। साथ ही पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के अड़ियल रवैया के कारण सीएम का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार जानबूझ कर मामले को सुलझाने में रुचि नहीं ले रही है। जब तक मामले में कार्रवाई नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, मंत्री अरुण कुमार उपाध्याय, कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष उमेश मिश्र, मंत्री आनंदकर दर्क शिशिर मिश्र, दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, राकेश कुमार सिंह, बृजबांके तिवारी मौजूद रहे। तहसील बार एसोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। इसके बाद उप निबंधन कार्यालय के गेट में ताला जड़कर सामने धरना दिया। अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, अभय कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद मणि, अजय दुबे, अखिलेश कुमार मिश्र मौजूद रहे।

रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने तहसील बार एसोसिएशन के तत्वावधान में आंदोलन किया। साथ ही मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। अध्यक्ष ब्रज बिहारी पांडेय, सत्य प्रकाश सिंह, आनंद सिंह, शैलेंद्र पांडेय, विनय शुक्ला, कृष्णमूर्ति त्रिपाठी मौजूद रहे। बरहज संवाददाता के अनुसार अधिवक्ताओं ने हापुड़ की घटना के विरोध में प्रदर्शन कर पुतला फूंका। खुर्शीद आलम, नागेंद्र मिश्र, तारकेश्वर तिवारी आदि मौजूद रहे।



दीवानी गेट पर मुख्यमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला फूंकते अधिवक्ता • जागरण



उप निबंधन कार्यालय में ताला जड़कर धरना देते अधिवक्ता • जागरण

- हापुड़ की घटना के विरोध में जिले भर में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन
- अधिवक्ताओं के आंदोलन को देखते हुए तैनात रही पुलिस

### हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने जलाया पुतला

सलेमपुर : हापुड़ की घटना के विरोध तहसील बार एसोसिएशन सलेमपुर के संयोजन में अधिवक्ताओं ने बुधवार को मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र ने कहा कि हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस प्रशासन ने लाठीचार्ज कर दो दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं को घायल किया है। अधिवक्ताओं के आंदोलन के चलते न्यायालय का कार्य नहीं हो सका और वादकारियों को परेशान होना पड़ा। देव मोहन तिवारी, अशोक तिवारी आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

### कांग्रेसियों ने दिया अधिवक्ताओं को समर्थन

देवरिया : हापुड़ की घटना को लेकर आंदोलित अधिवक्ता संघ को गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना समर्थन कचहरी जाकर दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने अपना समर्थन पत्र भी उन्हें सौंपा। बहराइच के पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, सुधा मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, दीनानाथ भारती, आनंदेश गिरि, गोविंद मिश्र मौजूद रहे।

## हत्यारोपित को भेजा गया जेल

जासं, रामपुर कारखाना : विशुनपुर तिवारी टोला में एक सप्ताह पहले अजय कुमार की पीट-पीट कर हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित पंकज उर्फ भोलू यादव को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पहले ही पांच आरोपित जेल भेजे जा चुके हैं।

## किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

लार। पुलिस ने गायब किशोरी के मामले में अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है। कस्बा के एक वार्ड निवासी व्यक्ति ने लार पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया है कि उसकी बेटी 11 सितम्बर की सुबह से अचानक कहीं गायब हो गई है। बेटी को घर से गायब होने की जानकारी होने पर रिश्तेदार, गांव, मोहल्लों व आसपास में खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## सड़क पार कर रहे युवक को कार ने मारी ठोकर, मृत्यु

देवरिया : गोरखपुर-देवरिया मार्ग पर देवगांव इंटर कालेज के समीप सड़क पार करते समय कार ने ठोकर मार दिया, जिससे मौके पर ही युवक की मृत्यु हो गई। गौरीबाजार उपनगर के वार्ड संख्या तीन के रहने वाले सुनील कुमार बुधवार की रात नौ बजे देवगांव इंटर कालेज के समीप सड़क पार कर रहे थे, इस बीच गोरखपुर की तरफ से आ रही कार ने ठोकर मार दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। (जासं)

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मृत्यु

एकौना : क्षेत्र के धर्मपुर में गुरुवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मृत्यु हो गई। मायके पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। गांव की रहने वाली 37 वर्षीय कुसुम देवी पत्नी राकेश यादव की रात के मृत्यु की जानकारी किसी ने मायके के लोगों को दे दी। मायके पक्ष की शिकायत पर पुलिस पहुंच गई। (जासं)

## अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा

लार : पुलिस ने एक अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा पंजीकृत किया है। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री के घर से गायब होने की तहरीर दिया था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात,के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। (जासं)

# चाची से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जासं, देवरियाः गौरीबाजार के एक गांव में चाची व बेटे का रिश्ता एक युवक ने कलंकित किया है। रिश्ते की चाची के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। एक गांव की रहने वाली महिला का आरोप है कि पांच सितंबर को वह अपने घर में अकेली थी। इस बीच जेठ का बेटा शैलेश उसे पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर चाची की उसने पिटाई की। साथ ही किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

# पकड़ी गई 7,525 लीटर अवैध शराब नष्ट की

भाटपाररानी। आईजी गोरखपुर जोन एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बृहस्पतिवार को भाटपाररानी थाने में अब तक पकड़ी गई अवैध शराब को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में नष्ट कर दिया गया। मजिस्ट्रेट तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा ने बताया कि थाने में अब तक पकड़ी गई 7,525 लीटर अवैध शराब मौजूद थी। जिसे नष्ट कर दिया गया है। इस दौरान जिला आबकारी अधिकारी एसएन वर्मा, थानाध्यक्ष टीजे सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। संवाद

# नकली शराब देने का आरोप, हंगामा

देवरिया। बरियारपुर के सरौरा चौराहे पर बृहस्पतिवार शाम एक शराब की दुकान पर नकली शराब देने का आरोप लगाकर लोगों ने हंगामा किया। जानकारी पर पहुंची पुलिस जांच कराने की बात कह लोगों को शांत कराया। बरियारपुर के सरौरा गांव के रहने वाले कुछ लोग एक सरकारी दुकान पर शराब खरीदने गए। शराब की बोतलों को देखने के बाद लोग नकली कह वापस करने लगे। इसको लेकर मुंशी से उनका विवाद हो गया। सूचना पर कुछ लोग और दुकान के सामने हंगामा करने लगे। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराकर जांच कराने का आश्वासन दिया। संवाद

# चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

**देवरिया**: शहर के मेहड़ा पुरवा में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

मोहल्ले की सुमन देवी का आरोप है कि 12 सितंबर को कुछ लोगों ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मोहल्ले के अभिन्न, गोलू, बिंदू देवी व किरन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# तीन लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

जासं, देवरिया: सदर कोतवाली के पिपरपाती में 20 दिन पहले युवक पर हुए चाकू से हमले के मामले में पुलिस ने तीन अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पिपरपाती गांव की रहने वाली शांति देवी का कहना है कि 25 अगस्त को उनका बेटा अजय कुमार रेलवे लाइन किनारे अपने खेत में फसल देखने को गया था। लौटते समय शंकर के खेत के समीप लगे हैंडपंप पर वह पैर धोने लगा। इस बीच तीन युवक आए और उलझ गए। साथ ही चाकू से पीठ पर हमला कर दिया। जिससे अजय घायल हो गया और मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भाजपा नेता को अपशब्द बोलने में छह पर मुकदमा

रुद्रपुर : क्षेत्र के रामचक के रहने वाले भाजपा नेता को बिना किसी कारण के मोबाइल पर अपशब्द बोलने के मामले में पुलिस ने चार नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। रामचक के रहने वाले भाजपा नेता राजीव गुप्ता का आरोप है कि मुझे मोबाइल से अपशब्द बोला गया। जब पूछताछ उन्होंने किया तो आरोपितों ने पिटाई की। पुलिस ने गांव के अनिरुद्ध यादव, विकास यादव, सचिन यादव, माहीगंज के सुधाकर यादव व दो अज्ञात के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## चाकू मारने वाले छोटे भाई के विरुद्ध मुकदमा

तरकुलवा : क्षेत्र के कैथवलिया के सबवट टोला में बड़े भाई को चाकू मारने के मामले में पुलिस ने छोटे भाई मोतीचंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# फ्लैट दिलाने के नाम पर 3.70 लाख रुपये की ठगी, धोखाधड़ी का मुकदमा

देवरिया: फ्लैट दिलाने के नाम पर एक जालसाज ने युवक से 3.70 लाख रुपये की ठगी कर ली है। इस मामले में भलुअनी पुलिस ने अमानत में खयानत व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। भलुअनी उपनगर के रहने वाले विनय मल्ल ने कुछ माह पहले देवरिया शहर के देवरिया खास के रहने वाले पियुष श्रीवास्तव से मुलाकात हुई। उसने उन्हें फ्लैट दिलाने का वादा किया। जिसके बाद विनय ने 3.70 लाख रुपये विभिन्न तिथियों में दिया, लेकिन उसने फ्लैट नहीं दिलवाया। इसके बाद वह अपना रुपया मांगने लगे तो आरोपित ने चेक दे दिया और खाते की निकासी पर रोक लगवा दिया। जिससे उसके खाते से रुपया ट्रांसफर नहीं हुआ। इस मामले में पुलिस ने पियुष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## पांच लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा

देवरिया: भलुअनी थाना के कुइया गांव में भूमि विवाद में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें सूरज राजभर, अरुण राजभर, सपना कुमारी व रेशमी शामिल हैं।

# कस्तूरबा विद्यालय से छात्राओं के भागने के मामले की जांच करेंगे खंड शिक्षा अधिकारी

जासं, देवरिया: रामपुर कारखाना के डायट परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के चहारदीवारी फांद कर दो छात्राओं के फरार होने के मामले की जांच बीईओ करेंगे। बीएसए ने प्रकरण की जांच खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी है। उधर डीएम ने भी इस प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए रिपोर्ट तलब किया है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गोरखपुर के तेंदुआ गांव की रहने वाली मुस्कान व बघौचघाट के घुड़ीकुंड की खुशी कक्षा आठ में पढ़ती है। बुधवार की शाम दोनों चहारदीवारी फांद कर फरार हो गईं। हालांकि कुछ ही देर में छात्राएं अपने घर पहुंच गई। जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। हालांकि छात्राओं ने विद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। अब बीएसए ने इसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर कारखाना को जांच सौंपते हुए रिपोर्ट तलब की है।

**छात्रा पहुंची विद्यालय, मांगी माफी, दी परीक्षा :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से फरार दो छात्राओं में से एक छात्रा खुशी स्वजन के साथ विद्यालय पहुंची और वार्डन के सामने माफीनामा लिखकर दी और परीक्षा में शामिल हुई। हालांकि मुस्कान अभी विद्यालय नहीं आई है।

**सुरक्षा में चूक :** सुरक्षा के लिए दो पीआरडी जवान तैनात किए गए हैं, जिसमें जितेंद्र राव दिन में तो सायदा खातून रात में ड्यूटी करती हैं। बावजूद इसके दोनों छात्राएं चहारदीवारी फांद कर फरार हो गईं। अधिकारी इसे सुरक्षा में चूक बता रहे हैं।

# भूमि विवाद में दुकान पर की मारपीट, 13 के विरुद्ध मुकदमा

जासं, देवरिया: स्टेशन रोड रामेश्वर लाल चौराहे के समीप भूमि विवाद में एक दुकान पर चढ़कर कुछ लोगों ने बुधवार की देर शाम मारपीट की। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। उपचार महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में कराया गया। पुलिस ने 13 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। शहर के स्टेशन रोड रामेश्वर लाल चौराहा के रहने वाले आशीष जायसवाल की रामेश्वर लाल चौराहे के समीप दुकान है।

# देवरिया में छह नकली नोट के साथ एक व्यक्ति हिरासत में

- महुआनी चौराहे के समीप शराब की दुकान पर पकड़ा गया
- रात तक पकड़े गए आरोपित से पुलिस कर रही थी पूछताछ

**जासं, देवरिया:** सदर कोतवाली के महुआनी चौराहा स्थित एक देसी शराब की दुकान पर मुनीब ने छह नकली नोट के साथ एक युवक को पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। रात तक पकड़े गए युवक से पुलिस पूछताछ कर रही थी।

रात को साढ़े सात बजे एक युवक देसी शराब की दुकान पर पहुंचा। युवक तीन देसी शराब की शीशी लिया और फिर पांच सौ की नोट मुंशी को दिया। मुंशी ने नोट की जांच की तो नोट संदिग्ध लगा। इसके बाद युवक को मुंशी ने पकड़ लिया और तलाशी ली।

इसके बाद कोतवाली पुलिस को लोगों ने कई नकली नोट होने की सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया।

तलाशी के दौरान उसके पास से छह नकली नोट बरामद की गई। कोतवाली के प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि एक व्यक्ति के पास से 500 रुपये की छह संदिग्ध नकली नोट पकड़ी गई है।

जांच की जा रही है। नकली नोट कहां से उसके पास आई, इसकी जांच की जा रही है। जल्द ही नेटवर्क की तलाश कर गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

## नौ जुआरियों पर केस दर्ज कर तीन को भेजा जेल

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के ग्राम जसुई स्थित बगीचे से पुलिस तीन जुआरियों को पकड़ कर थाने लाई। पूछताछ करने के बाद सम्मिलित कुल नौ जुआरियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर बृहस्पतिवार को उन्हें जेल भेज दिया। इस घटना में पुलिस ने जुआरियों के पास से छह हजार रुपये नगद, चार बाइक बरामद कर उन्हें सीज कर दिया है। एसओ टीजे सिंह ने बताया कि पकड़े गए तीन जुआरी को जेल भेज दिया गया है। शेष की तलाश जारी है। जुआरियों की पहचान अकबर अली, शैलेश जायसवाल, विनय वर्मा निवासी गण भिंगारी बाजार थाना खामपार है। संवाद

## मोबाइल फोन की दुकान से चोरी

भाटपाररानी। श्रीरामपुर थाना के प्रतापपुर चौराहा पर मोबाइल की दुकान में चोरी हो गई। पीड़ित ने इसकी तहरीर दी है। शशिभूषण शर्मा पुत्र शिवनाथ शर्मा की मोबाइल की दुकान चौराहे पर है। बुधवार की रात्रि दुकान बंद कर वह घर चले गए। रात में चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर दुकान के अंदर रखा नगदी सहित डाटा केबल, चार्जर चुरा लिया। बृहस्पतिवार की सुबह दुकान खोलने आए दुकानदार ने दुकान की हालत देखी तो वह दंग रह गए। संवाद

## हत्या में शामिल एक आरोपी को भेजा जेल

देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बिशनपुर तिवारी टोला पर अजय कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को पांडेचक से हत्या के आरोपी भोलू उर्फ पंकज यादव पुत्र छोटक को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अब तक हत्या के मामले में सात आरोपियों में से छह जेल जा चुके हैं। जबकि एक आरोपी के गिरफ्तारी के लिए रामपुर कारखाना पुलिस छापा डाल रही है। संवाद

# अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन मुख्यमंत्री का पुतला जलाया

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर पांच सूत्री मांगों को लेकर 30 अगस्त से अधिवक्ता आंदोलित हैं। बृहस्पतिवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। अधिवक्ता संगठनों के बैनर तले वकीलों ने दीवानी कचहरी से प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला जलाया और कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने दोपहर बाद दीवानी कचहरी में धरना भी दिया, जो सायं तीन बजे तक चला।अधिवक्ताओं की हड़ताल से दीवानी और कलेक्ट्रेट परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा। वहीं दूर दराज से आए वादकारियों को निराश होकर लौटना पड़ा।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, कलेक्टेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश मिश्रा, दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने दीवानी कचहरी में बैठक भी की। इस दौरान मंत्री अरुण कुमार उपाध्याय, ज्ञानेश्वर उर्फ प्रीतम मिश्रा, बृज बांके तिवारी, संजय मिश्रा, सिंहासन गिरी, सुभाष चंद्र राव, अशोक दीक्षित आदि मौजूद रहे।



बरहज तहसील परिसर में पुतला दहन करते अधिवक्ता। संवाद

सदर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता व मंत्री अभय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उपनिबंधन कार्यालय पर तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन किया। इसके कारण दिन भर रजिस्ट्री का कामकाज ठप रहा। अधिवक्ताओं ने कहा कि पंद्रह दिन से अधिवक्ता हड़ताल पर हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है। इस दौरान प्रमोद मणि, अजय दूबे, विवेकानंद, अब्दुल हुसैन, विष्णु प्रकाश, गिरिश नारायण तिवारी आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में बृहस्पतिवार को बार संघ के अध्यक्ष ब्रज बिहारी पांडेय के नेतृत्व में वकीलों ने तहसील के मुख्य गेट पर नारेबाजी की और सीएम का पुतला जलाकर विरोध जताया। इस दौरान आनंद सिंह, सुधांशु मौलि ओझा, सत्यप्रकाश सिंह, कृष्णमूर्ति, रामेश्वर मणि आदि मौजूद रहे।

सलेमपुर में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सीएम का पुतला फूंका। इस दौरान मंत्री जितेंद्र कुमार मिश्र, संदीप यादव, प्रमोद तिवारी, बृजेश मिश्र, उमेश चंद्र शुक्ल आदि मौजूद रहे।

भाटपार रानी में अधिवक्ता बृहस्पतिवार को भी आंदोलित रहे। उन्होंने सभी न्यायालयों के न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर प्रदेश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इसके बाद तहसील परिसर में प्रदेश सरकार का पुतला जलाया।

## अधिवक्ताओं को कांग्रेसियों का समर्थन

देवरिया। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेश में चल रहे आंदोलन को कांग्रेस ने समर्थन दिया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कचहरी परिसर में जाकर के डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष उमेश चंद मिश्र व दी कलक्ट्रेट सेंट्रल बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह को समर्थन पत्र सौंपा। संवाद


...यां शेष...
...ां । उठावनी । पगड़ी
बॉक्स साइज
ब्लैक एंड व्हाइट
साइज 5 सेमी X 8 सेमी : ₹2500/-
कलर
साइज 5 सेमी X 8 सेमी : ₹3000/-

# सीएम से युवती की हत्या की उच्चस्तरीय जांच की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छेड़खानी पीड़ित युवती का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने के मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग युवती की मां ने सीएम और डीजीपी से की है। इस मामले में गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। मृतका की मां का आरोप है कि पुलिस बयान बदलने का दबाव बना रही है।

### छेड़खानी पीड़ित युवती की हत्या के मामले में मां ने पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

युवती की मां ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री, डीजीपी, आईजी जोन गोरखपुर, डीआईजी, एसपी को पत्र भेजकर परिवार की सुरक्षा तथा बनकटा पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। महिला का कहना है कि मई माह में बेटी से छेड़खानी, मारपीट और लूट का पुलिस ने केस दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने लूट की धारा निकाल दी थी। आरोप लगाया कि इस बार भी पुलिस खेल कर मामले में लीपापोती कर सकती है।

पत्र में मृतका की मां ने आशंका जताई है कि बनकटा पुलिस उनका व बेटे का मूल बयान बदल सकती है।

इतना ही नहीं धमकी मिल रही है कि बयान न बदलने पर फंसा दिया जाएगा। पीड़िता ने मुख्यमंत्री व डीजीपी आदि से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तारी किए जाने की भी मांग की है।

*मामले की निष्पक्ष विवेचना की जा रही है। पीड़ित परिवार को पूरी तरह से निश्चिंत रहना चाहिए, पुलिस उनके साथ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में घटना से जुड़े कई तथ्यों का खुलासा हो जाएगा। आरोपियों की तलाश की जा रही है। किसी भी दोषी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।* - **अंशुमन श्रीवास्तव, सीओ**

# घर में घुसकर आभूषण और नकदी चोरी के मामले में केस

## रायपुरा गांव में मकान में घुसे चोरों ने उड़ाए थे सामान

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। भटनी के रायपुरा गांव में मकान के पीछे से घर में घुसे चोरों ने नकदी व साढ़े चार लाख रुपये के आभूषण उड़ा दिए। शिकायत पर पुलिस बृहस्पतिवार को केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। भटनी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं।

लगातार हो रही बाइक चोरी के बाद रायपुरा गांव में मकान में घुसकर नकदी व गहने की चोरी से लोग भयभीत हैं। मंगलवार की रात रायपुरा गांव निवासी रंभा देवी बच्चों के साथ कमरे में सोई थीं।

बुधवार सुबह उठने पर पता चला कि साढ़े चार लाख के गहने, नकदी व अन्य कीमती सामान चोरी हो गए हैं।

### बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ी

कांग्रेस नेता डॉ. सत्यनारायण शर्मा, सत्यप्रकाश मिश्र ने कहा कि पिछले दो महीने से क्षेत्र के विभिन्न जगहों से करीब दस से अधिक बाइक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। भटनी बाजार के दो जगहों से पुलिस को चोरों का सीसीटीवी फुटेज भी मिल चुका है। इसके बावजूद भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने कहा कि रायपुरा गांव में हुई चोरी के मामले में केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# शंकर के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए भागलपुर-कुंडौली मार्ग किया जाम

## हत्याकांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। शंकर पांडेय के मुख्य हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने बृहस्तिवार को भागलपुर-कुंडौली मार्ग को जाम कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए परिवार को आर्थिक मदद के रूप में पचास लाख रुपये व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने तथा हत्यारों के घर पर बुल्डोजर चलवाने की मांग की। मुख्य मार्ग जाम होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाने की कोशिश की, लेकिन परिजनों व ग्रामीणों का गुस्सा देखकर बैकफुट पर आ गई। उधर, सड़क जाम कर प्रदर्शन करने की सूचना पर पहुंचे सीओ ने मांगों को उच्चाधिकारियों के समक्ष रखने की बात कह परिजनों को समझाया तब जाकर दो घंटे बाद लोग सड़क से हटे।

इसारू गांव के शंकर पांडेय की हत्या कर शव को सरयू नदी में फेंकने का आरोप भागलपुर निवासी संजय यादव उर्फ टाटा व शिवम यादव पर है। पुलिस ने शिवम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, मुख्य आरोपी संजय अभी पुलिस की पहुंच से दूर है। इससे नाराज परिजन व ग्रामीण बृहस्पतिवार को गांव के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे। करीब दो घंटे तक सड़क को जाम रखा।



बृहस्पतिवार को भागलपर के इसारू गांव में हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास करते पुलिसकर्मी। संवाद

प्रदर्शनकारी परिवार के एक सदस्य को नौकरी, पचास लाख रुपये व बेटी की शादी के लिए अनुदान की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों के रोष का सामना करना पड़ा। सड़क जाम होने से बलियां-नवलपुर-लार रोड की तरफ से आने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई।

वहीं, कुछ चालक रास्ता बदल भागलपुर पुल पहुंचे। मामले की जानकारी पर पहुंचे सीओ अंशुमन श्रीवास्तव से ग्रामीणों ने घटना में शामिल हत्यारोपियों के जल्द गिरफ्तारी के साथ ही परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की मांग की। इस पर, उन्होंने अधिकारियों से बात करने को कहा तब जाकर प्रदर्शन कर रहे लोग सड़क से हटे। इसके बाद आवागमन बहाल हुआ।

*हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही घटना में शामिल आरोपी पकड़ लिए जाएंगे। परिजनों की मांगों से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।* – **अंशुमन श्रीवास्तव,** सीओ

**पुलिस ने संजय के घर की तीन महिलाओं व एक पुरुष को उठाया:** हत्या के बाद से फरार चल रहे मुख्य आरोपी संजय उर्फ टाटा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पर दबाव बढ़ गया है। इसके लिए ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। दबाव में आई पुलिस ने संजय के घर छापा मारकर तीन महिलाओं व एक पुरुष को उठा लिया। सभी से पूछताछ की जा रही है।

# 12 चौराहों पर ट्रैफिक लाइट अब नहीं लगेगा जाम

## शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए कवायद शुरू



बरहज मुख्य चौक पर जाम से जूझते लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए चौराहों पर यातायात संचालन ट्रैफिक लाइट के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए पुलिस ने खाका तैयार कर लिया है। इसके लिए प्रथम चरण में शहर के 12 चौराहों का चयन किया गया है।

पंद्रह दिन पहले जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने यातायात पुलिस को शहर में सिग्नल से यातायात का संचालन करने के संबंध में निर्देश दिया था। इसे लेकर यातायात पुलिस ने कार्ययोजना बनाई है। इसमें जेब्रा क्रॉसिंग, सिग्नल और वन वे मार्ग का निर्धारण भी किया गया है। जिन जगहों पर जाम अधिक लगता है वहां पर पुलिस बूथ भी बनाने की योजना है।

### यहां है ट्रैफिक सिग्नल लगाने का प्लान

देवरिया। शहर के भटवलिया, रुद्रपुर मोड़, पुलिस लाइन मोड़, बस स्टेशन, कचहरी चौराहा, जिलाधिकारी आवास के पास, सुभाष चौक, कोआपरेटिव चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा, कोतवाली चौराहा, कसया ढाला और न्यू कॉलोनी चौराहे पर यातायात लाइटें लगाने की योजना है। संवाद

*शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए सिग्नल प्रणाली से यातायात व्यवस्था को चलाने की योजना है। इसके लिए शहर के प्रमुख चौराहों को चिह्नित किया गया है। चौराहों पर जेब्रा क्रॉसिंग भी बनाई जाएगी।*

**– गुलाब सिंह, टीएसआई**

### मुख्य चौक पर रोजाना लगता है जाम, बेहाल हैं राहगीर

बरहज। नगर स्थित मुख्य चौक पर रोजाना जाम लग जाता है। जिससे लोग परेशान हैं। घंटों जाम और उमस भरी गर्मी से गाड़ियों में बैठे लोग बेहाल रहते हैं। पुलिस पिकेट पर एक-दो सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। जो जाम खुलवाने में लाचार दिखते हैं। मुख्य चौक पर प्राइवेट और स्कूली बसों के आ जाने के कारण सड़क के दोनों तरफ अचानक जाम लग जाता है। जिससे नगरपालिका और थाना मार्ग पर भी आवागमन ठप हो जाता है। मुख्य चौक से अटल तिराहा, पैना मार्ग स्थित शहीद स्मारक, न्यू पीएचसी और नगरपालिका रोड पर गाड़ियों की कतार लग जाने के कारण गाड़ियां रेंगती रहती हैं। लोगों के अनुसार नगर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण दुकानों के सामने सड़क के किनारे लोग अपनी गाड़ियां बेतरतीब खड़ी कर देते हैं। जबकि पटरियों पर ठेला-खोमचा आदि की दुकानें सजने से रोड संकरी हो जा रही है। जबकि समय-समय पर बड़े वाहनों की भी आवाजाही होती है। जिससे अक्सर जाम लग जाता है। सड़क पर जाम लगने से थाना और अस्पताल पर जल्दी पहुंचने वालों के दम फूल जाते हैं। एसडीएम अवधेश कुमार निगम ने बताया कि आवागमन सुलभ कराने के लिए अतिक्रमण खाली कराया जाएगा। रही बात बेतरतीब गाड़ियों के खड़ी होने की, अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-15-09-2023

# चोरी के सामानों के साथ दो गिरफ्तार

**लक्ष्मीगंज।** अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में गुरूवार को रामकोला थाने की पुलिस ने चोरी के सामानों के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये चोरों की पहचान लकी गोंड पुत्र स्व. जीतेन्द्र गोंड निवासी वार्ड नंबर 20 विक्रमादित्य नगर कस्बा रामकोला एवं सावन खरवार पुत्र उदय खरवार निवासी वार्ड नंबर 21 मां काली नगर रामकोला कस्बा के रूप में हुई। इनके कब्जे से पुलिस ने एक टैबलेट, पंखा, बैटरी, सोलर पैनल एवं अन्य सामान बरामद किया।

# अवैध देशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**कुशीनगर।** सेवरही पुलिस ने रामचन्द्र पिपराघाट एहतमाली टोला मोतीराय थाना सेवरही व एक महिला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 90 शीशी देशी शराब मरा की है। तरयासुजान पुलिस ने फिरोज अंसारी निवासी खरपतवा थाना भोरे जनपद गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 45 शीशी देशी शराब बरामद की है।

# छह साल से फरार 15 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** तरया सुजान पुलिस ने छह साल से फरार चल रहे अपमिश्रित शराब बेचने के 15 हजार के ईनामी बदमाश हक्कीम अली निवासी किरतू थाना झिझाना जनपद शामली को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर वर्ष 2017 में ही अपमिश्रित शराब बेचने के मामले में केस दर्ज हुआ था। तभी से फरार था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, दरोगा विनय मिश्रा, सिपाही आनंद राय व रवि राजभर शामिल रहे।

# प्रतिबंधित पशु के तीनों हत्यारोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** खड्डा पुलिस की टीम द्वारा धनौजी आबादकारी के पास से यासीन, ऐनुल व मंसूर निवासीगण धनौजी आबादकारी को गिरफ्तार कर लिया है। इन तीनों के खिलाफ गांव के लोगों की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को ही केस दर्ज किया था। पुलिस ने मौके से प्रतिबंधत पशु का कटा मांस, काले रंग का चमड़ा, मांस काटने के लिए लकड़ी का ठीहा व 2 अदद लोहे का बांका तथा तराजू बाट के अलावा दो बाइकें भी बरामद की है।

# पांच वारंटी पकड़े गए

**कुशीनगर।** तमकुहीराज के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय ने पुलिस टीम के साथ गुरुवार को वारंटी अभियुक्त मनोज निवासी खानशामां टोला, मंजूर आलम निवासी गुदरी टोला, साहब निवासी गुदरी टोला व मोतीलाल निवासी गोड़ईता श्रीराम को गिरफ्तार कर लिया। नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने वारंटी लालधर निवासी पटेरा बुजुर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सौतेली मां के हत्यारोपी को जेल भेजा

**मथौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकटिया के गड़ेरी पट्टी में बुधवार की देर शाम नशे धूत बेटे ने अपनी सौतेली मां को चाकू से गोद कर हत्या कर दी थी। इस मामले में हाटा कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर बेटे को जेल भेज दिया।

ग्राम पंचायत सिकटिया के टोला गड़ेरीपट्टी में श्रीकांत प्रसाद की दो शादियां हुई हैं। पहली पत्नी की 16 वर्ष पूर्व मृत्यु होने के बाद उसने अपनी पत्नी की बहन से शादी कर ली। श्रीकांत की पहली पत्नी से एक पुत्र था तथा दूसरी पत्नी मंजू देवी की तीन पुत्रियां हैं, जिसमें एक की दो वर्ष पूर्व शादी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि श्रीकांत का पुत्र दीपलाल मोबाइल खरीदने के लिए अपनी मां सहित परिवार के अन्य सदस्यों से कई दिनों से मारपीट कर रहा था। बुधवार को परिजन उसे मोबाइल खरीद कर दे दिये तथा साथ ही कुछ रूपये सीम कार्ड खरीदने के लिए दिया। शाम को उसने बुरे लत में पैसा खर्च कर दिया और सीम कार्ड नहीं खरीद सका। जब उसकी सौतेली मां मंजू देवी पैसा के बारे पूछने लगी तो नशे में धूत दीपलाल आग बबूला हो गया और घर में रखे आलू छीलने वाले चाकू से ताबड़तोड़ वार कर अधमरा कर दिया। परिजन मंजू देवी को आनन फानन में सीएचसी हाटा ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर बेटे को जेल भेज दिया।



परिजनों का रो रोकर है बुरा हाल।

## बेटे को जी जान से मानती थी सौतेली मां

दीपलाल को उसकी सौतेली मां अपनी जान से भी ज्यादा मानती थी। लोग बताते हैं कि मंजू ने तीन पुत्रियां होने के बाद पुत्र होने से मना कर अपनी नसबंदी करा लिया था। लेकिन उसे क्या पता था कि जिस पुत्र को वह जान से भी ज्यादा प्यार करती है वही उसका हत्यारा बनेगा। इस घटना ने मां-बेटे के रिश्ते को कलंकित कर दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका मंजू की तीन पुत्रियां हैं, जिसमें मनीषा उम्र 22 वर्ष, आसमानी उम्र 18 वर्ष एवं मनोरमा उम्र 13 वर्ष की है। श्रीकांत प्रसाद आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसका कहना है कि अब मेरा सब कुछ ही उजड़ गया।

# चोर को दबोचा, चोरी के मोबाइल बरामद

**समउर बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** तमकुहीराज थाने के समउर बाजार चौकी पुलिस ने बुधवार की रात को एक चोर को कस्बे के कोटवा मोड़ से दबोचते हुए उसके कब्जे से चोरी की तीन मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकड़े गये चोर को जेल भेज दिया।

समउर बाजार चौकी के पुलिसकर्मियों ने रात्रि गस्त के दौरान कस्बे फाजिलनगर जाने वाले मार्ग के कोटवा टिकमपार मोड़ पर संदिग्ध दिखे एक युवक को दौड़ा कर पकड़ते हुए उसके पास से चोरी का तीन मोबाइल फोन बरामद किया।

हालांकि चर्चा यह भी है कि पकड़ा गया युवक समउर बाजार कस्बे के एक व्यक्ति के घर में घुस कर चोरी कर रहा था। खटपट की आवाज होने पर घरवालों की नींद खुल गई, जिसके बाद उनके शोर मचाने पर युवक भागने लगा। ग्रामीणों ने दौड़ाकर उसे पकड़ते हुए समउर पुलिस चौकी के हवाले कर दिया।

पकड़े गए युवक की पहचान तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गंगुआ बाजार निवासी शोएब पुत्र मेहदी हसन के रूप में हुई। इस सम्बंध में चौकी इंचार्ज समउर राजेश कुमार गौतम ने बताया कि चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ एक युवक को पकड़ा गया था जिसे जेल भेजा जा रहा है।

# महिला के शव का हुआ शिनाख्त

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सुबुधिया बुजुर्ग के पास मझना नाले में बीते बुधवार को मिले अज्ञात महिला के शव का शिनाख्त हो गया। महिला गोरखपुर जिले के एम्स थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर बुजुर्ग की रहने वाली थी। उसके पति ने फोटो से पहचान करते हुए बताया कि उसकी पत्नी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

गुरूवार की शाम को महिला का पति हरि जो ग्राम रामपुर बुजुर्ग थाना एम्स जनपद गोरखपुर का निवासी है वह अहिरौली बाजार थाने में पहुंचा और फोटो से शव की पहचान अपनी पत्नी प्रभावती देवी के रूप में किया। बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। बीते 10 सितंबर से ही वह घर से लापता थी और हम सभी लोग उसकी खोज कर रहे थे। जैसे ही सूचना मिली कि एक अज्ञात महिला का शव अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र में मिला है तब वह अहिरौली थाने बाजार में पहुंच थाने में पहुंचा और अपनी पत्नी के शव को फोटो से शिनाख्त किया। इस संबंध में एसओ श्रीप्रकाश राय ने बताया कि महिला का पति थाने आया था। उसने मझना नाले में मिले महिला के शव की पहचान अपनी पत्नी के रूप में की।

# बरवापट्टी पुलिस ने नष्ट कराई 175 लीटर शराब

**कुशीनगर।** प्रभारी निरीक्षक बरवापट्टी ने न्यायालय के आदेश पर बरवापट्टी पर वर्ष 2022 व 2023 के 31 मुकदमों में बरामद अवैध देशी व कच्ची शराब को गुरुवार को गड्ढा खोदवाकर नष्ट करा दिया। इस दौरान सीओ जितेन्द्र सिंह कालरा, एपीओ नवनीत कुमार त्रिपाठी, बरवापट्टी के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह, न्यायालय से नामित अधिकारी व सभी विवेचक उपस्थित रहे। नष्ट की गयी शराब की कुल कीमत लगभग 25 हजार रुपये बतायी गयी है।

# तरयासुजान क्षेत्र में फंदे से लटकने से हुई नवविवाहिता की मौत, मुकदमा दर्ज

**सिसवा नाहर।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जमसड़िया के टोला जमसड़ा में नवविवाहिता की मौत फंदे से लटकने से हुई थी। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ है। पुलिस इस मामले में नवविवाहिता के मामा की तहरीर पर ससुराल वालों पर केस पंजीकृत कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

बीते बुधवार को ग्राम सभा जमसड़िया के टोला जमसड़ा निवासी मुन्ना उर्फ शकील की पत्नी सनम का शव उसके कमरे से संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। नवविवाहिता के मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया था। शकील का कहना था कि उसकी पत्नी ने पंखे में फंदा कसकर लटक कर अपनी जान दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

# घर में घुसकर पीटने का आरोप, केस

सिसवा नाहर। तरयासुजान थाना क्षेत्र के गांव पिपरा मिश्र में बच्चों के विवाद को लेकर घर में घुसकर पीटने को लेकर गांव पिपरा मिश्र निवासी सुधीर राय की तहरीर पर तरयासुजान पुलिस ने अजय उर्फ मंटू, दरोगा राय, रामेश्वर, आदित्य राय कि खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

# पुलिस की मौजूदगी में कराया गया प्रतिमा का विसर्जन

**भुजौली बाजार**: खड्डा थाने के एकडंगा टोला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर स्थापित प्रतिमाओं की पुलिस की देखरेख में बुधवार की देर शाम मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में विसर्जित कराई गई। डोल को गुलरिहा गांव के टोला खेमन छपरा में भ्रमण को लेकर विवाद था। पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह की देखरेख में डोल एकडंगा से चलकर गुलरिहा रेगुलेटर होते हुए मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के किनारे स्थित शिव मंदिर परिसर में पहुंचा। यहां ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक विवेकानंद पांडेय ने कहा कि त्योहार के अवसर पर अशांति से माहौल खराब होता है। ऐसी कोई प्रतिक्रिया न हो, जिससे कोई अंगुली उठा सके।

# इनामी शराब तस्कर गिरफ्तार

**जासं, सलेमगढ़:** तरयासुजान के बिहार सीमा से सटे सलेमगढ़ बाजार के उत्तरी चौराहे से सात वर्ष से फरार चल रहा 15 हजार का इनामी शराब तस्कर पकड़ लिया गया। एसएचओ अमित शर्मा को सूचना मिली कि एक शराब तस्कर बिहार जाने के लिए यहां किसी के इंतजार में खड़ा है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया शामली के झिंझाना के किरतू का हकीम अली 18 मार्च 2017 से फरार चल रहा था।

# रंगे हाथ पकड़ा गया मोबाइल चोर

**जासं, सम्मउर बाजार:** तमकुहीराज के बिहार खुर्द के दलित बस्ती में बुधवार की रात विश्वनाथ के घर में घुस कर चोरी करने के दौरान ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपित के पास से चोरी की चार मोबाइल भी बरामद हुआ। आरोपित की पहचान तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गंगुआ निवासी शोएब के रूप में हुई है। चौकी पुलिस इस मामले में आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर रही है।

# गोमांस के साथ तीन गिरफ्तार

जासं, खड्डा : पुलिस टीम ने धनौजी आबादकारी के पास से तीन आरोपित को गिरफ्तार कर उनके पास 90 किग्रा गोमांस बरामद किया है। पकड़े गए आरोपित यासीन, ऐनुल, मंसूर निवासी धनौजी आबादकारी के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से मांस काटने के लिए लकड़ी का ठीहा, दो बांका, तराजू व दो साइकिल बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

रामकोला : नगर के वार्ड नंबर 20 विक्रमादित्य नगर में दो गुमटी का ताला तोड़ कर हुई चोरी का गुरुवार को पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएचओ अखिलेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए चोर लकी गोंड व सावन खरवार उसी मोहल्ले के रहने वाले हैं। इनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। रवि कुमार गुप्ता व राजू चौरसिया की गुमटी का ताला दो दिन पूर्व चोर तोड़ बैटरी पंखा व पान मसाला समेत दो हजार नकदी चुरा ले गए थे।

# हत्यारोपित पुत्र को भेजा गया जेल

हाटा: पुलिस ने चचेरी मां की हत्या में आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़ा गया आरोपित दीपलाल भारती निवासी सिकटिया गड़ेरी पट्टी ने अपनी चचेरी मां मंजू देवी की चाकू घोंप कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चाकू भी बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह के साथ अपराध निरीक्षक संजय कुमार शाही व पुलिस टीम मौजूद रही।

# रेंजर ने पकड़ी 12 बोटा सागौन की लकड़ी

**खड्डा :** थाने के रामपुर गोनहा गांव के एक खेत से वन विभाग की टीम ने गुरुवार को 12 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद किया। उप वनक्षेत्राधिकारी अमित तिवारी वनकर्मियों के साथ लकड़ी के बोटों को रेंज आफिस ले गए। आरोपित बच्चा यादव के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। (जासं)

# 86 पुलिसकर्मियों का कार्यक्षेत्र बदला

**पडरौना :** एसपी धवल जायसवाल ने कानून-व्यवस्था को बेहतर करने की दृष्टिगत बुधवार की देर रात जिले में तैनात पुलिसकर्मियों को एक से दूसरे थानों में भेजा है। सात पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से अलग-अलग थानों पर तैनाती दी गई है।

# महिला की हत्या का प्रयास, दो नामजद

## चार वर्ष पूर्व पति की हो चुकी है मृत्यु, किराये के मकान में रहती हैं बच्चों के साथ

**जासं, कुशीनगर :** नगर के बेलवा चुंगी मोहल्ले में किराए के मकान में दो बच्चों के साथ रहने वाली महिला का बुधवार की रात गला रेतकर हत्या का प्रयास किया गया। घर से सात किमी दूर पडरौना के सहुआडीह के पास रात लगभग नौ बजे घटना को अंजाम देने वाले दोनों युवक जान पहचान के ही हैं।

पीड़िता के बहन के बीमार होने का बहाना बनाकर बाइक से साथ लेकर निकले थे। अंधेरे का लाभ उठाकर किसी तरह वहां से भागकर विधवा ने पुलिस को सूचना दे अपनी जान बचाई। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने गुरुवार की दोपहर बाद जिला अस्पताल से गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पुलिस आरोपितों की तलाश में लगी है।



जिला अस्पताल से स्वजन के साथ घायल सिंपू (बाएं) • जागरण

घटना का कारण अभी सामने नहीं आ पाया है।

जटहां के अकबरपुर के दिनेश उर्फ पप्पू कुशवाहा की चार वर्ष मृत्यु हो गई तो उनकी पत्नी सिंपू अपने दो बच्चों हिमांशु (छह वर्ष) व अर्पित (चार वर्ष) के साथ पडरौना के बेलवा चुंगी में आकर रहने लगीं। सिलाई-कढ़ाई कर बच्चों की परवरिश करती हैं। रात को पडरौना के ही नौका टोला का सूरज गौतम व माघी मठिया का चंदन शर्मा ने मोबाइल से फोन कर बताया कि लक्ष्मीगंज में रिश्तेदारी रहने वाली तुम्हारी बहन गोल्डी की तबीयत खराब है। रामकोला के अस्पताल में भर्ती है। तुमको बुला रही है। पुलिस के अनुसार बच्चों को कमरे पर ही छोड़कर सिंपू पडरौना के एक माल के सामने पहुंची तो दोनों उसको बाइक से लेकर निकले। सहुआडीह के पास सुनसान स्थान पर लघु शंका की बात कहकर रुके।

इस बीच अचानक गले पर धारदार हथियार से गला रेतने लगे। अंधेरे का लाभ उठाकर किसी तरह महिला भगा निकली और डायल-112 पर फोन किया। पडरौना कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। जिला अस्पताल ले गई। रक्तस्राव अधिक देख चिकित्सकों ने टांका लगाया तो अन्य उपचार किया। एसएसआइ राजेश विश्वकर्मा ने बताया हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। घटना की वजह अभी सामने नहीं आ पाई है। जांच की जा रही है।

**सूरज से सिंपू का है पुराना परिचय :** पुलिस के अनुसार सिंपू की सूरज गौतम से पुरानी जान पहचान है। वह उसके किराए के कमरे पर भी अक्सर आता-जाता रहता है। उसी विश्वास में सूरज ने सिंपू को घर से बुलाया था। दोनों के रिश्ते के पहलू को लेकर भी पुलिस जांच कर रही है।

# शिक्षकों ने बनाई मंडलीय धरने की रणनीति




हाटा के श्रीगांधी इंटर कालेज परिसर में मंडलीय धरने के लिए एकजुटता का प्रदर्शन करते शिक्षक ● जागरण

**जासं, हाटा**: श्रीगांधी स्मारक इंटर कालेज हाटा परिसर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की बैठक हुई। इसमें मंडलीय धरना की रणनीति बनाई गई और जिलामंत्री अनिल कुमार दूबे की देखरेख में तहसील इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ।

सर्वसम्मत से रामसुमिरन मौर्य को अध्यक्ष, डा.बृजेश कुमार चौहान को मंत्री, अमित विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष और अनूप कुमार कुशवाहा को उपमंत्री चुना गया। जिला प्रतिनिधि का दायित्व गोविंद प्रसाद वर्मा, धर्मेंद्र त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद, रामसुमिरन मौर्य, अरविंद कुमार व डा.बृजेश कुमार चौहान को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष यशवंत भारती ने प्रसन्नता जताई। जिलामंत्री ने कहा कि नई कार्यकारिणी ऊर्जा के साथ शिक्षक हित में कार्य करेगी। संगठन पुरानी पेंशन व समान कार्य के लिए समान वेतन समेत विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। जिला उपाध्यक्ष गोविंद प्रसाद वर्मा ने कहा कि 18 सितंबर को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय परिसर में होने वाले धरने में जनपद के शिक्षक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में धर्मेंद्र त्रिपाठी, ओमप्रकाश, देवेंद्र प्रसाद, अजय कुमार वर्मा, अशोक कुमार, अजय कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिया की रेलिंग क्षतिग्रस्त, हादसे की आशंका

**जासं, साखोपार**: कसया से पडरौना होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-28 बी पर बहोरापुर पचफेड़ा ब्रह्मस्थान के समीप बना सेमरहनी पुल का रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे हादसे की आशंका बनी हुई है। इस समस्या को लेकर अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। यहां कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।



कसया-पडरौना एनएच 28 बी स्थित पचफेड़ा बाबा ब्रह्मस्थान के समीप रेलिंग विहीन पुलिया● जागरण

राष्ट्रीय राजमार्ग सेमरहनी पुल के पास पिछले एक वर्ष से पुल का रेलिंग क्षतिग्रस्त है। इसके बावजूद मरम्मत कार्य नहीं हो रहा है। इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन आते-जाते हैं। दिन में तो यह रेलिंग दिखाई देता है, लेकिन रात के समय कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संवेदनशील स्थान पर अधिकारियों की नजर नहीं पड़ रही है। लोगों का कहना है कि कई जगह सड़क भी क्षतिग्रस्त है। पुल का एप्रोच भी टूटा हुआ है। इसके बाद भी विभाग सुध नहीं ले रहा है। पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता मृत्युंजय कुमार ने कहा कि इसे दिखा रहा हूं। दुरुस्त कराया जाएगा।

# पकड़े गए दो नाबालिग चोर

**गोबरहीं :** कसया के अहिरौली राजा चौराहा पर गुरुवार को दोपहर में दो नाबालिग बाइक की बैटरी खोलते रंगे हाथ पकड़े गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सिपुर्द कर दिया। कुंदन यादव व मोहन की बाइक सहकारी समिति के गोदाम के बरामदे में खड़ी थी। दोनों युवक बैटरी खोल रहे थे कि ग्रामीणों ने पकड़ लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष दिग्विजय नारायण ने बताया कि ऐसी किसी भी घटना की अभी सूचना नहीं मिली है।

# दुकान में सीसी कैमरा न होने पर होगी कार्रवाई

- 30 सितंबर तक की मोहलत, कैमरा लगा है या नहीं, जांच करेगी टीम
- शहर के कई दुकानों में नहीं लगे हैं कैमरे

**जासं,पडरौना :** औषधि एवं प्रशासन विभाग की दुकानदार नहीं सुन रहे हैं, जिसकी वजह से सीसी कैमरा नहीं लग पा रहा है। ऐसे में विभाग ने उन संचालकों को तीसरी बार मौका दिया है, जिन दवा की थोक व फुटकर दुकानों में सीसी कैमरा नहीं लगा है। चेताया है कि 30 सितंबर तक लगवा लें, अन्यथा विभाग अभियान चलाकर दुकानों की जांच करेगा। जिले में लगभग 2018 दवा की दुकानें है, जिसमें 675 थोक व 1343 फुटकर की दुकानें शामिल हैं। इसमें से अभी तक 1643 दुकानों पर कैमरा लगा है। 375 पर अभी लगना है। दुकानों पर लगे कैमरे की फुटेज की जांच जिला औषधि नियंत्रण प्राधिकरण, औषधि निरीक्षक, बाल संरक्षण पुलिस अधिकारी द्वारा औचक किया जा सकता है।

**दुकान के अंदर व बाहर कैमरा लगवाना अनिवार्य** : केंद्रीय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में कुशीनगर में बच्चों में ड्रग्स एवं अन्य नशीले पदार्थों के व्यसन एवं बिक्री व अवैध ट्रैफिकिंग रोकने के लिए डीएम उमेश मिश्रा के आदेश के क्रम में मेडिकल, फार्मेसी दुकानों में सीसी कैमरा लगाने एवं शेड्यूल एक्स व एच औषधियों का अभिलेख सुरक्षित रखने के लिए निर्देशित किया गया है। इन दवाओं की बिक्री करने वाली दुकानों के अंदर व बाहर कैमरा लगाना अनिवार्य है।

ड्रग इंसपेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने कहाकि प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री के निर्धारित मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। जिन दुकानों में कैमरे नहीं लगे हैं, वे शीघ्र ही लगवाकर सूचना विभाग को उपलब्ध कराएं।

# घर में सो रही नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, तहरीर

दुदही : विशुनपुरा क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की देर रात घर में सो रही नाबालिग को पड़ोस के ही दूसरे समुदाय के युवक ने घर में घुसकर जबरिया उठाकर अंधेरे में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। नाबालिग के शोर पर स्वजन पहुंचे व आरोपित को पकड़ने का प्रयास किए तो चाकू दिखाकर फरार हो गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने 175 लीटर शराब नष्ट कराया

**बरवापट्टी:** बरवापट्टी पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2022 व 2023 के कुल 31 मुकदमों में बरामद अवैध अंग्रेजी व कच्ची आदि कुल 175 लीटर को न्यायालय के आदेश के क्रम में गुरुवार को नष्ट कराया। इस दौरान सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा, एपीओ कसया नवनीत कुमार त्रिपाठी, एसओ उमेश कुमार सिंह की उपस्थिति में थाना परिसर में गड्ढे में अवैध शराब डलवाकर ऊपर से मिट्टी डालकर नष्ट करवाया गया।

# गोवंश की हत्या कर मांस बेचने के तीन आरोपी भेजे गए जेल

## घटना में अन्य लोगों के शामिल होने का अंदेशा, जांच कर रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** गोवंश की हत्या कर मांस बेचने वाले तीन लोगों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया। इनके पास से 90 किलो मांस, धारदार हथियार व किलो-तराजू बरामद हुआ इसमें कुछ और लोगों के शामिल होने की आशंका है। इसकी जांच पुलिस कर रही है।

थाना क्षेत्र के धनौजी आबादकारी गांव के पास एक खेत में गोवंश की हत्या के मामले में तीन लोगों को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार किया था। पुलिस को मौके से लगभग 90 किलो मांस, तराजू, धारदार हथियार, प्लास्टिक का बोरा, दो साइकिल आदि सामान बरामद हुआ था। पकड़े गए यासिन, एनुल, मंसूर निवासी धनौजी के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। इनसे पूछताछ में पुलिस को अहम जानकारी मिली है।

हत्या के लिए कहां से लाया गया था गोवंश, कहां सप्लाई होना था मांस, कब से क्षेत्र में चल रहा है धंधा, इस रैकेट में कितने लोग शामिल हैं, ऐसे कई बिंदुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है। लोगों को भी इस रहस्य से पर्दा उठने का इंतजार है। जहां गोवंश की हत्या की गई थी और मांस बरामद हुआ था, वहां से धारदार हथियार सहित सामान के साथ बाट, तराजू भी पुलिस को मिले थे। इससे साबित होता है कि मांस को बकायदा तौल कर सप्लाई की तैयारी थी।

इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह का कहना है कि गोवंश की हत्या व मांस के साथ गिरफ्तार तीन लोगों को चालान किया गया है। इसमें शामिल कुछ और लोगो की तलाश की जा रही है। इस मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

# बिना परमिट के काटी लकड़ी पकड़ी

**खड्डा।** रामपुर गोनहा गांव में बिना परमिट के ही कीमती लकड़ी काटी जा रही थी। सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने उसे कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। खड्डा वन क्षेत्र के रामपुर गोनहा गांव के जंगल टोला में सागौन की लकड़ी काटने की सूचना बृहस्पतिवार को वन विभाग को मिली। इसको गंभीरता से लेते हुए वन विभाग के अधिकारी अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कटी लकड़ी को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय ले गए। संवाद

# सौतेली मां के कत्ल के आरोप में बेटे पर केस

## पिता की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई, सौतेले बेटे ने चाकू घोंपकर की थी हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

**हाटा।** सौतेली मां की हत्या के आरोपी बेटे पर पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सब्जी छीलने वाला चाकू बरामद कर लिया है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेजवा दिया।



हत्या का आरोपी दीपलाल। संवाद

बुधवार की रात में हाटा कोतवाली क्षेत्र के सिकटिया गड़ेरीपट्टी गांव के रहने वाले दीपलाल पर अपनी सौतेली मां मंजू देवी के पेट में चाकू घोंपकर घायल करने का आरोप लगा था। इलाज के लिए हाटा सीएचसी ले जाते समय उसकी मां की मौत हो गई थी। रात को हुई इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया था। बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के दौरान आरोपी नशे में धुत था।

उसी दौरान उसकी मां से कहासुनी हो गई और आरोपी ने उसके ऊपर हमला कर दिया। घटना के बाद मृतका के पति और आरोपी के पिता श्रीकांत की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे दीपलाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया है। इस संबंध में हाटा के कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि आरोपी के पिता तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया। वहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

### नशा उतरा तो मां को पूछने लगा हत्यारोपी सौतेला बेटा

**हाटा।** सौतेली मां की हत्या करने का आरोपी बेटा बृहस्पतिवार को पुलिस की गिरफ्त में एकदम शांत दिखा। नशे ने उसे मां का हत्यारा बना दिया था। रात में तो वह नशे की हालत में ही रहा। सुबह जरूर उसने एक दो बार अपने मां के बारे में पुलिस वालों से पूछा। वह पूछ रहा था कि उसकी मां कहां है। ऐसा लग रहा था कि उसे अभी भी यह पता नहीं था कि अब उसकी मां इस दुनिया में नहीं है। बुधवार की रात को हाटा कोतवाली क्षेत्र के सिकटिया गड़ेरीपट्टी गांव के रहने वाले दीपलाल ने अपनी सौतेली मां को चाकू गोदकर मार डाला था। पुलिस ने उसे रात में ही हिरासत में ले लिया था। बृहस्पतिवार को उसी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह नशे की हालत में होने कारण कुछ भी कहने और बताने की हालत में नहीं था। पुलिस की गिरफ्त में वह कुछ भी बोल नहीं रहा था। उसने एक दो बार पूछा कि मां कहा है। गांव के लोगों ने बताया कि वह काफी समय से नशे का आदि था। इससे उसकी मां काफी परेशान रहती थी। नशे की हालत में आकर आए दिन वह घर परिवार में लड़ता रहता था। बुधवार को वही हो रहा था कि अचानक उसके हाथ से मां का कत्ल हो गया। जेल जाने के दौरान उसके चेहरे पर पछतावा दिख रहा था, लेकिन वह कुछ भी बोलने की हालत में नहीं था।

# बच्चा बदलने के मामले से पुलिस ने कसा किनारा, अब सीएमओ ने शुरू कराई जांच

**रामकोला।** सीएचसी पर प्रसव के बाद बच्चा बदलने के मामले में स्वास्थ्य महकमे ने जांच शुरू की है। बृहस्पतिवार को सीएचसी पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। लेबर रूम में ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्यकर्मियों का बयान टीम ने दर्ज किया। करीब दो घंटे तक लेबर रूम में रखे गए अभिलेखों को खंगाला, लेकिन बच्चा बदलने का कोई साक्ष्य कागजों में नहीं मिला। पीड़ित महिला को इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। इसलिए वह सीएचसी पर नहीं पहुंच सकी। उस महिला के मोबाइल पर फोन किया गया, लेकिन रिसीव नहीं होने के कारण बात नहीं हो सकी। देवरिया के अमरी गांव निवासी राजेश कुमार की 28 वर्षीय पत्नी इंद्रावती अपने मायके रामकोला के पकड़ी बांगर गांव में थी। उसे प्रसव पीड़ा होने पर घरवाले 7 दिसंबर को सुबह सीएचसी पर ले आए। 9:22 बजे इंद्रावती को प्रसव हुआ और स्टाफ नर्स ने बेटी पैदा होने की जानकारी दी। संवाद

## चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**रामकोला।** कस्बा के विक्रमादित्य नगर में दो गुमटियों में हुई चोरी के सामान के साथ बृहस्पतिवार को पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। कस्बा निवासी रवि कुमार गुप्ता व राजू चौरसिया ने पुलिस को तहरीर दिया था कि वे कसया रोड स्थित सिनेमा हाल के पास गुमटी में दुकान चलाते हैं। मंगलवार की रात उनकी गुमटी का ताला तोड़कर कर रखा सोलर बैटरी, पंखा और दो हजार रुपए समेत अन्य समान उठा ले गए। संवाद

## चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ एक गिरफ्तार

**तमकुहीराज/गंगुआ बाजार।** थाना क्षेत्र समउर क़स्बा स्थित कोटवा टीकमपार मोड़ से पुलिस ने चोरी की तीन मोबाइल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस बरामद मोबाइल को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। समउर बाजार पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों ने रात गश्त के दौरान कस्बा फाजिलनगर जाने वाले मार्ग के कोटवा टिकम्पार मोड़ पर संदिग्ध दिखे युवक को पकड़ लिया। संवाद

## एकमुश्त भुगतान के लिए तीसरे दिन भी दिया धरना

**तमकुहीराज।** तहसील परिसर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य की तरफ से एकमुश्त भुगतान की मांग को लेकर चल रहा धरना बृहस्पतिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने मांग पूरी होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी। परिवार के साथ धरने पर बैठे पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामाधार तिवारी ने कहा कि निजी कंपनी ने रुपये जमा कराए तब एकमुश्त भुगतान का वायदा किया था। संवाद

## बिजली उपकेंद्र पर हंगामे के मामले में 6 नामजद

**कसया।** बिजली नहीं मिलने से नाराज लोगों की ओर से उपकेंद्र पर हंगामा करने के मामले में एसएसओ (सब स्टेशन ऑपरेटर) की तहरीर पर कसया थाने की पुलिस ने छह नामजद सहित 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।मंगलवार की रात कसया ग्रामीण उपकेंद्र से जुड़े हेतिमपुर फीडर का तार गिरने की वजह से बिजली आपूर्ति नहीं हो रहीं थी। संवाद

# जमीन विवाद में मारपीट, केस दर्ज जांच में जुटी पुलिस

**कसया।** कुड़वा दिलीपनगर के गुरमिया माफी टोला में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में कसया पुलिस ने केस दर्ज किया है। कालिंदी पत्नी अर्जुन यादव की तहरीर पर सात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

बीते रविवार को गुरमिया माफी में रमेश यादव और फेंकू यादव के बीच दीवार खड़ी करने को लेकर मारपीट हो गई थी। दोनों तरफ से कई लोग घायल हो गए थे। फेंकू यादव को गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनको डाक्टरों ने गोरखपुर रेफर कर दिया था। आज भी उनका इलाज चल रहा है। फेंकू की बहू की तहरीर के आधार पर सात लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। इस संबंध में एसआई संदीप यादव ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। संवाद

# बाइक सवारों पर चढ़ा बेकाबू ट्रैक्टर, तीन गंभीर



ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से घायल बाइक सवार महेंद्र। संवाद

पडरौना। ईंट लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई। एक बाइक पर सवार तीन युवक उसकी चपेट में आ गए। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने ट्रैक्टर को रोक लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और ट्रैक्टर को थाने भेजा।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के गोड़रिया बाजार निवासी राहुल (17), अनिल मद्धेशिया (30), महेंद्र कुमार (29) बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 12 बजे बाइक से कुबेरस्थान जा रहे थे। सामने से ईंट लेकर तेज गति से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित हो गई और बाइक को चपेट में ले लिया। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। तीनों युवकों के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

इनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। कुबेरस्थान थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लिया गया है। चालक को हिरासत में लिया गया है। ट्रैक्टर की तेज गति होने के कारण हादसा हुआ है।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

## न्यायालय गेट पर प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने जलाया सरकार का पुतला

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जनपद सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन कुशीनगर की तरफ से बृहस्पतिवार को न्यायालय गेट पर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार का पुतला जलाया। इसमें अधिवक्ताओं ने हापुड़ कांड का विरोध कर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की।

एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोपालजी तिवारी ने कहा कि काफी पहले से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट बना है। इसमें किसी भी अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार अथवा मारपीट करने वाले व्यक्ति को सात वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इस एक्ट को सभी राज्यों को लागू करने की स्वतंत्रता है।

राजस्थान सरकार ने इस कानून को लागू कर दिया है। लेकिन, यूपी सरकार ने इस कानून को लागू नहीं किया है। यदि यह एक्ट प्रदेश में लागू हो जाए तो हापुड़ जैसी घटनाएं बंद हो जाएंगी।

महामंत्री राकेश कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष अखिलेश मणि व रामेश्वर ओझा, शशिभूषण दीक्षित, त्रिपुरारी मिश्रा, जन्मेजय तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, अखिलेश तिवारी, डीएन तिवारी आदि ने चेताया कि सरकार यदि शीघ्र अधिवक्ताओं की मांग पूरी नहीं करती है, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान विनय मिश्रा, अरविंद शर्मा, श्यामा यादव, राजकुमार यादव, केपी तिवारी आदि मौजूद रहे।



सरकार का पुतला जलाते सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता। संवाद

**खड्डा** प्रतिनिधि के अनुसार, हापुड़ घटना को बृहस्पतिवार को अधिवक्ताओं ने खड्डा तहसील परिसर में प्रदर्शन कर सरकार का पुतला जलाया। संघ के अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल ने कहा कि हापुड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराना चाहिए।

प्रदर्शन को अरविंद पांडेय, अमीयमय मालवीय, ओमप्रकाश लाल श्रीवास्तव, भानु पांडेय आदि ने संबोधित किया। इस दौरान अखिलेश पांडेय, ज्योतिर्मय मालवीय, सुनील कुमार चौधरी, मोहन कुशवाहा, नागेंद्र कुमार गौतम, नुरुल होदा, नित्यानंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

**अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन बंद कराया निबंधन कार्यालय : पडरौना।** हापुड़ की घटना को लेकर बृहस्पतिवार को कप्तानगंज और तमकुहीराज के अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इसमें अधिवक्ताओं ने सरकार का पुतला जलाकर हापुड़ के अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की और आरोपी पुलिसकर्मियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। कप्तानगंज में नाराज अधिवक्ताओं ने निबंधन कार्यालय बंद करा दिया।

कप्तानगंज तहसील के अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार को नारेबाजी करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय बंद करा दिया। इसके बाद सरकार का पुतला जलाकर राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन एसडीएम व्यास नारायण उमराव को सौंपा।

अधिवक्ताओं चेताया कि यदि शीघ्र मांगे पूरी नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा इस दौरान संघ के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, महामंत्री अरुण कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्रा, शैलेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने जताया विरोध

**कसया।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर कुशीनगर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन कसया कुशीनगर के अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार को दीवानी न्यायालय कसया में पुलिस प्रशासन का पुतला जलाया। उसके बाद न्यायिक कार्य से विरत रहे। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस की कार्रवाई से नाराज अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के विरोध में नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। उसके बाद दीवानी न्यायालय के गेट पर पुलिस प्रशासन का पुतला जलाया। महामंत्री दीन दयाल मल्ल, जयप्रकाश यादव, आंनद राय, शिवशंकर यादव आदि रहे। संवाद

## चार वांछित गिरफ्तार

**तमकुहीराज।** बृहस्पतिवार को तमकुहीराज पुलिस ने वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। चारों आरोपियों की पहचान नगर पंचायत के गुदरी मोहल्ला निवासी मंजूर आलम, गुदरी मोहल्ला के साहब, वार्ड न सात निवासी मनोज उर्फ़ गुड्डू और गोड़इता श्रीराम निवासी मोतीलाल गोंड के रूप में हुई है। संवाद

# मां की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न का केस

पडरौना। तरयासुजान थाना क्षेत्र के जमसड़िया गांव के जमसड़ा टोला में जिस नवविवाहिता की घर में लाश मिली थी, उसकी मां की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।इसके गांव के शकील उर्फ मुन्ना अंसारी की पत्नी सनम खातून की बुधवार को घर में मृत हाल में मिली थी।

दस माह पूर्व ही दोनों की शादी हुई थी। सनम खातून की डुमरिया गांव की निवासी मां नूरसब्बा खातून ने बृहस्पतिवार को थाने में दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए ससुरालवालों के खिलाफ तहरीर दी। तरयासुजान के इंस्पेक्टर अमित शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2023

# पूर्व भाजपा नेता की तलाश में कई जिलों में दी दबिश

**महराजगंज, निज संवाददाता।** हत्या, रेप में आरोपित पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा को पुलिस नौ दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। लखनऊ, प्रयागराज समेत कई जिलों में पुलिस तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक उसका सुराग नहीं लग सका है। इस प्रकरण अभी तक नगर चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिस कर्मी निलंबित हो चुके हैं। कोतवाल समेत चौदह पुलिस कर्मी लाइन हाजिर हैं। एक सिपाही समेत दो को जेल भेजा जा चुका है।

पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा के खिलाफ उनके ही मकान में किराया पर रहने वाली युवती ने केस दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस पर मैनेज कराने का आरोप लगा था। विवेचना में यह बात सामने आई कि पूर्व भाजपा नेता ने पीड़िता को नौ लाख देकर बयान बदलने के लिए डराया धमकाया था। पुलिस ने पीड़िता के पास से नौ लाख बरामद कर लिया है। पीड़िता की छोटी बहन का भी पुलिस मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करा चुकी है। पर आरोपित भाजपा नेता की फरारी से विधिक प्रक्रिया लंबी होती जा रही है। इस मामले में सीओ सदर अजय सिंह चौहान का कहना है कि विवेचना चल रही है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीम लगी हैं।

# चार अरोपियों पर छेड़छाड़ का केस

**चौक बाजार।** चौक थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला की तहरीर पर पुलिस ने घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने वाजिद अली, अमजद अली, जैतुन निशा, जुलेखा पर केस दर्ज किया है। एसओ प्रशांत पाठक ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# एनआईए की रेड का अलीगढ़ कनेक्शन

**अलीगढ़/महराजगंज।** महराजगंज में एनआईए की टीम द्वारा की गई छापेमारी का कनेक्शन अलीगढ़ से भी जुड़ गया है। जिस डॉक्टर के घर में छापेमारी की गई है, उनके दामाद अलीगढ़ में फैशन डिजाइनिंग करते हैं। वहीं जिस हॉस्टल में वह यहां रह रहे थे, उस हॉस्टल में बीते जुलाई माह में एनआईए ने झारखंड निवासी फैजान को प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के साथ कथित संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया था।

अलीगढ़ में रहते हुए देश में आतंकी हमले की प्लानिंग करने वाले एएमयू छात्र 19 वर्षीय फैजान अंसारी उर्फ फैज के प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के साथ कथित संबंधों के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार किया था। एनआईए ने दावा किया था कि वह युवाओं को कट्टरपंथ के रास्ते पर ले जा रहा था। वह भारत में आईएसआईएस के कैडर बेस को मजबूत कर रहा था।

## सोशल मीडिया पर युवाओं को बरगला रहा था फैजान

एनआईए के अनुसार, फैजान ने भारत में आईएसआईएस गतिविधियों का समर्थन करने और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर संगठन के प्रचार को फैलाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से अपने सहयोगियों और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ एक आपराधिक साजिश रची थी। इस साजिश का मकसद आईएसआईएस की ओर से भारत में हिंसक आतंकी हमले करना था। इस इनपुट के बाद एनआईए फैजान के संपर्क में आने वाले सभी लोगों तक पहुंच रही है।

उसके पास से कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की गईं थीं। एनआईए की टीमों ने झारखंड और उत्तर प्रदेश में उसके घर और किराए के आवास पर तलाशी के बाद उसे गिरफ्तार किया था। फैजान मूलतः झारखंड के लोहरदगा जिले का रहने वाला है। इसी छापेमारी को आगे बढ़ाते हुए एनआईए ने महराजगंज के फरेंदा के रहने वाले डा. फजले हक के घर में छापेमारी की है।

**फैजान के संपर्क में तो नहीं रहा था तल्हा:** गुरुवार को एनआईए की टीम ने डा. फजले हक की एएनएम पत्नी, दक्षिण अफ्रीका से लौटे बेटे व बेटी से भी पूछताछ की। फजले हक यूनानी डॉक्टर है। पूछताछ के बाद घर से लैपटॉप और कुछ कागजात भी कब्जे में लिए हैं। बेटी शाहिदा मामून की शादी बिहार के सिवान के तलहा जरनैल से हुई है। तलहा जरनैल अलीगढ़ में फैशन डिजाइनिंग का कार्य करता है। दामाद तलहा फरेंदा में कपड़े की दुकान खोलना चाहता है। एनआईए के मुताबिक तलहा अलीगढ़ में पढ़ाई के समय जिस हास्टल में रहता था, वहीं से पिछले दिनों सुरक्षा एजेंसियों ने संदिग्ध फैजान को गिरफ्तार किया था। इसी कनेक्शन को लेकर एनआईए यहां जांच करने पहुंची थी।

# छापेमारी के बाद कुछ भी बोलने से बचता रहा परिवार

## बिहार के सीवान जिले के चौकी हसन गांव का रहने वाला है तलहा, डा. फजले हक भी बिहार के मूल निवासी

- मेट्रिमोनियल एप से तलहा ने बीती जुलाई में की थी शादी
- बेटी की शादी के बाद से शुरू हुआ पुलिस के आने का सिलसिला

जासं, आनंदनगर : जिले के फरेंदा निवासी डा. फजले हक के घर गुरुवार की भोर में हुई एनआइए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) की छापेमारी के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। एनआइए की टीम गुरुवार को सुबह जिस तलहा जरनैल की खोज में आई थी, वह मूलतः सीवान जिले के बिहार प्रांत के चौकी हसन गांव का निवासी है। अभी पिछले जुलाई 2023 में ही आरोपित ने मेट्रिमोनियल एप के माध्यम से डा. फजले हक की बेटी से शादी की थी। बताया जा रहा है, कि शादी के बाद से ही डा. फजले हक के घर आए दिन पुलिस का आना-जाना लगा रहता है। एनआइए की छापेमारी के बाद कुछ भी डा.



फरेंदा स्थित डा. फजले हक के घर के सामने तैनात पुलिस• जागरण

फसले हक के स्वजन कुछ भी बोलने से बचते रहे। बताया जाता है, कि 25 वर्ष पूर्व डा. फजले हक भी बिहार प्रांत के जमात हाता गोपालपुर सीवान छोड़कर महराजगंज के पुरंदरपुर में आकर बसे थे। फरेंदा में भी भूमि ले ली थी। तलहा जरनैल डा. फजले हक की बेटी की शादी से पहले से ही अलीगढ़ में फैशन डिजाइनिंग का कार्य करता था। लोगों ने बताया कि तभी से वह सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर है।

### पहले ही निकल गया था तलहा जरनैल

गुरुवार की भोर में तलहा की तलाश में पहुंची एनआइए की टीम को काफी तलाश के बाद भी जब कुछ नहीं मिल सका, तो घर से बरामद तलहा का लैपटाप और कुछ कागजात वह साथ लेकर चली गई। अबतक की सूचना के मुताबिक तलहा के घर पर होने की ही सूचना को लेकर एनआइए की टीम ने छापेमारी की थी, लेकिन वह बुधवार की शाम को ही लखनऊ चला गया था।

# सीमा पर जाम में कटिंग का खेल, चार पर केस

## कार्रवाई

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** भारत-नेपाल की सोनौली सीमा पर लगे वाहनों के जाम के बीच लोगों की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। वहीं लाइन तोड़कर ट्रकों की कटिंग का खेल भी शुरू हो गया है। बुधवार की रात छपवा बाईपास पुलिस चौकी के पास इसे लेकर सड़क पर खड़े वाहन चालकों ने इसे लेकर विरोध जताया। पुलिस ने लाइन तोड़कर कस्बे के रास्ते अंदर घुसते एक ट्रक को पकड़कर सीज कर दिया। इस मामले में ट्रक चालक की तहरीर पर एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

ट्रकों से अवैध वसूली के जरिए लाइन तोड़कर आगे पहुंचाने का खेल की सूचना पर पुलिस महकमे भी हड़कंप मच गया। छपवा पुलिस चौकी पर बुधवार की रात देखते-देखते पूरे थाने की पुलिस फोर्स इकट्ठा हो गई। पुलिस टीम पूरी रात सड़कों पर ही दौड़ लगाती रही। कई पुलिस उप निरीक्षकों की जिम्मेदारी तय कर दी गई। इसी दौरान हरियाणा से सामान लादकर नेपाल जा रहे ट्रक को पुलिस ने उसे उस वक्त पकड़ लिया, जब वह छपवा टोल प्लाजा के निकट से एक दलाल के जरिए लाइन तोड़कर कस्बे के मुख्य मार्ग पर दाखिल हो रहा था।



कतार में खड़े ट्रकों की कटिंग की सूचना पर रात भर पुलिस धर-पकड़ को दौड़ती रही। • हिन्दुस्तान

> कटिंग करने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई है। एक ट्रक चालक से पूछताछ के बाद एक नामजद व 3 अज्ञात पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए उनके मोबाइल डिटेल खंगाले जा रहे हैं।
>
> **मनोज कुमार राय**, एसओ-नौतनवा

मुरादाबाद के रहने वाले ट्रक चालक असलम ने बताया कि उसे रंजीत नामक व्यक्ति ने फोन कर संपर्क किया था। उसने ढाई हजार रुपये वसूल कर कस्बे के रास्ते नेपाल पहुंचाने की बात कही थी। नौतनवा पुलिस ने चालक के बयान दर्ज के बाद कटिंग के खेल में संलिप्त दलालों पर नकेल कसने में जुट गई है। पुलिस ने रंजीत एवं तीन अज्ञात दलालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाना शुरू कर दिया है। ट्रक सीज कर दिया गया है।

ट्रक चालकों और दलालों के बीच हुई मोबाइल से बातचीत का ब्योरा निकालने के लिए पुलिस ने सर्विलांस का मदद लिया है।

# तीसरे दिन भी चर्चित चेहरों को ढूंढती रही एसओजी

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिला अस्पताल में मरीजों को बरगलाकर ठगी करने वाले चर्चित चेहरों यानी दलालों को पकड़ने का अभियान अभी थमा नही हैं। गुरुवार को भी एसओजी टीम अस्पताल में इन चेहरों को ढूंढती रही, लेकिन भनक लगते ही ओपीडी में पहुंचे दो चर्चित चेहरे कुर्सी पर शांत से बैठे रहे। टीम के जाते ही फरार हो गए।

जिला अस्पताल में मरीजों को बरगलाकर आर्थिक शोषण कर रहे दलालों पर शिकंजा कसना थमा नहीं है। गुरुवार को एसओजी टीम अस्पताल परिसर से लेकर ओपीडी, पैथॉलोजी, एक्स-रे, ट्रॉमा सेंटर और महिला अस्पताल में चर्चित चेहरों की पहचान करने में जुटी रही। भागने के बजाय कुर्सी पर शांत से बैठ गए। चर्चित चेहरे कुर्सी से उठे और मेन ओपीडी

> जिला अस्पताल में दलालों की सक्रियता की शिकायत जिला प्रशासन को बार-बार मिल रही है। इसे लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। एसओजी टीम कभी भी अस्पताल में पहुंच सकती है। पकड़े जाने पर कार्रवाई तय है।
>
> -**डॉ. एपी भार्गव**, सीएमएस

गेट को छोड़ पुरानी इमरजेंसी गेट से बाहर निकल गए। एसओजी टीम ने अस्पताल में छापेमारी कर करीब एक दर्जन चर्चित चेहरे को उठा ले गई। एसओजी की कार्रवाई से अस्पताल से दलाल गायब से हो गए हैं।

**चर्चित चेहरों को अब डॉक्टर भी नहीं दे रहे भावः** एसओजी टीम की कार्रवाई से अस्पताल के डॉक्टर भी अब चर्चित चेहरों को भाव नहीं दे रहे हैं। इसे देख ओपीडी में दलाल खुद परहेज करने लगे हैं।

# महराजगंज में डॉक्टर के घर एनआईए की छापेमारी, हड़कंप

फरेंदा (महराजगंज), हिसं। महराजगंज के आनंदनगर कस्बे में एनआईए की टीम ने गुरुवार की भोर में छापेमारी की। विकासनगर मोहल्ले में डॉ. फजले हक के घर में करीब सात घंटे तक छानबीन चलती रही। बताया जा रहा है कि टीम आतंकी कनेक्शन के शक में आई थी। छानबीन और पूछताछ के बाद टीम डॉ. हक के दामाद तलहा खान को लैपटॉप व अन्य कागजात के साथ लेकर चली गई।

चर्चा यह भी है कि तलहा खान को पूछताछ के लिए 21 सितंबर को रांची में हाजिर होने का नोटिस दिया गया है। हालांकि, तलहा खान को उठाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं है। आजमगढ़ में भी एनआई की टीम ने अधिवक्ता अशफाक अंसारी के घर पर छापा मारा। तीन घंटे छानबीन के बाद टीम उन्हें साथ लेकर लखनऊ चली गई।

गुरुवार की भोर में तीन बजे एनआईए व एसटीएफ की टीम आनंदनगर के विकासनगर मोहल्ले में पहुंची और डॉ. फजले हक के मकान का दरवाजा खुलवाकर अंदर दाखिल हो गई जबकि बाहर पुलिस वाले तैनात रहे। सुबह दस बजे तक घर के अंदर छानबीन और पूछताछ चलती रही। करीब दस बजे एनआईए की टीम घर से बाहर निकली। मीडिया के पूछे जाने पर कोई जवाब नहीं दिया। बताया जा रहा है कि फजले का दामाद रात करीब 9 बजे ससुराल पहुंचा था। छह घंटे के अंदर ही एनआईए की टीम पहुंच गई।

➤ वारंट के साथ आई थी P03

- आनंदनगर में आतंकी कनेक्शन की तलाश में सात घंटे तक चली कार्रवाई
- रात नौ बजे डॉक्टर का दामाद पहुंचा था ससुराल, भोर में आ धमकी एनआईए की टीम

## पहले भी हो चुकी पूछताछ

डॉ. फजले हक ने बताया कि उनके दामाद तलहा खान से पहले भी पूछताछ हो चुकी है। पुरंदरपुर थाने, गोरखपुर और लखनऊ में पुलिस ने पूछताछ कर तलहा को छोड़ दिया था। डॉ. फजले के मुताबिक उनके दामाद ने अलीगढ़ से पढ़ाई की है।

# मालवाहक ट्रकों से वसूली में चार पर मुकदमा

जासं, नौतनवा : गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रकों से अवैध वसूली के मामले में गुरुवार को पुलिस ने एक नामजद सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही लाइन तोड़कर भाग रहे एक ट्रक को पकड़कर सीज कर दिया।

इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने कहा कि बुधवार को चालक असलम निवासी टिल्लूपुरा थाना नखासा जिला संभल ने तहरीर दी कि वह दिल्ली से डिटर्जेंट पाउडर लेकर नेपाल जा रहा था। हाईवे पर जाम के कारण छपवा टोल प्लाजा पर ट्रक लेकर खड़ा था। एक व्यक्ति आया, अपना नाम रंजीत बताया और मोबाइल नंबर भी दिया। कहा कि ट्रक आगे पहुंचा देंगे, बदले में पांच हजार रुपये देने होंगे। इसी बीच तीन लोग और आ गए, स्वयं को पासिंग एजेंट बताने लगे। इसी बात पर चारों में विवाद हो गया। रुपये वापस मांगने पर रंजीत धमकाने लगा। चारों लोग जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित रंजीत व तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महराजगंज में डाक्टर के घर एनआइए का छापा, लैपटाप और दस्तावेज ले गई टीम

- यूनानी चिकित्सक डा. फजले हक के दामाद तलहा जनरैल के आतंकी कनेक्शन को लेकर पूछताछ
- फैशन डिजाइनर है बिहार का रहने वाला तलहा, 21 सितंबर को एनआइए ने रांची बुलाया

**जासं, महराजगंज** : पूर्वांचल में आतंकी कनेक्शन की जड़ें तलाश रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने गुरुवार की सुबह फरेंदा कस्बे में छापेमारी की। यूनानी चिकित्सक डा. फजले हक के घर पहुंची टीम ने उनके दामाद तलहा जनरैल, अफ्रीका से लौटे बेटे के अलावा बेटी और एएनएम पत्नी के बारे में जानकारी ली। सात घंटे पूछताछ के बाद टीम लैपटाप व अन्य दस्तावेज लेकर लौट गई। जाते समय तलहा जनरैल को 21 सितंबर को एनआइए के रांची कार्यालय पहुंचने का नोटिस भी परिवार को थमाया।

डा. फजले हक ने बताया कि फैशन डिजाइनिंग का काम करने वाला दामाद तलहा अलीगढ़ के जिस हास्टल में रहता था, वहीं के एक संदिग्ध को सुरक्षा एजेंसियों ने पिछले दिनों गिरफ्तार किया था। उसी मामले में एनआइए को तलहा से कुछ पूछताछ करनी थी। एक सप्ताह पूर्व भी एटीएस और स्थानीय पुलिस ने तलहा से पूछताछ की थी। तलहा के मोबाइल पर किसी मौलाना की कोई तकरीर आई थी, जिसके बारे में एनआइए जानना चाह रही थी। सूत्रों की मानें तो एनआइए ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र फैजान अंसारी को 20 जुलाई 2023 को झारखंड के लोहरदगा से गिरफ्तार किया था। फैजान के आतंकी कनेक्शन की बात सामने आई है। एनआइए उसी सिलसिले में तलहा से पूछताछ करना चाह रही है।



फरेंदा में डा. फजले हक के घर एनआइए की छापेमारी के दौरान मौजूद पुलिस टीम • जागरण

फरेंदा निवासी डा. फजले हक के परिवार से जुड़े इनपुट के आधार पर एनआइए की टीम पूछताछ करने आई थी। सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय पुलिस टीम भी लगी थी। पूछताछ के बाद टीम वापस चली गई है। तलहा जरनैल को एनआइए ने 21 सितंबर को पूछताछ के लिए रांची आफिस पहुंचने का नोटिस दिया है।

**-डा. कौस्तुभ**, पुलिस अधीक्षक महराजगंज

**फरेंदा में दुकान खोलने वाला था तलहा** : बिहार के सिवान से 25 वर्ष पूर्व पुरंदरपुर में आकर बसे डा. फजले हक ने फरेंदा कस्बे में मकान बनवाया। उनके भाई और परिचितों का अफ्रीका में कारोबार है। बेटा आफताब पांच-छह वर्षों से वहीं था। फजले हक की पत्नी रोशनजहां स्वास्थ्य विभाग में एएनएम हैं। बेटी शाहीदा मामून की शादी जुलाई में बिहार के सिवान में तलहा जरनैल से हुई है। पिछले दिनों बेटे के अफ्रीका से लौटने के बाद दामाद भी घर आ गया। वह फरेंदा में दुकान खोलने की तैयारी में था।

# ग्राम प्रधान व उसके भाई के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जासं, शिकारपुर:** घुघली थाना क्षेत्र के नन्दना गांव में ग्राम प्रधान उमेश साहनी व उसके भाई अनिल साहनी के विरुद्ध पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दिए तहरीर में पीड़ित केदार ने कहा है कि प्रार्थी अपने पतोहू के नाम से अनुदान आधारित सिलाई मशीन प्राप्त करने का आवेदन किया था। इसके लाभ हेतु ग्राम प्रधान द्वारा बहू का फोटो प्रमाणित करके जमा करना था। इसी कार्य हेतु चार दिनों से ग्राम प्रधान के यहां जा रहा थे। बीते 21 सितंबर को जब पुनः गया तो ग्राम प्रधान झल्ला उठे।

# चार पर छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज

जासं,चौक बाजार: क्षेत्र के एक गांव की महिला की शिकायत पर चौक पुलिस ने चार लोगों पर छेड़छाड़ व मारपीट का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर में लिख है कि गांव के वाजिद अली, अमजद अली, जैतून निशा, जुलेखा ने घर में घुस कर उसके साथ मारपीट, छेड़छाड़ की। थानाध्यक्ष चौक प्रशांत पाठक ने बताया कि जांच की जा रही है।

# सीमावर्ती 250 गांवों में दर्ज मुकदमे के आरोपितों का होगा सत्यापन

जासं, महराजगंज: नेपाल की सीमा से तस्करी और अन्य अपराधों को रोकने, देश विरोधी तत्वों की रोकथाम के लिए पुलिस ने आपरेशन कवच के तहत नई पहल की है। इसके तहत सीमा क्षेत्र से 10 किमी भारतीय क्षेत्र में बसे गांवों में 10 वर्ष के पुराने मुकदमो के आरोपितों का सत्यापन होगा।

पुलिस की टीम इन गांवों से लेकर बार्डर कनेक्शन की भी निगरानी करेगी। इसके लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग युनिट टीम के साथ अन्य सात थानों की टीम का गठन किया गया है। जो नेपाल सीमा से सटे 10 किमी रेंज के करीब 250 गांवों में सत्यापन का कार्य करेंगे। कई थाना क्षेत्रों में सत्यापन का कार्य शुरू हो गया है।

नेपाल की सीमा पर स्थित सभी आने-जाने वाले मार्ग, पगडंडियों का सत्यापन किया जाएगा। इसके साथ ही सीमा क्षेत्र के आसपास के गांवों में भारत के दूसरे प्रांत, जिलों से आकर बसे नागरिकों से उनके यहां पर आकर बसने का कारण भी पता करेगी। इतना ही नहीं इन गांवों में नेपाल से होने वाली तस्करी की भी जानकारी एकत्र कर उनपर पाबंदी लगाने का कार्य करेगी।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि योजना के तहत जिले के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बार्डर क्षेत्र के गांवों में कार्य किया जा रहा है। इसके तहत जिले के निचलौल, ठूठीबारी, बरगदवा, परसामलिक, सोनौली, नौतनवा और कोल्हुई थाना क्षेत्र के गांवों में पुलिस टीम द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है।

# हत्या का केस दर्ज कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज**। विशुनपुर अदरौना चौधरी टोला के नीरज चौरसिया ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि छोटेभाई की हत्या कराने वाले आरोपियों को केस दर्ज नहीं हुआ। नीरज चौरसिया ने कहा कि भाई दिनेश चौरसिया निवासी ग्राम-विशुनपुर अदरौना, चौधरी टोला आठ सितंबर को शाम लगभग चार बजे अधिया खेत में पैदा हुए फसल का हिसाब-किताब करने के लिये विशुनपुर अदरौना गया था। उसी समय आरोपियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। तबीयत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैंपियरगंज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। संवाद

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री से पूछताछ

## छेड़छाड़, मारपीट का आरोपी पूर्व भाजपा नेता नहीं चढ़ा पुलिस के हत्थे

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** छेड़छाड़, मारपीट और हत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी पूर्व भाजपा नेता का पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। हालांकि पुलिस की 15 टीमें लगातार छापे मार रही हैं। पूर्व भाजपा नेता के मददगारों से पूछताछ की जा रही है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री से पूछताछ की गई, लेकिन पुलिस इस बारे में कुछ भी बताने से बचती रही। उसने सिर्फ मददगारों से पूछताछ की जानकारी दी। उधर, न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ एनबीडब्ल्यू की कार्रवाई की अनुमति नहीं दी है।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी के मकान में कुछ पुलिसकर्मी किराए पर रहते हैं। उनसे पूछताछ की गई है। साथ ही नगर चौकी से लेकर कोतवाली तक के पुलिसकर्मियों को इधर-उधर कर दिया गया है। माना जा रहा था कि आरोपी तक सूचनाएं पहुंच रही थीं। इस वजह से उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। अब पुलिस आरोपी को जल्द धर दबोचने का दावा कर रही है।

आरोपी के मददगारों की एक-एक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। ताकि उसकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो जाए। इसलिए पुलिस भी अब फूंक-फूंककर कदम रख रही है। ताकि कोई सूचना लीक न हो जाए।

उधर, पीड़ित बहनें खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। पीड़िता ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि न्याय मिलेगा। पुलिस प्रशासन की ओर से की जा रही कार्रवाई देखकर लग रहा है कि आने वाले दिनों में आरोपी गिरफ्तार हो जाएगा।


भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष पर दुष्कर्म, हत्या का केस

छह सितंबर को प्रकाशित खबर।

### पूछताछ में एक बीमार चल रहा इलाज

जानकारी के मुताबिक, पुलिस मामले में अब तक 50 से अधिक लोगों ने पूछताछ कर चुकी है। इस दौरान आरोपी की मदद करने वाले एक व्यक्ति की तबीयत खराब हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, आरोपी के नेपाल में होने की संभावना को देखते हुए पुलिस अपनी रणनीति तैयार कर रही है। आसपास के जिलों में भी पुलिस निगहवानी कर रही है।

पूरे प्रकरण पर पुलिस की नजर है। टीम लगातार काम कर रही है। जरूरी होने पर पूछताछ की जा रही है। आरोपी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

**-डॉ. कौस्तुभ,** पुलिस अधीक्षक

# एनआईए की दस्तक से विकासनगर में सन्नाटा, सहमे लोग

## पाकिस्तानी कनेक्शन के संदेह में तलहा खान की ससुराल पहुंची टीम, होती रही तरह-तरह की चर्चा, खिड़कियों से झांकते दिखे लोग



फरेंदा कस्बे में बृहस्पतिवार की सुबह एनआईए के छापेमारी के दौरान मौके पर तैनात पुलिस टीम। संवाद



छापे के दौरान मामले की जानकारी लेने के लिए जुटे लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज/फरेंदा।** विकासनगर में बृहस्पतिवार को तलहा की तलाश में एनआईए ने छापा मारा। इससे पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसर गया। लोग अपने घरों की खिड़कियों से बाहर का माहौल देख रहे थे। मगर पुलिस के डर से कोई घर से बाहर नहीं निकला। काफी देर तक लोग नहीं समझ पाए कि आखिर मामला क्या है। टीम के जाने के बाद लोगों को पता चला की टीम पाकिस्तानी कनेक्शन के संदेह में तलहा खान को तलाशती हुई आई थी।

ससुराल के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक टीम के सदस्यों ने कमरे में बैठकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी। टीम के सदस्य घर का कोना-कोना खंगाल रहे थे। घर में मिले मोबाइल, लैपटॉप के साथ अन्य कागजात भी देख रहे थे। डॉ. फजले हक ने बताया कि टीम दो माह पूर्व भी पूछताछ के लिए गोरखपुर ले गई थी। बाद में छोड़ दिया था। दामाद करीब एक माह से फरेंदा में रह रहा है। किसी भी प्रकार की गतिविधि नहीं दिख रही थी। छापेमारी के दौरान पूछताछ के बारे में परिवार के सदस्य कुछ भी बताने से साफ इंकार कर रहे थे।

**ससुराल में नहीं मिला आरोपी युवक :** एनआईए टीम जिस आरोपी युवक की तलाश करते हुए फरेंदा पहुंची थी। उनके आने के पहले ही युवक ससुराल से फरार हो गया था। टीम ससुराल के लोगों को कोर्ट का नोटिस देकर तत्काल हाजिर होने की बात कहते हुए चली गई। आरोपी का लैपटॉप सहित अन्य दस्तावेज सील करके उठा ले गए।

**एनआईए टीम के छापे से दहशत में लोग :** फरेंदा कस्बे के विकास नगर में सुबह चार बजे से ही पुलिस की हलचल देखी जा रही थी। सिविल ड्रेस में पहुंची टीम को देखते ही परिवार के लोग सहम गए। दरवाजा खोलते समय घर के लोग डर रहे थे। दरवाजा खुलते ही पांच सदस्यी टीम के साथ पुलिस पहुंची तो घर के लोग दंग रह गए। घर के अगल बगल पुलिस का पहरा दिख रहा था। जो भी घर से निकल कर कुछ जानकारी लेने का प्रयास कर रहा था पुलिस उनको कमरे में जाने के लिए कहती थी। मोहल्ले के लोग संदिग्ध युवक के बारे में कुछ नहीं जान रहे थे। पुलिस का पहरा इतना कड़ा था कि कोई भी व्यक्ति उस रास्ते से नहीं जा पा रहा था। जब स्कूल का टाइम हुआ तो पुलिस ने कुछ ढिलाई दी। मीडिया टीम को देखकर काफी संख्या में लोग पहुंच गए। मगर कोई कुछ बता नहीं सका।

**पुरंदरपुर के रहने वाले हैं डॉ. फजले हक :** डॉक्टर फजले हक पुरंदरपुर गांव के रहने वाले हैं। वह करीब पंद्रह वर्ष पूर्व फरेंदा के विकास नगर में मकान बनवाकर रहने लगे। उनकी पत्नी एएनएम हैं जो महुअवां गांव में तैनात हैं। उनका बेटा अफ्रीका में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है। इस समय फरेंदा में हैं। डॉक्टर फजले हक यूनानी डिग्री धारक हैं और खेती-किसानी का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात में वह अपने पैतृक निवास पुरंदरपुर में थे। छापा की सूचना पाकर फरेंदा पहुंचे।

# आतंकी बने फैजान के जरिये आईएसआईएस के संपर्क में आया

## झारखंड से गिरफ्तार किए गए एएमयू के छात्र के साथ अलीगढ़ के लॉज में ठहरा था, बिहार के सीवान का रहने वाला है तलहा

अमर उजाला ब्यूरो

**अलीगढ़।** एनआईए की टीम ने सीवान बिहार के जिस तलहा नाम के युवक की तलाश में बृहस्पतिवार को उसकी ससुराल महाराजगंज में छापा मारा। उस युवक का अलीगढ़ कनेक्शन है। वह अलीगढ़ में रहने के दौरान आईएसआईएस आतंकी बने लोहरदगा झारखंड के रहने वाले एएमयू छात्र फैजान अंसारी उर्फ फैज के साथ एक लॉज में पंद्रह दिन तक ठहरा। ऐसे संकेत मिले हैं कि इसी दौरान वह आईएसआईएस के संपर्क में आया और डार्कवेब के जरिये गोपनीय तरीके से पाकिस्तान बात भी की। बाकी सच तलहा की गिरफ्तारी पर सामने आएगा।

एनआईए ने दो माह पहले जुलाई में आईएसआईएस मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संगठन के सदस्य 19 वर्षीय आरोपी फैजान अंसारी उर्फ फैज को उसके झारखंड लोहरदगा मिल्लत कालोनी स्थित घर से पकड़ा था। वह एएमयू का छात्र है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उसने यह बात स्वीकारी कि दो वर्ष तक एएमयू में पढ़ाई के दौरान वह इस संगठन के संपर्क में आया। दो माह पहले वह अपने घर पहुंचा था।

उससे पूछताछ के आधार पर 17 जुलाई की रात टीम उसके अलीगढ़ स्थित किराये के कमरे पर तलाशी लेने आई थी। जहां से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री/दस्तावेज जब्त किए गए थे। इसके बाद वह कई दिन तक एनआईए की रिमांड में रहा और फिर उसे जेल भेजा गया। अलीगढ़ में रहने के दौरान उसे एएमयू का हॉल आवंटित तो हो गया था। मगर वह कमरे में पहुंच नहीं पाया था। इसी बीच अवकाश होने पर अपने घर चला गया। जहां उसकी गिरफ्तारी हुई।

एनआईए सूत्रों के अनुसार फैजान के जरिये बिहार सीवान के तलहा नाम के युवक का नाम सामने आया। तलहा अलीगढ़ में फैशन डिजाइनिंग का कोर्स करने आया था। इसी बीच उसकी मुलाकात यहां पढ़ाई कर रहे एएमयू छात्र फैजान अंसारी से हुई और दोनों एक लॉज में करीब पंद्रह दिन तक साथ रहे। सूत्र बताते हैं कि इसी दौरान फैजान के जरिये तलहा भी आईएसआईएस के संपर्क में आया था। बाद में उसने इंटरनेट पर गोपनीय तरीके से डार्कवेब पर पाकिस्तान बातचीत की। तभी वह एनआईए के रडार पर आया और अब उसकी तलाश की जा रही है।

### अलीगढ़ नहीं आई टीम, धौर्रा में रहने के संकेत

अभी तक एनआईए अलीगढ़ तो नहीं आई। मगर अपुष्ट सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि तलहा अलीगढ़ के धौर्रा इलाके में कहीं रह रहा था। वह यहां किस संस्थान से कोर्स कर रहा था? इस दौरान कब? कितने समय के लिए? और किस अवधि में फैजान अंसारी के संपर्क में आया? ये साथ में किस लॉज में रहे? फिर कब अलग हुए ? और फैजान की गिरफ्तारी के समय तलहा कहां था? फिर कब गायब हुआ? इन तमाम सवालों के जवाब या तो एनआईए के पास हैं या फिर तलहा की गिरफ्तारी के बाद सामने आएंगे। ब्यूरो

### स्थानीय एजेंसियों ने शुरू की ठिकानों की तलाश

तलहा का नाम और उसके अलीगढ़ कनेक्शन सामने आने के बाद स्थानीय एजेंसियां हरकत में आ गई हैं। उसके शिक्षण संस्थान, रहने के ठिकाने, फैजान अंसारी से मुलाकात का माध्यम आदि पर काम शुरू कर दिया है। हालांकि स्थानीय स्तर पर अभी तक किसी तरह की कोई ठोस जानकारी किसी के पास नहीं है। बस एक ही जवाब मिल रहा है कि उसके ठिकानों की जानकारी जुटाई जा रही है। ब्यूरो

### अलीगढ़ के धौर्रा इलाके में कहीं रहने के मिल रहे हैं इनपुट, जगह स्पष्ट नहीं

-एनआईए या किसी अन्य एजेंसी ने यहां हमसे न तो संपर्क किया और न हमें किसी तरह की जानकारी मिली है। किसी तरह की मदद अगर मांगी जाएगी तो दी जाएगी।

-कलानिधि नैथानी, एसएसपी

### माइंड वॉश करने की तकरीर मैसेज के माध्यम से मिली थी

**महराजगंज।** अलीगढ़ के एक मौलाना की तकरीर का वीडियो आरोपी युवक के मोबाइल पर आया था जो पाकिस्तान से जुड़ा होने की बात कहते हुए युवकों को आतंकवादी गतिविधि में लिप्त होने के लिए प्रेरित करता है। आरोपी जिस व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ा था उसमें पाकिस्तान के भी कुछ लोग जुड़े हैं। इसी ग्रुप में तकरीर भेजी गई है। टीम इन तथ्यों को जोड़कर जांच कर रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई करेगी। संवाद

# पाकिस्तानी कनेक्शन की तलाश में महराजगंज में एनआईए का छापा

## आरोपी तलहा खान की ससुराल है फरेंदा के विकासनगर कॉलोनी में, पांच घंटे चली कार्रवाई, नहीं मिला आरोपी, कागजात-लैपटॉप जब्त कर साथ ले गई टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज/फरेंदा।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तानी कनेक्शन की तलाश में फरेंदा के विकासनगर कॉलोनी में छापा मारा, लेकिन आरोपी तलहा खान नहीं मिला। विकासनगर में आरोपी तलहा की ससुराल है। एनआईए को बिहार निवासी आरोपी के ससुराल में होने की सूचना मिली थी।

जानकारी के मुताबिक, एनआईए टीम की छापे की कार्रवाई करीब पांच घंटे चली। इस दौरान टीम ने आरोपी के ससुराल वालों से कई दौर की पूछताछ की। टीम अपने साथ कुछ कागजात और लैपटॉप ले गई है। नोटिस देकर आरोपी को 21 सितंबर को रांची में हाजिर होने को कहा है।

### नोटिस देकर 21 सितंबर को रांची में हाजिर होने का दिया आदेश

बताया जाता है कि तलहा खान कुछ दिनों पहले तक अलीगढ़ में एक आईटी कंपनी में काम करता था। वहां वह अपने एक साथी के साथ किराए के कमरे में रहता था। कुछ दिनों पहले सुरक्षा एजेंसियों ने छापा मारकर तलहा खान के रूममेट को पाकिस्तानी कनेक्शन के आरोप में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने तलहा खान का भी नाम बताया था। इसके बाद से तलहा खान की तलाश हो रही थी। अपने रूममेट की गिरफ्तारी के बाद तलहा खान ने अलीगढ़ छोड़ दिया और फरेंदा स्थित ससुराल में रहने लगा था। कस्बे के विकासनगर निवासी डॉ. फजल हक की बेटी से तलहा की शादी हुई है।



छापे के दौरान खड़ी पुलिस की गाड़ी। संवाद

इसकी सूचना मिलने पर एनआईए की टीम ने बृहस्पतिवार को छापा मारा, लेकिन आरोपी नहीं मिला। थानाध्यक्ष फरेंदा अजीत सिंह ने बताया कि एनआईए की टीम ने छापा मारा था। आरोपी नहीं मिला। टीम ने उसके ससुराल वालों से पूछताछ की और संदिग्ध कागजात और लैपटॉप जब्त कर अपने साथ ले गई।

>> आतंकी फैजान के जरिये तलहा आईएसआईएस के संपर्क में आया : पेज 6

### आजमगढ़ से एनआईए ने अधिवक्ता को उठाया

**आजमगढ़।** जिले में एक बार फिर एनआईए टीम की टीम बृहस्पतिवार की अल सुबह पहुंची। शहर कोतवाली के फ्रेंड्स कालोनी निवासी एक व्यक्ति के घर पर जांच पड़ताल की। इसके बाद एक अधिवक्ता साथ ले गई। स्थानीय अधिकारी इस पर कुछ भी बोलने से इन्कार कर रहे हैं। किसी ने भी एनआईए की कार्रवाई की पुष्टि नहीं की। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2023

# कार्य बहिष्कार कर अधिवक्ताओं ने फूंका पुतला

**बस्ती (एसएनबी)।** हापुड़ जिला न्यायालय परिसर मेंबुजुर्ग,युवा व महिला अधिवक्ताओंके ऊपर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जनपद बार एसोसिएशन के नेतृत्व मेंअधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार जारी रखा और जिलाधिकारी कार्यालय परएक बार फिर प्रदर्शन कर पुतला फूंक विरोध जताया।

जनपद बार एसोसिएशन केअध्यक्ष रजनीश कुमार दूबेनेकहा कि अधिवक्ता संगठन अपनी पांच सूत्रीय मांगोंकोलेकर सरकार से वार्ता कर रहा है। लेकिन सरकार अधिवक्ताओं के मांगों पर ध्यान न देकर पुलिस के बल पर शासन करना चाहती हैऔर अपनी हठधर्मिता व निरंकुशता के कारण पूरे प्रकरण कोलेकर उदासीन बनी हुई है। राज्यपाल को ज्ञापन देते हुए अधिवक्ताओं ने मांग किया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी हापुड़ तथा दोषी नामजद पुलिस कर्मियो को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाय जिससे प्रकरण की बिना किसी दबाव के न्यायपूर्ण विवेचना हो सके। दोषी पुलिस कर्मियों के ऊपर दर्ज हुए मुकदमें में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जाय। चोटिल अधिवक्ताओं को सम्मानजनक मुआवजा दिये जाने की मांग भी उठायी गयी। इसकेअलावा अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमें को वापस किये जाने, प्रदेश अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को अविलंब लागू किये जाने की मांग के साथ प्रदेश के अधिवक्ताओं व उनके परिवार के मान सम्मान व सुरक्षा की व्यवस्था किये जाने की मांग की गयी। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियो ने भी धरने में पहुंचकर अपना सहयोग व समर्थन दिया।

घंटो प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं ने डीएम कार्यालय पर सरकार विरोधी नारेलगाते हुए पुतला फूंका। इस दौरान जनपद बार एसो. केअध्यक्ष रजनीश कुमार दूबे, महामंत्री रमेश चन्द्र पांडेय, राजेन्द्र प्रसाद यादव, कृष्ण मुरारी मिश्र, शैलजा प्रसाद मिश्र,प्रेमनाथ उपाध्याय, विनोद कुमार सिंह, तिलकराम चौधरी, राम पाल यादव, ब्रह्मवेत्ता नेवास श्रीवास्तव, मुक्तिनाथ यादव,अरुण सिंह,रामेश्वर नाथ श्रीवास्तव, विजय श्री मिश्र,राम बुझारत चौधरी, राम दुलारे,उदयराज दूबे,अनिल कुमार शुक्ल के अलावा प्रेमशंकर दूबे, यंग बार एसो. के अध्यक्ष विनोद कुमार भट्ट,शिवपूजन मिश्र,सिविल बार एसो. के अध्यक्ष शिवपूजन मिश्र समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**भानपुर (एसएनबी)।** भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई भानपुर के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में मासिक पंचायत आहूत किया। पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष श्याम नारायन सिंह ने किया। पंचायत में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया।



भानपुरः नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू के लोग। फोटो : एसएनबी

बैठक के उपरान्त कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार कृष्ण मोहन यादव को सौपा। मांग पत्र में कहा है कि क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों में मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए दवा का छिड़काव कराया जाय। तहसील परिसर की दीवार पर लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के मोबाइल नंबर को पेंट से लिखवाया जाय। पूर्व में दिए ज्ञापनों पर हुई कार्रवाई से संगठन को अवगत कराया जाय। तहसील में वर्षो से लंबित राजस्व बाद को वरीयता के आधार पर निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर कन्हैया किसान,राम जगत,परदेशी गौतम,राम चंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रम मंत्री अनिल राजभर आज बस्ती में

**बस्ती** । मंत्री, श्रम, सेवायोजन एवं समन्वयव विभाग, उत्तर प्रदेश अनिल राजभर द्वारा 15 सितम्बर शुक्रवार को 12.30 बजे अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रभारी अधिकारी विशिष्टजन ने दी है।

## न्यायालय के आदेश पर मारपीट व छेड़खानी का केस

**बस्ती** । मुकदमें में सुलह समझौते का दबाव बनाते हुए कुछ लोगो ने एक महिला तथा उसके पति की पिटाई करने के साथ ही बेटी के साथ छेड़खानी की गयी थी। नगर थानान्तर्गत करहली बुजुर्ग की रहने वाली सरोजा देवी पत्नी रामचन्दर ने न्यायालय के सम्मुख प्रस्तुत होकर यह बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर चल रहे मुकदमें में सुलह का दबाव बनाते हुए अभियुक्त भूमिकेश्वर तथा उसके परिवार के कई लोगो ने मिलकर उसको गालियां देते हुए पिटाई कर रहे थे। मारपीट के बीच बचाव में आये उसके पति रामचन्दर व लड़की अंशिका की भी पिटाई की गयी। यह भी आरोप लगाया कि मारपीट की आड़ में अभियुक्त शैलेश और रूपेश द्वारा उसकी नाबालिग लड़की अंशिका के साथ छेड़खानी की गयी। मामले में न्यायालय के आदेश पर नगर थाने की पुलिस ने आरोपी भूमिकेश्वर पुत्र रामदयाल , पूनम पत्नी भुमिकेश्वर, बृजेश पुत्र रामचरित्र, अमृता, अंजली पुत्रीगण रामचरित्र, रमावती पत्नी रामचरित्र, भानमती पत्नी बुधिराम , रूपेश व शैलेश पुत्रगण बुधिराम निवासीगण करहली बुजुर्ग थाना नगर के विरुद्ध धारा 147, 148, 354, 323, 504, 506 आईपीसी व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## पिता, पुत्र व दादा को दी जानमाल की धमकी, केस

**बस्ती** । विपक्षी द्वारा एक युवक व उसके पिता तथा दादा को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। वाल्टरगंज थानान्तर्गत पिपरा जप्ती गांव निवासी अंकित कुमार ने पुलिस को बताया कि अभियुक्त मनोज उपाध्याय द्वारा मुझे तथा मेरे पिता व दादा को आये दिन गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी जाती है, जिससे वह व उसका परिवार भयभीत रहने लगा है। मामले में पीड़ित अंकित कुमार पुत्र रामबचन राजभर निवासी पिपराजप्ती थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मनोज उपाध्याय पुत्र हरीश उपाध्याय ग्राम विलौड़ी शुक्ल थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## खेत में बाड़ लगाने के विवाद में महिला की पिटाई, केस

**बस्ती** । खेत में बाड़ लगाने के विवाद में अभियुक्तो ने मिलकर एक महिला की पिटाई किया। रूधौली थानान्तर्गत सिसवारी मुगल गांव की रहने वाली दुलारमती अपने सब्जी के खेत में बाड़ लगा रही थी। इस दौरान विपक्षी राम सुमेर व अन्य लोगो से कहासुनी हो गयी। जिसके बाद अभियुक्तो ने मिलकर दुलारमती को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता दुलारमती पत्नी जुगानू ग्राम सिसवारी मुगंल थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामसुमेर पुत्र झिनकान, रामसुमेर की पत्नी, प्रदीप पुत्र रामदास व पूनम पत्नी प्रदीप निवासीगण ग्राम सिसवारी मुगंल थाना रूधौली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## दो पक्षो के बीच झगड़ा छुड़ाने पर युवक को पीटा, केस

**बस्ती** । दो पक्षों के बीच हो रहे झगड़े को छुड़ाने पर अभियुक्तो ने युवक की पिटाई कर दिया। लालगंज थानान्तर्गत सजहरा गांव में दो पक्षो में झगड़ा हो रहा था। आपस में लड़ता देख गांव के राजाराम से नही रहा गया और वह झगड़ा छुड़ाने लगे। यह बात एक पक्ष के प्रदीप कुमार को अच्छी नही लगी और वह तथा उनके पिता रामराज ने मिलकर राजाराम को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राजाराम पुत्र पराग निवासी सजहरा थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रदीप पुत्र रामराज व रामराज पुत्र बेचू निवासीगण सजहरा थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## नौकरी लगवाने के नाम पर रूपये की ठगी, केस

**बस्ती** । बिजली विभाग में संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक व उसके साले से अभियुक्त ने रूपये लिये थे। नौकरी न मिलने पर जब पीड़ित ने पैसा वापस मांगा तो उसे जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित के भाई की शिकायत व न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय में अर्जी लगाते हुए पीड़ित रमाकान्त चौधरी पुत्र रामकेवल निवासी भिऊघाट (टेम्हा) थाना धनघटा जिला संतकबीरनगर हाल मुकाम आदर्श क्लीनिक गौरा चौराहा थाना वाल्टरगंज ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन प्रहलाद कालोनी निवासी रामललित चौधरी पुत्र रामलगन चौधरी ने उसके भाई तथा साले को बिजली विभाग में संविदा पर लाइन मैन की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 60-60 हजार रूपये लिये थे। नौकरी न मिलने पर उसने जब अपना पैसा वापस मांगो तो अभियुक्त ने उसे गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए पैसे हड़प लिया। मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी रामललित चौधरी पुत्र रामलगन चौधरी निवासी सिविल लाइन प्रहलाद कालोनी थाना कोतवाली के विरुद्ध धारा 419, 420, 406, 352, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी, केस

**बस्ती।** नौकरी के नाम पर साठ हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोतवाली थानाक्षेत्र के सिविल लाइन प्रहलाद कालोनी निवासी रामललित चौधरी के खिलाफ संतकबीरनगर के धनघटा थानांतर्गत भिऊघाट गांव निवासी रमाकांत चौधरी ने कोतवाली थाने में तहरीर देकर कहा है कि बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमैन की नियुक्ति के लिए धोखाधड़ी करके पैसा हड़प लिए, मांगने पर धमकी देने का मामला दर्ज कराया है।

# छेड़खानी व मारपीट में नौ पर मुकदमा

**बस्ती।** नगर थानाक्षेत्र के एक गांव में रास्ते के विवाद को लेकर बालिका से छेड़खानी व मारपीट का मामला सामने आया है।

पीड़ित बालिका मां की तहरीर पर गांव के ही भूमिकेश्वर, पूनम, बृजेश, अमृता, अंजली, रमावती, भानमती, रुपेश व शैलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने घटना की तहकीकात शुरु कर दी है।

# मंडलायुक्त ने सेन्टर आफ एक्सीलेन्स का किया निरीक्षण, दी हिदायत

**बस्ती (एसएनबी)।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, बंजरिया, बस्ती का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मण्डलायुक्त ने कृषि विज्ञान केन्द्र पर स्थापित विभिन्न प्रदर्शन इकाईयों, नेट हाउस एवं पाली हाउस के अन्दर उगायी जा रही सब्जियों (टमाटर, बैगन, मिर्च, फूलगोभी, पत्तागोभी, लौकी, तरोई, करेला) की नवीनतम प्रजातियों की नर्सरी एवं रंगीन आम की नवीनतम प्रजातियों जैसे पूसा श्रेष्ठ, पूसा पीताम्बर, पूसा लालिमा, पूसा अरूणिका, पूसा अम्बिका, टामी एट किंस, संसेशन, गुलाबखास आदि प्रजातियों की पौध नर्सरी का अवलोकन किया।

उन्होंने केन्द्र पर लगे आम, अमरूद, लीची, सेब, अनार, कीवी, अंजीर, आडू बुखारा, मौसमी, अवला आदि के मातृ वृक्षों का अवलोकन कर उसके विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। केन्द्राध्यक्ष, प्रो. एसएन सिंह ने मण्डलायुक्त को बताया कि केवीके बस्ती को पं. दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कृषि विज्ञान प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि केन्द्र पर आईएआरआई पूसा, नई दिल्ली से शीघ्र ही रिलीज हुई आम की नवीनतम प्रजाति पूसा दीपशिखा एवं पूसा मनोहरी तथा किन्नू सन्तरा, मौसमी, कटहल व खजूर के टीश्यू कल्चर पौध का रोपण कर केन्द्र पर मातृबृक्ष तैयार किया जा रहा है तथा केन्द्र के प्रक्षेत्र पर कालानमक धान की उन्नतिशील प्रजातियों पूसा नरेन्द्र कालानमक-1 एवं पूसा सीआरडी कालानमक-2 का बीजोत्पादन किया जा रहा है। इसका क्षेत्रफल आगामी वर्ष में और बढाया जाएगा, जिससे पूर्वान्चल के 11 जनपदों के कृषकों को कालानमक धान की उन्नतिशील प्रजातियों का बीज उपलब्ध हो सके। मण्डलायुक्त ने केन्द्र के वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि वे नवीनतम तकनीकों का जनपद की एग्रो क्लाईमेट में परीक्षण कर जनपद में संस्तुति देने का कार्य करेंतथा जनपद के किसानों को वर्ष भर नवीनतम प्रजातियों की सब्जी नर्सरी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र को सिर्फ जनपद के लिए माडल न बनकर देश व प्रदेश के लिए माडल केन्द्र बनकर तकनीकी विस्तार हेतु कार्य करना चाहिए। उन्होंने केन्द्र के वैज्ञानिकों के साथ मीटिंग कर सभी वैज्ञानिकों से विषयवार किये जा रहे कार्यो की जानकारी हासिल की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी वैज्ञानिक जनपद के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार से जोडने हेतु उन्नत तकनीक की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करें। कृषि का जीडीपी में 16.38 प्रतिशत योगदान है तथा खेती पर निर्भरता लगभग 65 प्रतिशत है। आप सभी का दायित्व बनता है कि उत्पादकता के साथ ही साथ पोषक तत्वों से भरपूर फसलों की प्रजातियों एवं फलों के उत्पादन हेतु प्रोत्साहित करें तथा त्वरित गति से नई तकनीक का जनपद में फैलाव करें। मण्डलायुक्त ने गुड़ प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि आप लोग जनपद के किसानों को प्रेरित करें कि वे ज्यादा से ज्यादा अपना गन्ना लाकर विभिन्न प्रकार की रेसपी का गुड़ उत्पादन का कार्य करें। जिससे जहां रोजगार का सृजन होगा। वही किसानों एवं बच्चों के मालन्यूट्रीशन के कमी की भी पूर्ति हो सकेगी। केन्द्र पर फलों की इतनी प्रजातियों का कलेक्शन बहुत अच्छा है, जिसका लाभ जनपद, प्रदेश एवं देश के किसानों को मिल रहा है। यह एक प्रसंसनीय कार्य है। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिले स्तर से केवीके को सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिसमेंअन्य प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन इकाई जैसे मशरूम उत्पादन एवं षक महिलाओंहेतु कम्यूनिटी सेन्टर की स्थापना हेतु प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान डा. डीके श्रीवास्तव, डा. वीबी सिंह, डा. प्रेम शकर, निखिल सिंह आदि उपस्थित रहे।



बस्ती : कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण करते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह। फोटो : एसएनबी

# आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी की कार पलटी

कप्तानगंज। हरैया थानाक्षेत्र के पैदा गांव के पास बाइक सवार को बचाने में एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई हालांकि कार में सवार आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी अर्चना यादव को मामूली चोटें आई। बताया जाता है कि उनके पति भी हरैया में चिकित्सक हैं। घटना दोपहर बात की बताई जा रही है। आयुर्वेदिक चिकित्सालय ओझागंज में चिकित्साधिकारी डॉ. अर्चना यादव कार लेकर हरैया जा रही थीं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो विवाहिताओं की मौत

सल्टौआ। क्षेत्र में दो अलग-अलग दो घटनाओं दो विवाहिताओं की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरु कर दी है। बस्थनवा गांव में 20 वर्षीया बबिता उर्फ रोशनी पत्नी सुधीर ने अपने मायके में छत के कुंडे से लटक कर जान दे दी। विवाहिता बबिता की शादी भानपुर कस्बे में सुधीर के साथ हुई थी। इन दिनों वह अपने मायके में पिता कांशीराम के साथ रह रही थी। दूसरी घटना क्षेत्र के रामपुर मुड़री गांव में सामने आई है। यहां पर संदिग्ध हालत में 36 वर्षीया विवाहिता फूला देवी पत्नी महेश की मौत हो गई। सुबह उनके बच्चों ने फूला देवी को जमीन पर अचेतावस्था में देखा तो रोने लगे। परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सोनहा पुलिस शवों को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है। इस बाबत थाना प्रभारी शैलेष सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धमकी देने पर चार पर कार्रवाई

बस्ती। रुधौली थानाक्षेत्र के सिसवारी मुगल गांव में महिला को धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता दुलारमती की तहरीर पर गांव के ही रामसुमेर, उनकी पत्नी, प्रदीप व पूनम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए बनाई रणनीति

बस्ती। प्राशि संघ जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हरैया, दुबौलिया और विक्रमजोत ब्लॉक के प्राशि संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संघर्ष की रणनीति तय की गई। बैठक में संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि आगामी 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की एक सूत्री मांग को लेकर बीएसए कार्यालय पर धरना देकर पुतला फूंका जाएगा।

# लुटेरों के करीब पहुंची पुलिस जल्द हो जाएगा खुलासा

**फॉलोअप**

बस्ती, निज संवाददाता। लूट के मामले में बदमाशों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने क्लू मिलनेका दावा किया है। उसी क्लू के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को एक संदिग्ध युवक से पूछताछ की। पुलिस की मानें तो मामले का जल्द वर्कआउट हो जाएगा। एसओजी, स्वाट, सर्विलांस, क्राइम ब्रांच और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से दर्जन भर बदमाशों को उठाकर पूछताछ की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक संभावना है कि एक-दो दिन में आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ जाएंगे।

कोतवाली पुलिस ने घटना में शामिल बदमाशों की पहचान कराने के लिए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को भी देखा है। इस बाबत कोतवाल विनय पाठक ने बताया कि जल्द खुलासा हो जाएगा। इस चर्चित मामले में आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने वर्कआउट की समयसीमा घटना के बाद ही तय कर दी है। गौरतलब है कि कोतवाली थानाक्षेत्र के रौता चौराहे पास दिनदहाड़े अधिवक्ता सुरेन्द्र मोहन वर्मा के घर में दो बदमाशों ने लूटपाट की। विरोध करने पर उनकी 65 वर्षीया पत्नी नूतन वर्मा को घायल कर बाथरूम में बंद कर दिया। घटना के संबंध में अधिवक्ता ने देर शाम तहरीर दी थी। इस मामले में दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# तहसील प्रशासन के खिलाफ धरने का ऐलान

हर्रैया। तहसील के संग्रामपुर ग्रामसभा के सहराएं में हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी 20 बीघे जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा हैं। एसडीएम ने कागज में उक्त जमीन को औद्योगिक विकास के लिए प्रस्तावित कर दिया लेकिन जब उद्योग लगने का समय आया तो उक्त जमीन पर भूमाफियाओं ने फसल बो दी। समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय ने इसकी शिकायत दर्ज कराई।

### सीओ सिटी के नेतृत्व में गठित की गई एसआईटी

# फर्जी पैरामेडिकल कॉलेजों के राज खोलेगी एसआईटी

**जांच**

- बीफार्मा, डीफार्मा के नाम पर बच्चे हुए हैं ठगी के शिकार
- कोतवाली और कप्तानगंज में दर्ज हैं ठगी के चार मुकदमे



बस्ती, निज संवाददाता। परिक्षेत्र में फर्जी संस्था के नाम पर पैरामेडिकल कॉलेज संचालित किए जा रहे हैं। इसकी जांच के लिए आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने सीओ सिटी के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर दी है। अब एसआईटी इन फर्जी कॉलेजों के राज खोलेगी। बीफार्मा और डीफार्मा कोर्स के नाम पर संचालित संस्थाएं तमाम बच्चे और उनके अभिभावक को ठगी का शिकार बना चुकी हैं। इन्हीं के खिलाफ फ्राड से संबंधित दो मुकदमे कोतवाली बस्ती व दो मामले कप्तानगंज थाने में दर्ज किए जा चुके हैं। पुलिस की जांच में आया है कि संस्थाएं पूरी तरह से फर्जी हैं।

सीओ सिटी बस्ती की देखरेख में पूरे प्रकरण की जांच के लिए चार सदस्यीय एसआईटी गठित कर दी है। बताया जा रहा है।

आईजी रेंज ने बताया कि इसमें विवेचना करने एक क्राइम ब्रांच के निरीक्षक, दो एसआई को शामिल किया गया है। अब पूरे प्रकरण की जांच एसआईटी करके फर्जी संस्थाओं की परत-दर-परत खोलेगी। सीओ सिटी की देखरेख में जांच और साक्ष्य के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## एसआईटी में शामिल हैं ये लोग

रेंजस्तर पर गठित की गई एसआईटी टीम में निरीक्षक संजय कुमार अपराध शाखा (मुख्य विवेचक), उपनिरीक्षक ललितकान्त यादव व एसआई वीरेन्द्र सरोज थाना कोतवाली, बस्ती सह विवेचक होंगे।

# दोषी तहसीलदार के विरुद्ध मांगी अभियोजन की अनुमति

### हर्रैया के तत्कालीन तहसीलदार सत्येंद्र सिंह पर दर्ज मुकदमे की विवेचना पूरी, विवेचना में दोषी पाए गए

एसके सिंह॰ बस्ती

हर्रैया के तत्कालीन और वर्तमान में रुधौली के तहसीलदार सत्येंद्र सिंह और अधिवक्ता महिनाथ त्रिपाठी के बीच हुई मारपीट के मामले में दर्ज मुकदमे की विवेचना पूरी हो गई है। तहसीलदार सत्येंद्र सिंह के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने और आरोप पत्र तैयार होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने जिलाधिकारी से अभियोजन की अनुमति मांगी है। घटना में एक संग्रह अमीन और दो संग्रह अनुसेवक भी संलिप्त पाए गए हैं। इनके खिलाफ भी आरोप पत्र तैयार हो चुका है।



शशि प्रकाश शुक्ल

सात मार्च-22 को कार्यालय में तहसीलदार सत्येंद्र सिंह और अधिवक्ता महिनाथ तिवारी के बीच हुई घटना की जांच हर्रैया के सीओ को दी गई थी। प्रारंभिक जांच के बाद ही लूट की धारा हटा दी गई थी। धारा 323, 504 और 506 की घटना कारित होना पाया गया था। इसकी विवेचना शुरू हुई जांच की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठाए जाने लगे। तत्कालीन एसपी ने इसकी जांच तत्कालीन सीओ रुधौली अंबिका प्रसाद को दी। सीओ की जांच में यही घटना कारित होना पाया गया तो अधिवक्ताओं ने फिर से विवेचना की मांग की जाने लगी। बहरहाल यह जांच वर्तमान में रुधौली की सीओ प्रीती खरवार के पास पहुंची। विवेचना उपरांत तहसीलदार सत्येंद्र सिंह के खिलाफ धारा 504 के पर्याप्त साक्ष्य और जुर्म कारित करने के प्रमाण पाए गए हैं। आरोप पत्र भी तैयार हो चुका है। सीओ प्रीती खरवार ने बातचीत में इसकी पुष्टि की। बताया कि संग्रह अमीन की तरफ से दर्ज मुकदमे की विवेचना पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। अधिवक्ता की ओर से दर्ज मुकदमे की भी विवेचना भी पूरी हो गई है। आरोप पत्र तैयार अभियोजन की अनुमति मांगी गई है। तहसीलकर्मियों के अभियोजना की अनुमति डीएम जबकि तहसीलदार की अनुमति शासन देगा।

यह घटना सात मार्च 2022 की है। हर्रैया बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष महिनाथ तिवारी तहसीलदार सत्येंद्र सिंह के कार्यालय में एक मुकदमे की पैरवी के लिए गए थे। नथऊपुर निवासी महिनाथ तिवारी का आरोप था कि फाइल संबंधी बात करने पर तहसीलदार और संग्रह अमीनों ने अपशब्द कहते हुए उन्हें मारा पीटा गया और उनकी जेब में रखा 6300 रुपये जबरन छीन लिया। तहरीर पर तहसीलदार हर्रैया सत्येंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह व राजबहादुर सिंह के विरुद्ध लूट, मारपीट में मुकदमा दर्ज किया गया है। संग्रह अमीन सुरेंद्र प्रसाद निवासी मुरादीपुर थाना हर्रैया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह तहसीलदार के कार्यालय में सरकारी कागज लेकर हस्ताक्षर करवाने गए थे। आरोप लगाया कि इसी दौरान महिनाथ ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर पीटा व जान से मारने की धमकी दी। जेब में रखा 310 रुपये भी निकाल लिया।

#### दो वर्ष की हो सकती है सजा

अधिवक्ता शशि प्रकाश शुक्ल ने कहा कि धारा 504 उकसा कर लोक शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना होता है। जांच में यह जुर्म कारित होता पाए जाने के बाद आरोपित को दो वर्ष कारावास या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। यह एक जमानती, गैर-संज्ञेय अपराध है और किसी भी मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय है।

# 1.65 करोड़ की लागत से बनेगी हाई सिक्योरिटी बैरक

- आतंकी, माफियाओं को रखने के लिए कारागार में नहीं है अलग सेल
- 12 सेल की हाई सिक्योरिटी बैरक के लिए मिला शासन से धन

बस्ती, निज संवाददाता। जिला कारागार में आने वाले समय में आतंकी और माफिया हाई सिक्योरिटी सेल में बंद किए जाएंगे। इनके लिए दो मंजिला 12 सेल की हाई सिक्योरिटी बैरक बनेगी। शासन से इसके लिए 1.65 करोड़ का बजट मिल गया है। बनने वाले हाई सिक्योरिटी बैरक में कुल 12 सेल होंगे, प्रत्येक सेल में अपराधियों को रखा जाएगा। मौजूदा स्थिति को देखें तो जेल में तीन खूंखार बंदी ऐसे रखे हैं जो हाई सिक्योरिटी सेल वाले बताए जा रहे हैं।

बस्ती जेल में इनके लिए एचएस बैरक का इंतजाम नहीं होने के कारण माफिया बंदियों को भी साधारण बैरक में रखना पड़ता हैं। यहां निरुद्ध बंदियों में एक कानपुर दंगे के आरोपी और दो शूटर शामिल हैं। इसको लेकर जेल प्रशासन ने डीजी मुख्यालय से पत्राचार किया तब जाकर हाई सिक्योरिटी बैरक की अनुमति व बजट मिला है। जेल अधीक्षक विवेकशील त्रिपाठी ने बताया कि कारागार में हाई सिक्योरिटी सेल भी बनने जा रही है ताकि, निरुद्ध होने वाले आतंकी व माफियाओं को अलग-अलग सेल में रखा जा सके।

# अवैध संबंध की शिकायत के मामले में धमकी

बस्ती। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के पिपराजप्ती गांव में अवैध संबंध की शिकायत लेकर मारपीट व धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अंकित कुमार निवासी पिपराजप्ती की तहरीर पर विलौड़ी गांव निवासी मनोज के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने मामला दर्ज कर घटना की छानबीन शुरु कर दी है।

# छेड़खानी के मामले में एक नामजद

बस्ती। परसरामपुर क्षेत्र के लौहरौली गांव में छेड़खानी का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही रामप्रकाश के खिलाफ तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें लिखा है कि वह दुकान सामान खरीदने गई थी, लौटते समय उसके साथ रामप्रकाश ने छेड़खानी की है। पुलिस ने दर्ज एफआईआर के मुताबिक मामले की तहकीकात शुरु कर दी है।

# जिला बदर अरेस्ट

बस्ती। गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर होने के बावजूद घर पर मिलने पर युवक के खिलाफ पैकोलिया पुलिस ने कार्रवाई की है। पुरैनाखास गांव निवासी गब्बर उर्फ राजेश कुमार को पुलिस ने यूपी गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 10 के तहत गिरफ्तार कर जेल रवाना किया है।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट

बस्ती। पैकोलिया थानांतर्गत मुसही गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस ने मोना देवी की तहरीर पर गांव के ही चेतरा, लालबहादुर, संगीता व सविता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# पुलिस ने नहीं लिखी एफआईआर

बस्ती। कप्तानगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में दो सप्ताह पूर्व हुई दुष्कर्म की घटना में एफआईआर नहीं दर्ज करने का मामला सामने आया है। रेप पीड़िता की मां ने एसपी से मिलकर मुकदमा दर्ज कराकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस मामले में पूछे जाने पर थानेदार ने बताया मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं जानकारी मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लुटेरों के करीब पहुंची पुलिस, आज हो सकता है घटना का पर्दाफाश

शहर के रौता पुलिस चौकी के पास वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर में घुसकर उनकी पत्नी पर चाकू से हमला कर लूटपाट करने की घटना में पुलिस के हाथ महत्वपूर्ण सुराग लगे हैं। सूत्रों की मानें तो पुलिस लुटेरों के नजदीक पहुंच चुकी है। शुक्रवार को पुलिस घटना का पर्दाफाश कर सकती है। बताया जा रहा है कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए सीसी कैमरों ने लुटेरों तक पहुंचने में पुलिस की काफी मदद की। हालांकि पुलिस अधिकारी अभी केवल इतना बता रहे हैं कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे बढ़ रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा, मगर सूत्रों की मानें तो पुलिस को पता चल चुका है कि अधिवक्ता की पत्नी पर चाकू से हमला कर घर में लूटपाट करने वाले लुटेरे कौन हैं। पुलिस उनके गिरफ्तारी की फिराक में है।

**यह था घटनाक्रम:** सोमवार को दिन में दो बजे के करीब मालवीय रोड पर रौता पुलिस चौकी से चंद कदम दूर वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर में मुंह पर गमछा बांधे दो लुटेरों ने घुसकर लूटपाट की। घर में अकेले मौजूद उनकी पत्नी नूतन वर्मा ने जब विरोध किया तो लुटेरों ने उन्हें मारा पीटा और उनके पेट में चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद उनके हाथ-पैर बांध कर उन्हें बाथरूम में ढकेल दिया। इसके बाद वे घर में रखा नकदी और जेवर ले उड़े। जाते जाते बाहर से दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया। मामले में पुलिस ने दो लुटेरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।

# महिला को पीटने के मामले में केस

बस्ती : पैकोलिया थाने के मुस्ही गांव की रहने वाली मोनी देवी पत्नी वीरेंद्र कुमार ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के पीछे लगे नीम व अन्य पेड़ की डाल को रास्ता साफ करने के लिए काट रही थी। इससे नाराज होकर गांव के कुछ लोगों ने उन्हें अपशब्द कहते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में चेतरा पत्नी विनोद, लालबहादुर, संगीता पत्नी कुलदीप सहित चार लोगों पर केस दर्ज किया है।

# ओवरहेड टैंक में मिला चीनी मिल के कर्मचारी का शव



बभनान चीनी मिल परिसर में पंहुची पुलिस व रोते बिलखते स्वजन • जागरण

**जासं, बभनान, बस्ती** : बभनान चीनी मिल परिसर में बने ओवरहेड टैंक में एक मिल के सफाई कर्मचारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जनपद गोंडा के छपिया थानाक्षेत्र के महारा गौरा गांव निवासी 55 वर्षीय कनिक राम पुत्र रामदेव बभनान चीनी मिल में सीजनल परमानेंट मजदूर के पद पर कार्यरत थे। वह बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। ड्यूटी से जब देररात तक घर नहीं पहुंचे तो स्वजन गुरुवार को उसकी खोजबीन करते हुए बभनान चीनी मिल पहुंचे। तलाश चीनी मिल में शुरू हुई तो मिल परिसर में बने ओवरहेड टैंक में उनका शव मिला। आशंका है कि कनिक राम सफाई के दौरान टैंक में गिर गए होंगे, जिससे मौत हो गई।

थानाध्यक्ष छपिया सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं मिल के श्रम अधिकारी केपी सिंह ने बताया कि दिवंगत के परिवारवालों को तीन लाख रुपये की आर्थिक मदद दी गई है। उनके एक पुत्र को चीनी मिल में नौकरी भी दी जाएगी।

# नए बंदियों की होती है सीसीटीवी से निगहवानी

जेलर ने बताया कि जिला जेल में 9 ए और बी बैरक में नए बंदियों को रखा जाता है। इसमें सीसी कैमरे लगाए गए हैं। बताया कि नए कैदियों के साथ कोई अभ्रदता या घटना न होने पाए, इसके लिए पहले से ही सीसी कैमरे लगाए गए हैं। प्रस्ताव में महिला एवं अन्य बैरकों में कैमरे लगाए जाने का प्रस्ताव है।

# जिला कारागार की बैरकों में भी लगाए जाएंगे सीसी कैमरे, बढ़ी सतर्कता

**जेल प्रशासन ने जिलाधिकारी के पास भेजा प्रस्ताव, जिला जेल के 10 बैरकों में रखे गए हैं 750 बंदी**

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** बंदियों की गतिविधियों पर निगरानी के लिए बैरकों में भी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए जेल की ओर से जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेजा गया है। जेल में मुख्तार अंसारी के करीबी सरफराज सहित अन्य एक दर्जन बड़े अपराधियों की मौजूदगी के चलते जेल की भीतरी और बाहरी सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। जेल में कुल 14 बैरक हैं। 465 बंदियों को रखे जाने की क्षमता है जबकि इसमें 750 को रखा गया है।

अगस्त में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जिला जेल का निरीक्षण करने गए थे। इस दौरान जेल के बैरकों के बाहर और परिसर में लगाए गए कैमरे लगे पाए गए थे। बैरकों में कैमरे न होने के बारे में पूछने पर जिलाधिकारी को बताया गया कि शासन की ओर से एक साल पहले लखनऊ की एक कंपनी को बस्ती सहित 20 जेलों में सीसी कैमरे लगाए गए जाने के ठीके दिए गए थे। बस्ती जिला जेल में जरूरी जगहों पर 33 कैमरे लगाए गए। बैरकों में भी उस समय कैमरे लगाने की बात हुई थी लेकिन 33 कैमरे ही अनुमन्य बता कंपनी ने हाथ खड़े कर दिए थे। जिलाधिकारी ने बैरकों में भी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। जेल अधीक्षक ने बैरकों में कैमरे लगाने के प्रस्ताव डीएम दफ्तर को भेज दिए हैं।

# दो लोगों पर केस दर्ज

बस्ती। लालगंज पुलिस ने झगड़ा छुड़ाने को लेकर मारपीट के मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में सजहरा निवासी राजाराम ने तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि नौ सितंबर को रात साढ़े आठ बजे पड़ोसियों से हो रही लड़ाई छुड़ाने गए तो प्रदीप और रामराज ने अपशब्द कहते हुए मारापीटा। संवाद

[redacted]

# मारपीट में चार पर केस

बस्ती। रुधौली थाने के सिसवारी मुगल गांव में सब्जी के खेत में बाड़ बांधने की बात को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में दुलारमती पत्नी जुगानू ने तहरीर दी। जिसमें राम सुमेर, राम सुमेर की पत्नी, प्रदीप और पूनम पत्नी प्रदीप पर आरोप लगाया है। संवाद

# बभनान चीनी मिल के टैंक में उतराया मिला कर्मचारी का शव

## बुधवार को घर से ड्यूटी पर आए थे कनिकराम वर्मा, बॉयोमीट्रिक हाजिरी में दर्ज थी उपस्थिति

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। बभनान चीनी मिल में कार्यरत 55 वर्षीय कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बृहस्पतिवार को उसका शव मिल के पानी के टैंक में उतरता पाया गया। बुधवार रात को घर न पहुंचने पर परिवार के लोग ढूंढते हुए मिल में पहुंचे।

परिसर में तलाश करने के बाद पानी के टैंक में शव पाया गया। गोंडा जिले के छपिया थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में शुरू की है। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि टैंक सफाई के दौरान डूबकर मौत हुई होगी।

जनपद गोंडा के छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत महरागौरा गांव निवासी 55 वर्षीय कनिकराम वर्मा बभनान चीनी मिल में नियमित कर्मी के रूप में कार्यरत थे। परिवार के लोगों का कहना है कि वह बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे घर से चीनी मिल में ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। शाम 5:00 बजे ड्यूटी समाप्त होने के बाद जब देर रात तक वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को अनहोनी की आशंका सताने लगी। वे लोग रात भर उनकी तलाश करते रहे लेकिन कहीं पता नहीं चला।

इसके बाद परिवार के लोग बृहस्पतिवार को बभनान चीनी मिल पहुंचे। टाइम ऑफिस में पता चला कि बुधवार सुबह उनकी हाजिरी बायोमीट्रिक मशीन पर अंकित है मगर ड्यूटी के बाद बाहर निकालने का उंगली का चिन्ह बायोमेट्रिक मशीन पर नहीं पाया गया। इससे संदेह और भी गहरा गया। इसके बाद उनकी तलाश चीनी मिल परिसर में शुरू हुई। कुछ देर बाद मिल परिसर में बने पानी की टैंक में उनका शव उतरता पाया गया। फिलहाल छपिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया।

इस संबंध में छपिया थानाध्यक्ष सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।



बभनान शुगर मिलकर्मी की मौत पर शोकाकुल परिजन। संवाद

### तीन लाख नकद, बेटे को नौकरी

बभनान चीनी मिल के श्रम अधिकारी केपी सिंह ने बताया कि दिवंगत के परिजनों को तीन लाख नकद सहायता राशि दी गई है। वहीं उसके एक पुत्र को चीनी मिल में नौकरी भी दी जाएगी।

**गोंडा जिले के छपिया थाने की पुलिस करवा रही शव का पोस्टमार्टम**

### लोहे का बना है टैंक का ढक्कन

जिस टैंक में शव पाया गया उसकी छत लोहे की शट से बनी हुई है। जो जंग लगने के कारण कई जगह से टूट गई है। आशंका जताया जा रहा है कि चीनी मिल के बॉयलर की सफाई के दौरान वह टैंक में गिरे होंगे। माना जा रहा है कि टैंक में पानी ज्यादा भरा होने के कारण वह डूब गया और मौत हो गई।

# फर्जी पैरा मेडिकल कॉलेज में अब धोखाधड़ी की जांच करेगी एसआईटी

## आईजी ने बृहस्पतिवार को जारी किया चार सदस्यीय एसआईटी के गठन का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** फर्जी फार्मेसी कॉलेजों खोलकर छात्र-छात्राओं से लाखों रुपये ऐंठने के सनसनीखेज मामले की जांच एसआईटी करेगी। बृहस्पतिवार को आईजी आरके भारद्वाज ने यह आदेश जारी किया है। यह एसआईटी कोतवाली और कप्तानगंज थाने में इस धोखाधड़ी को लेकर दर्ज चार एफआईआर की लंबित विवेचना का निस्तारण करेगी।

चार सदस्यीय यह टीम सीओ सदर आलोक प्रसाद के पर्यवेक्षण में तफ्तीश करेगी। जिसमें क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर संजय कुमार को मुख्य विवेचक नियुक्त किया है। कोतवाली थाने के एसआई ललितकांत यादव व एसआई विरेंद्र सरोज सह विवेचक होंगे। एसपी बस्ती को इस टीम की विवेचना का समय-समय पर समीक्षा करने को कहा गया है।

**अभिभावकों की शिकायत के बाद आईजी ने लिया निर्णय :** बृहस्पतिवार को बी-फार्मा, डी-फार्मा के बच्चों व अभिभावकों ने आईजी से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। जिसे गंभीरता से लेते हुए आईजी ने एसआईटी के गठन का आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि उक्त प्रकरण से सम्बन्धित जो भी पीड़ित बच्चे हैं वह एसआईटी के समक्ष साक्ष्य लेकर उपस्थित होकर अपनी समस्या को प्रस्तुत कर सकते हैं। उनकी समस्या का निस्तारण शीघ्र किया जाएगा। आईजी ने बताया कि इस प्रकरण में जो भी सफेदपोश, या सरकारी कर्मचारियों की संलिप्तता पायी जाती है तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

### कोतवाली व कप्तानगंज थाने में दर्ज चार अभियोगों की तफ्तीश करेगी टीम


कर रहे थे नर्सिंग कोर्स, पता चला संस्थान ही फर्जी, किया प्रदर्शन

2 जून को प्रकाशित खबर।

**यह है दर्ज हुए केस की नवैयत :** फर्जी नर्सिंग कॉलेज खोलकर छात्र-छात्राओं से धन वसूली के मामले में कोतवाली और कप्तानगंज थाने में चार केस दर्ज हैं। कोतवाली में दर्ज एक केस में कप्तानगंज थानाक्षेत्र के पटखौली निवासी शालिनी वर्मा ने तहरीर दी। जिसके आधार पर 11 आरोपी नामजद किए गए हैं। आरोप लगाया गया है कि सरदार पटेल सत्यांजलि पैरामेडिकल कालेज हर्दिया के नाम से फर्जी विद्यालय खोलकर एएनएम कोर्स के लिए दाखिला किया गया।

फर्जी मार्कशीट दी गई और जब छात्रों ने पैसा वापस मांगा तो आत्महत्या कर लेने की धमकी देते हुए कॉलेज से भाग गए। पुलिस ने कॉलेज संस्थापक सत्यप्रकाश पटेल निवासी बरगदवा थाना कोतवाली, उप प्रबंधक मो. वासिम, गुलशन फातिमा पत्नी मो. वासिम निवासी टेमा रहमत थाना खलीलाबाद जनपद सन्तकबीरनगर, फुरकान निवासी टेमा रहमत थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर, अशुतोष कनौजिया, संस्थापक सत्यप्रकाश पटेल की महिला मित्र रुपम पटेल, गायत्री वर्मा, डॉ. राम अशीष यादव, वीके यादव, पीयूष पांडेय व अन्य अज्ञात पर केस दर्ज किया है। इससे पहले छात्रा लक्ष्मी गुप्ता निवासी जिगिना धाम थाना इटवा सिद्धर्थनगर, वर्तमान पता हरदिया थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने कॉलेज संस्थापक समेत सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था, जिसमें सत्यप्रकाश पटेल, मो. वासिम आदि शामिल हैं।

### 38 लाख के गोलमाल का आरोप

कप्तानगंज थाने में निजी इंटरमीडिएट कॉलेज चलाने वाले कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रेहरवा निवासी कृष्ण कुमार चौधरी ने दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया कि लालगंज थानाक्षेत्र के रक्सा निवासी राम आशीष यादव, विनोद कुमार यादव निवासी बरेली और स्वतंत्र श्रीवास्तव निवासी उरई जालौन ने उन्हें डी. फार्मा, एएनएम व जीएनएम कोर्स की मान्यता दिलाने का झांसा दिया। विश्वास दिलाने के लिए उन लोगों ने कई शिक्षण संस्थाओं का ऑनलाइन व ऑफलाइन ब्योरा दिखाया। इसके बाद छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराने के लिए तीनों अपने खाते के अलावा अन्य खाते में करीब 38 लाख रुपये जमा करा लिया। पूछने पर उन लोगों ने बताया कि छात्रों का एडमिशन ओम साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी उड़ीसा, जयपुरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी उड़ीसा के अलावा भवानी पटना कॉलेज ऑफ साइंस उड़ीसा में करा दिया गया है।

# जान-पहचान के बदमाशों पर लूट को अंजाम देने की आशंका

## कामयाबी की दहलीज पर पुलिस, आज कर सकती है खुलासा, सोमवार को अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर में हुई थी वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर के रौता चौराहे के निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता के घर में सोमवार को दिन दहाड़े हुई हिंसक लूट की घटना में पुलिस कामयाबी दहलीज तक पहुंच चुकी है। हालांकि पुलिस अभी इसे कबूल करने से बच रही है।

सूत्रों के अनुसार, दोनों बदमाश पकड़े जा चुके हैं। टीमें उनसे पूछताछ कर रही हैं। घटना को अंजाम देने वाले अधिवक्ता के जानने वाले बताए जा रहे हैं।

### सीसीटीवी कैमरे में आते जाते दिखे थे चेहरे पर गमछा बांधे दो बदमाश

उन्हें अधिवक्ता के घर, परिवार के बारे में अच्छे से पता था। घटना को अंजाम देने के तौर तरीकों और सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद अमर उजाला ने अपनी रिपोर्ट में इस बारे में पहले ही आशंका जाहिर कर दी थी कि लूट में शामिल बदमाश अधिवक्ता के परिचित हो सकते हैं। उम्मीद है कि शुक्रवार को पुलिस पूरे मामले का पर्दाफाश कर देगी।


सीसीटीवी फुटेज : मुंह पर गमछा बांधे दिखे दो बदमाश

13 सितंबर को प्रकाशित खबर।


48 घंटे के बाद भी पुलिस के हाथ खाली, चार टीमों ने झोंकी ताकत

14 सितंबर को प्रकाशित खबर।

सोमवार को हुई घटना के बाद से एसओजी, स्वाट, सर्विलांस और कोतवाली थाने की टीम दिनरात एक की हुई है। दो दर्जन से अधिक संदिग्धों से पूछताछ के अलावा आसपास के जिलों में दबिश भी दी जा चुकी है। अन्य पहलुओं के अलावा पुलिस ऐसे लोगों को संदेह के घेरे में रखा था जो अधिवक्ता के घर आते-जाते रहे हैं। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार बदमाशों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### यह थी घटना

शहर के कोतवाली क्षेत्र के रौता पुलिस चौकी से महज 50 मीटर दूर स्थित अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर में सोमवार को दोपहर गमछा बांधकर आए बदमाशों ने दिन दहाड़े लूटपाट की। उनकी पत्नी के विरोध करने पर बदमाशों ने उनके पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया और हाथपैर बांधकर बाथरूम में बंद कर दिया। दो कमरों में रखी करीब 50 हजार रुपये नकदी, जेवरात लूटकर भाग गए। काफी देर बाद वह किसी तरह छज्जे पर निकलकर शोर मचाने लगीं। जिसके बाद आसपास के लोगों को जानकारी हुई। सूचना मिलने पर अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा घर पहुंचे। पत्नी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस के अलावा एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। जांच पड़ताल में बाइक से दो बदमाश मुंह पर गमछा बांधकर पहुंचते देखे गए हैं। पुलिस उनकी पहचान करने में जुटी है।

# सुलह करने पर मारपीट, केस दर्ज

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाना क्षेत्र के एक गांव के मुकदमे में सुलह करने को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर नौ लोगों के खिलाफ मारपीट, बलवा, छेडखानी व जान से मारने की धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने नगर पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि रास्ते के विवाद को लेकर चल रहे मुकदमे में सुलह की बात को लेकर विपक्षियों ने दबाव बनाया। उन लोगों ने गोलबंद होकर हाथ मे लाठी डंडा, लोहे की पाइप लेकर अपशब्द कहते हुए मारने लगे। मारपीट के बीच नाबालिग बेटी से आरोपी शैलेश व रूपेश ने अश्लील हरकत की। थाना प्रभारी नगर संतोष कुमार ने बताया कि विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# मारपीट में चार नामजद

**बस्ती।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के मुसही में पेड़ की डाल काटने को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में मुसही निवासी मोना देवी पत्नी वीरेंद्र ने तहरीर दी। बताया कि 12 सितंबर को गांव के चेतरा पत्नी विनोद, लाल बहादुर, संगीता पत्नी कुलदीप और सविता पुत्री विनोद ने अपशब्द कहा और मारापीटा। संवाद

# दुकान से लौट रही युवती से छेड़खानी एक नामजद

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने छेड़खानी, मारपीट व धमकी देने के एक मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में युवती ने तहरीर दी कि चार सितंबर को शाम छह बजे वह समान लेने दुकान पर गई थी।

लौटते समय गांव का राम प्रकाश उर्फ अधोखे उसका हाथ पकड़ कर जबरदस्ती छेड़खानी करने लगा। मना करने पर मारने पीटने लगा और जान से मारने की धमकी दी। संवाद

# अपशब्द कहने व धमकी के आरोप में केस

**बस्ती।** वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के पिपरा जप्ती गांव निवासी अंकित कुमार ने बिलौड़ी शुक्ल निवासी मनोज उपाध्याय पर केस दर्ज कराया है। जिसमें अपशब्द कहने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। अंकित के अनुसार मनोज उपाध्याय ने उसकी मां के कहने पर उसे, उसके पिता और दादा को अपशब्द कहता है और धमकी देता रहता है। पुलिस केस की तफ्तीश कर रही है। संवाद

# प्रधान, सचिव व अवर अभियंता से होगी छह लाख की वसूली

## मुइली में मनरेगा के तहत नियम विरुद्ध कराई थी नाले की सफाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** प्रधान, सचिव और अवर अभियंता से छह लाख रुपये की वसूली होगी। हर्रैया क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुइली में मनरेगा के तहत नियम विरुद्ध नाले की सफाई का मामला सालभर पहले सामने आया था। पंचायत ने सफाई के नाम पर करीब छह लाख खर्च कर दिए थे।

अगस्त 2022 में पंचायत के ही रामकिशुन ने शिकायत की, जिसके बाद जब डीएम ने जांच कराई तो प्रधान, सचिव और अवर अभियंता दोषी पाए गए। अब डीएम अंद्रा वामसी ने तीनों लोगों से सफाई के नाम पर खर्च किए गए छह लाख रुपये की वसूली का निर्देश दिया है। सचिव व अवर अभियंता पर विभागीय व अनुशासनात्मक कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया है। शिकायत पर डीपीआरओ और सहायक अभियंता सरयू नहर खंड चार ने जांच की। रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन सचिव दयानंद वर्मा और अवर अभियंता रुद्रदेव स्पष्टीकरण मांगा गया।

### सचिव और अवर अभियंता पर होगी विभागीय कार्रवाई

प्रधान हृदयलाल ने जांच से असंतुष्टित जताते हुए दोबारा जांच की मांग की। प्रधान की मांग पर उपायुक्त मनरेगा, अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खंड व अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी ने जांच की। जिसमें नियम विरुद्ध नाला सफाई का कार्य कराने में प्रधान हृदयलाल, तत्कालीन सचिव दयानंद वर्मा व अवर अभियंता रुद्रदेव दोषी पाए गए। प्रोजेक्ट पर खर्च की गई कुल धनराशि के सापेक्ष प्रत्येक से एक तिहाई 1.99 लाख रुपये की वसूली का डीएम ने आदेश दिया है।

### दूसरी जांच में भी पाए गए दोषी

**मामले** की दूसरी बार जांचकर अफसरों ने 28 जून 2023 को आख्या सौंपी। जिसके अनुसार, रवई नाले में दो प्रोजेक्ट को दिखाते हुए 500 मीटर लंबा नाला खुदाई व सफाई का काम कराया गया। इस काम में 59,8,317 रुपये खर्च हुए। अफसरों ने आख्या में लिखा है कि ग्राम पंचायत मुईली के क्षेत्र में रवई नाले का हिस्सा पड़ता है। इस नाले की सफाई वित्तीय वर्ष 2020-21 में सरयू खंड चार ने कराया था। दूसरी बार ग्राम पंचायत ने बिना अनापत्ति प्रमाण-पत्र के एक सात तीन माह बाद ही नाले की सफाई करा दिया। इससे स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत ने अपने अधिकार क्षेत्र से हटकर नाले की सफाई कराया। जिसमें प्रधान, सचिव व अवर अभियंता दोषी पाए गए।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2023

# कूड़ा नदी में कूदी लड़की,लोगो ने बचाई जान

उसका बाजार(एसएनबी)। उसका बाजार कस्बा के कूड़ा नदी के पुल से 16 वर्षीय नाबालिक लड़की ने गुरुवार को कूदकर जान देने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक लड़की मार्केट के कस्बे में दूध देने आती थी और घर के परिवार से परेशान तंग आकर नदी में छलांग लगा दी स्थानीय लोगो ने जब लड़की को डूबा तो शोर शराबा शुरू हो गया। नदी में ान कर रहे युवकों ने लड़की को बाहर निकाला। इसके बाद लोगो ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस पहुंचकर लड़की को उसका सीएचसी पर ले गई और इलाज कराया गया।थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि लड़की के कूदने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंचकर उसका सीएचसी पर भेजकर इलाज करवाया गया और बाल कल्याण समित लड़की को भेज दिया गया है।

# पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी को किया गिरफ्तार

डिड़ई (एसएनबी) । शिवनगर डिडई थाना क्षेत्र के पिंडवा निवासी सब्बार पुत्र रमजान को स्थानीय थाने की पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। उक्त सब्बार पर मुकामी थाने पर थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग के मां द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर शिवनगर पुलिस द्वारा छेडखानी व पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश थी। उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति के साथ टीम में शामिल आरक्षी अजय, सुशील, विपिन, राहुल, महिला आरक्षी प्रतिमा दूबे ने आरोपी सब्बार पुत्र रमजान को करही चौराहे के पास से गिरफ्तार करने का दावा किया है इस बावत उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया।

# ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की मौत

बांसी। थाना कोतवाली बांसी अंतर्गत बांसी-खलीलाबाद मार्ग पर एक ट्रक की चपेट में आकर कक्षा 9 में पढ़ने वाली छात्रा की मौत हो गई। ग्राम समोगरा निवासी विजय शर्मा की 14 वर्षीय पुत्री रोशनी शर्मा जो तिलक इंटर कलेज बांसी में कक्षा 9 की छात्रा है प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी विद्यालय पढ़ने आई थी। विद्यालय से वापस लगभग 4 बजे जाते समय जैसे ही वह अपने गांव के निकट बांसी खलीलाबाद मार्ग पर समोगरा चौराहे के निकट बोरिंग नंबर 10 के पास पहुंची, इस दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने उसे बुरी तरह से कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और लाश का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कोतवाल अनुज कुमार सिंह का कहना है कि मृतका तीन बहन और एक भाई में से एक थी ट्रक को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद ड्राइवर फरार हो गया है जबकि ट्रक का क्लीनर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# दो दिन पूर्व गायब महिला का मिला शव

भवानीगंज (एसएनबी)। भवानीगंज थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव के समीप पोखरे में एक महिला का शव लोगों को उतराता दिखाई दिया जिसे देख मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मामले की जानकारी लोगों द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और शव को बाहर निकलवाया तो पता चला कि उक्त शव बीते दो दिन पहले घर से गायब महिला शायरा खातून पत्नी घिसियावन उम्र लगभग 75 वर्ष निवासी हबीबपुर का है।



इस संबंध में थानाध्यक्ष शिव नारायण सिंह ने बताया कि उक्त महिला की गुमशुी दो दिन पूर्व थाने में दर्ज की गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है।

# गुंडा एक्ट में पाबंद

सिद्धार्थनगर। जोगिया थानाध्यक्ष यशवंत सिंह ने बताया कि रियाजुद्दीन उर्फ पापा पुत्र हकीकुल्लाह निवासी सरैया थाना जोगिया उदयपुर के गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# छेड़खानी के मामले में दो गिरफ्तार

इटवा। इटवा थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार को किशोरी से छेड़खानी का मामला सामने आया है। मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही दो आरोपितों के खिलाफ धारा 354क, 452 आईपीसी व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में पुलिस ने आरोपी गणेश और सागर को गिरफ्तार कर लिया है।

# धड़ल्ले से हो रही हरे पेड़ों की कटाई

पथरा बाजार। क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से हो रही है और जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। ताजा मामला पथरा थाना क्षेत्र के सुमहा गांव का है। गांव के पूरब जिम्मेदारों की मिलीभगत से हरे आम के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। प्रशासन भी इस पर ध्यान नहीं दे रहा है जबकि हर वर्ष शासन व प्रशासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है। इस पर करोड़ों रुपये खर्च भी किए जाते हैं।

# मछली तस्करी : रात में ही बॉर्डर पार कर देते हैं लाखों की खेप

### हर दिन होती है 20 से 30 क्विंटल मछली की तस्करी, नेपाल मछली का बड़ा बाजार है, तस्करों का नेटवर्क भी है तगड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। भारत-नेपाल बॉर्डर पर मछली तस्करों का तगड़ा नेटवर्क है। मछली तस्कर अपने नेटवर्क के जरिए सुरक्षा एजेंसियों की गतिविधियों पर भी नजर रखते हैं, क्योंकि कैरियर को बॉर्डर पार कराने में अतिरिक्त लोग भी मददगार होते हैं।

बॉर्डर पर आधी रात में मछली की खेप बॉर्डर पार पहुंचाने का काम शुरू होता है और दिन होने से पहले ही काम पूरा हो जाता है। कभी-कभी ही ये तस्कर सुरक्षा एजेंसियों के हत्थे चढ़ते हैं। भारत-नेपाल बॉर्डर की 68 किलोमीटर की सीमा खुली है।

### *निर्यात नहीं जमकर होती है तस्करी*

*भारत से नेपाल में मछली के निर्यात की सुविधा नहीं है, क्योंकि पशुपालन विभाग में जांच के बाद सर्टिफिकेट देने की सुविधा है। इस कारण मछली की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। एक मछली पालक ने बताया कि नेपाल में चीन और बिहार बॉर्डर से मछली आती है, जबकि आंध्र प्रदेश से मछली का निर्यात भी होता है। नेपाल की करीब तीन करोड़ आबादी है, जिसमें 60 प्रतिशत नेपाली मछली खाते हैं। सर्वे के अनुसार एक नेपाली साल में 35 किलो मछली खाता है। इस प्रकार एक साल में नेपाल में 6.30 लाख टन मछली की खपत है। नेपाल में पर्यटक अधिक आते हैं, इस कारण भी मछली की खपत अधिक है।*

बढ़नी बॉर्डर के मछली व्यापारी ने अनुमान लगाते हुए बताया कि बॉर्डर पर हर दिन 20 से 30 क्विंटल मछली की तस्करी हो रही है। ये मछली पालने वाले को सामान्य कीमत देते हैं, जबकि मछली को बॉर्डर पार ले जाकर दो से तीन गुना मुनाफा कमा लेते हैं। तस्कर रात में वाहनों से और साइकिल सवार कैरियर मछली को बॉर्डर पार पहुंचा देते हैं।



14 सितंबर को प्रकाशित खबर।

गौरतलब है कि अलीगढ़वा बॉर्डर के पास बुधवार को 6.40 क्विंटल जिंदा मछली पकड़ी गई। एसएसबी के जवानों ने मुखबिर की सूचना पर मछली पकड़ा था। ये गैर परंपरागत मार्ग से होते हुए ठाकुरपुर गांव के पास पहुंचे थे, जहां वे एसएसबी के हत्थे चढ़ गए थे।

### प्रदेश में मछली पालन में जिला नंबर एक

बढ़नी के अकरहरा के पवन अनवर फैज ने बताया कि मछली पालन में सिद्धार्थनगर प्रदेश में सबसे आगे पहुंच चुका है। इस बार सर्वे रिपोर्ट आएगी तो इसकी पुष्टि हो जाएगी। जिले में हुए सर्वे के अनुसार जिले में हर साल 48,750 एमटी कॉमर्शियल मछली तैयार हो रही है, जबकि तालाब भी तेजी से बनाए जा रहे हैं। मत्स्य विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार साल 2021-22 में सिद्धार्थनगर टॉप- 5 में था। झांसी, बहराइच एवं लखीमपुर खीरी के बाद सिद्धार्थनगर का नाम चौथे नंबर पर था। उस समय 25853 एमटी वार्षिक उत्पादन था, लेकिन इसमें कॉमर्शियल मछली पालन को शामिल नहीं किया गया है। इस मामले में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि नेपाल में मछली निर्यात के आवश्यक जांचें शुरू कराने की पहल की जा रही है। जांच की सुविधा होने पर निर्यात शुरू होगा। जिले में मछली पालन के क्षेत्र में बहुत तेजी से काम हो रहा है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार मछली पालन में प्रदेश में जिले के नंबर वन बनने की पूरी उम्मीद है।



### *इस कारण है मछली की मांग*

*नेपाल के काठमांडू में 2015 में भूकंप आया था। पहाड़ों के पत्थर खिसकने के कारण करीब 16 हजार लोगों की मौत हुई थी। उसके बाद पहाड़ियों में रहने वाले लोगों ने मैदानी क्षेत्र का रुख किया और तराई क्षेत्र में आबादी बढ़ने लगी, जिससे जमीन महंगी हो गई। चूंकि पहाड़ी क्षेत्र में ढलान है और तराई क्षेत्र में तालाब बनाने की जगह कम है। तापमान कम होने के कारण ठंड में मछलियां मर जाती हैं, जबकि मछली पालन होगा तो दाना भी उन्हें आयात से ही मिलेगा। इस कारण मछली के लिए नेपाल दूसरे देशों पर निर्भर है।*

# कूड़ा नदी में कूदी किशोरी की दो किशोरों ने बचाई जान

## सराहनीय

उस्का बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। उस्का बाजार क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी ने पारिवारिक कलह से जान देने के इरादे से कस्बे के नए पुल से कूड़ा नदी में छलांग लगा दी। नदी में पहले से नहा रहे दो किशोरों ने अपनी जान जोखिम में डाल उसे बचा लिया। क्षेत्र में इनकी बहादुरी की खूब चर्चा हो रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी से पूछताछ की।

बताया जा रहा है कि किशोरी के परिवार में मवेशी पले हुए हैं। वह उस्का बाजार कस्बा में किसी के घर दूध पहुंचाने साइकिल से आई थी। कूड़ा नदी के पुल पर पहुंची तो उसने पुल पर ही एक किनारे साइकिल खड़ी कर दी और छलांग लगा दी। किशोरी के छलांग लगाने के दौरान कूड़ा नदी में आजाद नगर वार्ड निवासी राजा (13) और अरुण कुमार (12) नहा रहे थे। जैसे ही किशोरी नदी में गिरी दोनों किशोर तैरकर गहरे पानी में डूब रही को बचाते हुए उसे बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को इलाज के लिए सीएचसी ले गई। डॉ. प्रीति शुक्ला ने बताया कि किशोरी पुलिस के साथ आई थी



अरुण कुमार



राजा

जिसका इलाज किया गया। वह पुलिस के साथ चली गई। राजा और अरुण के साहसिक कार्य की खूब सराहना हो रही है।

एसओ दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि किशोरी के नदी में कूदने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई थी। सीएचसी ले जाकर उसका इलाज कराया गया। पूछताछ में बताया कि वह पारिवारिक कलह के कारण ऐसा कदम उठाई है। उसे बाल कल्याण समिति में भेज दिया गया है।

# पहले छिपाया, बात बिगड़ी तो दर्ज किया मुकदमा

- **पुलिस की दबिश के दौरान किशोरी ने छत से लगाई थी छलांग**
- **भीमापार मोहल्ला के एक लाज में संयुक्त पुलिस ने दी थी दबिश**

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : सदर थाना के भीमापार मोहल्ला में एक सप्ताह पूर्व सात सितंबर को पुलिस ने एक लाज पर छापेमारी की थी। इस दौरान लाज के कमरे में बैठी नाबालिग छात्रा ने छत से छलांग लगा दी थी। पुलिस ने उसे गंभीर रूप में घायल स्थित माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज में उपचार के लिए भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख गोरखपुर रेफर कर दिया। वहां पर छात्रा का उपचार चल रहा है। उसके कमर व पैर में गंभीर चोट लगी है। इसके बाद सदर थाना पुलिस ने दो नाबालिग व एक युवती समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोपित का नाम उस्का बाजार थाना क्षेत्र निवासी राहुल त्रिपाठी है।

सात सितंबर की रात करीब आठ बजे सदर सीओ अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में सदर व उस्का बाजार की संयुक्त टीम ने भीमापार मोहल्ला के एक लाज में छापेमारी की थी। पुलिस को इस लाज में देह व्यापार के नेटवर्क संचालन की सूचना मिली थी। पुलिस ने जब कमरों की तलाशी शुरू की तो उस्का बाजार थाना क्षेत्र निवासी दो नाबालिग, एक किशोरी, युवती व आरोपित मिला था। इसी दौरान किशोरी ने छत से छलांग लगा दी थी। पुलिस ने आनन-फानन में कार्रवाई को स्थगित कर दिया था। किशोरी के स्वजन जब उसे लेकर उपचार कराने के लिए चले गए तो कार्रवाई शुरू हुई। विवेचना पुरानी नौगढ़ पुलिस चौकी के प्रभारी अनूप मिश्रा को सौंपी गई है। सीओ सदर ने कहा कि किशोरी ने छत से छलांग लगा दी थी। उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया गया।

# मुकदमा दर्ज होने के दूसरे दिन सीएमओ कार्यालय में छाया रहा सन्नाटा

- पहले दिन नहीं हुआ कोई कोई काम, सीओ सदर करेंगे मामले की जांच
- कुछ देर तक कार्यालय में बैठे सीएमओ, किए कई फाइलों पर साइन

**जासं, सिद्धार्थनगर** : सौदेबाजी से संबंधित प्रसारित वीडियो के मामले में सदर थाना पुलिस ने दो डिप्टी सीएमओ समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा इस मामले की विवेचना करेंगे। वहीं मुकदमा दर्ज होने के दूसरे दिन गुरुवार को सीएमओ कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। कुछ देर के लिए सीएमओ विनोद कुमार अग्रवाल अपने आफिस में बैठे। उनके निकलते ही सभी पटल बाबू भी इधर-उधर हो गए। सभी ने अपने मुंह पर चुप्पी का ताला लगा रखा था।

सीएमओ डा.वीके अग्रवाल ने दो सितंबर को डिप्टी सीएमओ डा. बीएन चतुर्वेदी व डा. एमएम त्रिपाठी के खिलाफ तहरीर दी थी। इन दोनों अधिकारियों के साथ अवध हास्पिटल बांसी के संचालक रंजीत कुमार को भी आरोपित किया था। सीएमओ ने एक सितंबर को सौदेबाजी के नाम पर सीएमओ का एक वीडियो प्रसारित होने पर किया था। इसमें निजी अस्पताल संचालक ने के पंजीयन के नाम पर सीएमओ पर पांच लाख रुपये घूस मांगने का आरोप लगाया था। उसने डेढ़ लाख रुपये देने का दावा भी किया। इस प वीडियो में सीएमओ के साथ दोनों डिप्टी सीएमओ भी दिखाई दिए थे।एसपी अभिषेक अग्रवाल ने इसकी जांच एएसपी सिद्धार्थ से कराई है। वहीं कार्यालय के कुछ कर्मियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि अब सीडीओ की जांच में क्या रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है, उसी पर पूरी कार्रवाई निर्भर करेगी। सीओ सदर ने बताया कि दोनों डिप्टी सीएमओ समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# किशोरी से छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में छेड़खानी का आरोपित ● जागरण

**जासं, घोसियारी:** शिवनगर थाना डिड़ई क्षेत्र के किशोरी से छेड़खानी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम 19 वर्षीय सब्बार पुत्र रमजान अली है, वह पीड़िता के ही गांव का निवासी है।

बुधवार की दोपहर उक्त नाबालिग गांव से कुछ दूर स्थित एक बाग में बकरी चरा रही थी। सब्बार वहां पहुंचा और उससे छेड़छाड़ करने लगा। वह जब चिल्लाई तो आरोपित वहां से भाग गया। घर पहुंच नाबालिग आपबीती स्वजन को बताया। पीड़िता की मां ने थाने पहुंच तहरीर नामजद तहरीर दिया। पुलिस पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा लिखने के बाद आरोपित की तलाश में जुट गई। करीब 11 बजे उसे करही चौराहे के पास से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

# एक पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई दो की खुली हिस्ट्रीशीट

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** विभिन्न अपराधों में संलिप्त लोगों पर पुलिस अब तेजी से कार्रवाई कर रही है। बुधवार की देर शाम को पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर एक व्यक्ति पर जहां गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई, वहीं संगठित अपराध करने वाले दो लोगों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

जोगिया कोतवाली पुलिस ने बुधवार को चोरी आदि अपराध में सक्रिय थाना क्षेत्र ग्राम सरैया निवासी रियाजुद्दीन उर्फ पापा पुत्र हकीकुल्लाह के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। पुलिस का कहना है कि चोरी आदि के कई मामले उसके खिलाफ जोगिया कोतवाली में पहले से दर्ज हैं।

इसी प्रकार डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम भटंगवा निवासी हैदर अब्बास पुत्र गुलाम अब्बास व जबजौवा निवासी रंगीलाल उर्फ शहाबुद्दीन पुत्र निजाम उर्फ निजामुद्दीन को हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया।

# नदी में कूदी किशोरी, लोगों ने बचाई जान

जासं उस्का बाजार : नगर क्षेत्र के बीच से गुजरने वाली कूड़ा नदी पर बने पुल से एक 16 वर्षीया किशोरी ने गुरुवार को छलांग लगा दी। पुलिस के अनुसार किशोरी बाजार में दूध देने बाजार आती थी और स्वजन से परेशान थी। इसी तनाव से तंग आकर उसने दी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने जब लड़की को डूबते देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। उसे सुनकर नदी में स्नान कर रहे कुछ युवकों ने लड़की को बाहर निकाला। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि लड़की के कूदने की सूचना मिलने पर पुलिस ने किशोरी का इलाज करवाया। बाद में किशोरी को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया है।

# सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें छात्राएं

**जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर :** मिशन शक्ति दीदी अभियान अंतर्गत गुरुवार को इटवा थाना के कमदा लालपुर स्थित सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम एवं अन्य विषयों पर जागरूक किया गया। स्कूली बच्चियों से उनकी समस्याएं पूछी गई तथा उन्हें हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई। सभी से कहा गया कि शिक्षा प्राप्त कर रही हैं तो सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। स्कूल आते-जाते समय कहीं कोई समस्या आती है तो तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दें। किसी भी स्थिति में डरने की आवश्यकता नहीं है।



इटवा के कमदा लालपुर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पर आयोजित मिशन शक्ति दीदी कार्यक्रम को संबोधित करती महिला आरक्षी अनुराधा तिवारी (दाएं) ● जागरण

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि सुरक्षा बिंदुओं पर सभी छात्राओं को जागरूक रहने की आवश्यकता है। जागरूक रहेंगी और अपने अधिकार व कानून के बारे में जानकारी रखेंगी तो अपराध में भी कमी आएगी। उत्पीड़न संबंधित घटनाएं होती हैं या कोई और समस्या रहती है तो तुरंत इसकी जानकारी दें। महिला आरक्षी अनुराधा तिवारी ने कहा कि इन दिनों इंटरनेट का जमाना है। इसका गलत प्रयोग भी होता है। सभी को इंटरनेट मीडिया के बारे में जानकारी रखनी चाहिए, जिससे वे किसी प्रकार के अपराध का शिकार न हो सकें। महिला आरक्षी अर्चना यादव ने महिला सशक्तीकरण अभियान के तहत महिलाओं के संबंधी अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए सुरक्षा बिंदु पर सभी को जागरूक किया। हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।

# एंटी रोमियो चेकिंग अभियान चलाया

इटवा : महिला आरक्षी अनुराधा तिवारी व अर्चना यादव ने गुरुवार को कस्बे में एंटी रोमियो चेकिंग अभियान चलाया गया। इस बीच उन लोगों परे नजर रखी गई। महिलाओं, स्कूली बच्चियों पर आपत्ति जनक टिप्पणी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा। माफीनामा भरवाया कर छोड़ा दिया गया।

# लापता महिला का मिला शव

**सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव के पोखरे में बृहस्पतिवार को एक महिला का उतराता हुआ शव लोगों ने देखा। इसके बाद लोगों की भीड़ पहुंच गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और शव को बाहर निकलवाया। पता चला कि शव दो दिन पहले घर से गायब महिला शायरा खातून (75) पत्नी घिसियावन निवासी हबीबपुर का है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शिव नारायण सिंह ने बताया कि महिला की गुमशुदगी दो दिन पूर्व थाने में दर्ज की गई थी। संवाद

# डुमरियागंज पुलिस ने दो की खोली हिस्ट्रीशीट

सिद्धार्थनगर। आपराधिक क्रिया-कलापों पर सतत निगरानी के लिए डुमरियागंज थाने की पुलिस ने दो आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। थानाध्यक्ष मुकेश राय ने बताया कि हैदर अब्बास पुत्र गुलाम अब्बास निवासी भटगवां, रंगीलाल उर्फ शहाबुद्दीन पुत्र निजाम उर्फ निजामुद्दीन निवासी जबजौवा थाना डुमरियागंज के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोली गई है। उनपर निरंतर निगरानी रखी जाएगी।

# गिरफ्तारी का डर... दोनों डिप्टी सीएमओ भूमिगत, सीएमओ की भी धड़कन बढ़ी

## निजी अस्पताल के संचालक से लेन-देन का वीडियो वायरल होने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। सीएमओ, डिप्टी सीएमओ एवं अवध हॉस्पिटल के संचालक की बातचीत का वीडियो वायरल होने के मामले में फंसे हुए हर किसी की पांव जांच की चकरी में फंसे हुए हैं। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज होने के बाद डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी एवं डॉ. बीएन चतुर्वेदी गिरफ्तारी के भय से भूमिगत हो गए हैं, जबकि सीडीओ जयेंद्र कुमार की जांच पूरी होने के बाद सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल की धड़कनें भी बढ़ी हुई हैं।

वहीं इस मामले में अवध हॉस्पिटल बांसी के संचालक फार्मासिस्ट रंजीत ने भी अपना मोबाइल बंद करके बचाव की कोशिश शुरू की है। स्वास्थ्य विभाग में वीडियो वायरल होने के प्रकरण से हलचल मची हुई है। बृहस्पतिवार को डिप्टी सीएमओ कार्यालय की सभी कुर्सियां खाली थी। ऐसा लगा कि जैसे सन्नाटा ही कुछ बोल रहा हो।

स्वास्थ्य कर्मी भी आपस में इसी विषय में चर्चा करते नजर आए कि अब क्या होगा? एक डॉक्टर ने जैसे ही बात शुरू की तो उनकी जुबान से निकला कि हर कोई अपनी कुर्सी में बचाने में जुटा हुआ है।

इस प्रकरण में दोनों डिप्टी सीएमओ का मोबाइल बंद हो गया है, जबकि सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल भी विभागीय कामों के साथ जांच रिपोर्ट पर नजर गड़ाए हुए हैं।



सीएमओ कार्यालय।

### सीडीओ ने पूरी की रिश्वत कांड की जांच, अब डीएम को सौंपेंगे रिपोर्ट

### अब आगे क्या...

*जानकारों के अनुसार विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलित होने पर बनने वाले अपराधों में पुलिस चार्जशीट तैयार करके न्यायालय में दाखिल करेगी। इस मामले में अर्जी के अनुसार न्यायालय अग्रिम जमानत दे सकता है और जमानत अर्जी खारिज भी हो सकती है। इन अपराधों पर सात साल तक की सजा का प्रावधान है। ये सभी अपराध संज्ञेय एवं गैर जमानतीय हैं। इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत दोषी पाए जाने पर डॉक्टर का पंजीकरण भी रद्द भी हो सकता है।*



5 सितंबर को प्रकाशित खबर।



जांच की चकरी में फंसे कई लोगों के पै

4 सितंबर को प्रकाशित खबर।

## दर्ज हुआ केस, सीडीओ देंगे रिपोर्ट

*एक सितंबर को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें सीएमओ, डिप्टी सीएमओ और अवध हॉस्पिटल के संचालक की बातचीत बताई गई। इस मामले में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार को जांच करने का आदेश दिया है। वे वीडियो वायरल होने के पूरे प्रकरण की जांच कर रहे हैं। सीडीओ ने बताया कि जांच पूरी हो गई है, जल्द ही जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंप देंगे। इसी मामले में सीएमओ ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल को पत्र लिखकर वीडियो की जांच कराकर दोनों डिप्टी सीएमओ एवं अवध हॉस्पिटल के संचालक के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की थी। इस मामले में एएसपी ने जांच की और उनकी रिपोर्ट के अनुसार के दोनों डिप्टी सीएमओ एवं निजी अस्पताल के संचालक रंजीत के खिलाफ बुधवार को केस दर्ज हुआ। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1998 एवं इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य महकमे की नजर सीडीओ की जांच रिपोर्ट पर है कि आखिर अब कौन-कौन जांच में झुलसने वाला है?*

## कुछ बोल रही है हॉस्पिटल की डायरी

*सिद्धार्थनगर। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 2 जून 2022 को अवध हॉस्पिटल बांसी में छापा मारा था। दो मरीज भर्ती थे लेकिन कोई डॉक्टर नहीं थे। एक अल्ट्रासाउंड मशीन थी, जिसे सील करके थाने को सुपुर्द किया गया। इसी छापा के दौरान हॉस्पिटल में सर्जरी की डायरी मिली थी, जिसमें 69 आशा कार्यकर्ताओं के नाम और मोबाइल नंबर भी लिखे थे।सर्जरी रजिस्ट्रर में रेफर बाई के कॉलम में कई मरीजों के नाम के आगे आशा लिखा हुआ है और उसके आगे वाले कॉलम में सर्जन का नाम है। इनमें आशा शब्द के आगे 4000 या 5000 लिखा है, जबकि सर्जन के आगे 6000 लिखा हुआ है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अवध हॉस्पिटल को सील कर दिया, लेकिन आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका की जांच नहीं हुई। वीडियो वायरल होने के बाद सीएमओ ने अवध हॉस्पिटल सहित चार निजी अस्पतालों की लाइसेंस की फाइल डीएम को भेजी है। उन्होंने आग्रह किया है कि डीएम अपने स्तर पर जांच कराकर लाइसेंस जारी करने या नहीं करने का निर्णय करें।*

# शहर के चौराहों पर पुलिस ने की चेकिंग

सिद्धार्थनगर। शहर के पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ग्रांड चेकिंग किया। जिले के थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर की गयी चेकिंग। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों / वस्तुओं / स्थानों की सघन चेकिंग की गयी।पुलिस अधीक्षक ने अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बृहस्पतिवार को समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाप्रभारी, चौकी प्रभारी, आरक्षी ने अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों व भीड़भाड़ वाले स्थानों आदि की सघन चेकिंग किया। चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिला। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2023

# गुमशुदा व्यक्ति को पुलिस ने परिजनों को किया सुपुर्द

संतकबीरनगर(एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा व्यक्ति की तलाश कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। प्रभारी निरीक्षक खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 10.09.2023 को आकाश पुत्र सुभाष निवासी उमिला पोस्ट बुधाकंला थाना कोतवाली खलीलाबाद अपने घर पर बिना बताये कहीं चले गये थे। इस संबंध में उनकी पत्नी द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 13.09.2023 थाना स्थानीय पर गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। उन्होंने बताया कि गठित टीम द्वारा सक्रियता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई कर सर्विलांस की मदद से गुरूवार को गुमशुदा आकाश पुत्र सुभाष निवासी उमिला थाना कोतवाली खलीलाबाद को बरामद कर उसकी पत्नी को सुपुर्द किया गया।

# जन सहयोग से लगवाया सीसीटीवी कैमरा

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसहयोग से चार स्थानों पर 76 सीसीटीवी कैमरा स्थापित कराया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर 60 सीसीटीवी एवं थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर आठ सीसीटीवी एवं थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर सात और थाना बखिरा पुलिस ने एक स्थान पर एक सीसीटीवी कैमरा लगवाया। कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने फूल माला पहना कर सम्मानित किया।

# पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई,क्षतिग्रस्त किया ट्रैक्टर

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के खैरगाड़ गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो मनबढों ने एक व्यक्ति को बुधवार को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। इतना ही नहीं मनबढों द्वारा तोड़-फोड़ करते हुए घायल व्यक्ति के ट्रैक्टर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घायल की तहरीर पर दो हमलावरों के विरूद्ध गुरूवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के खैरगाड़ गांव निवासी संजय पुत्र नागेन्द्र ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को गांव निवासी विपक्षी अमित पुत्र संतराम तथा मोनू पुत्र राजपति उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। उसने गाली देने का विरोध किया तो उक्त सभी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडे से पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीचबचाव कराया तब जाकर उसकी जान बच सकी। इस दौरान दोनों हमलावरों ने तोड़-फोड़ करते हुए उसका ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त कर दिया। तहरीर के आधार पर हमलावर अमित व मोनू के विरूद्ध पुलिस ने आईपीसी की धारा 323,427, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी इंसपेक्टर जुबेर अली ने कहा कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# छेड़खानी के आरोप में एक नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने गुरूवार को एक युवक के विरूद्ध घर में घुस कर छेड़खानी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया न्यायालय के आदेश पर पूरी की है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने बताया कि बीते 2 जुलाई 2023 की रात करीब 9 बजे वह घर में अकेली मौजूद थी जिसका फायदा उठाते हुए गांव निवासी रामहरी पुत्र पियारे नामक युवक उसके घर में घुस गया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। उसके द्वारा विरोध करते हुए शोर मचाने पर पकड़े जाने के भय से जब तक शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी रामहरी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद उसने तत्काल स्थानीय थाने से लगायत पुलिस अधीक्षक तक को प्रार्थनापत्र दिया लेकिन पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह न्यायालय की शरण में पहुंचकर वाद दाखिल करते हुए आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांगे की जिस पर सुनवाई कर न्यायालय ने धनघटा पुलिस को आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का आदेश पारित किया जिसके अनुपालन में गुरूवार को पुलिस ने आरोपी रामहरी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 354 क, 383 व 452 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी जुबेर अली ने बताया कि दोषी पाए जाने पर जल्द ही नामजद आरोपी को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# बाप-बेटी की पिटाई के आरोप में चार नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के गागड़गाड़ गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो दिन पूर्व घर में घुस कर बाप-बेटी को मारपीट कर लहूलुहान करने की घटना में धनघटा पुलिस ने घायल की तहरीर पर चार हमलावरों के विरूद्ध मारपीट में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल बाप-बेटी को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के गागड़गाड़ गांव निवासी सोनू पुत्र मोतीराम ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर बीते मंगलवार को गांव निवासी विपक्षी अमरनाथ व अशोक पुत्रगण निर्मल,संगीता देवी पत्नी अशोक कुमार तथा चन्दा देवी पत्नी निर्मल लाठी-डंडा लेकर उसके दरवाजे पर चढ कर गाली देना शुरू कर दिया। गाली देने का विरोध करने पर उक्त सभी उसे मारने के लिए दौड़ा लिए तो वह भाग कर घर में घुस गया और जान बचाने के लिए छुपने लगा तो उक्त सभी विपक्षी घर में घुस गए और उसके उपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान बीचबचाव कराने उसकी भतीजी अंशू पुत्री विजय प्रताप उसका बचाव करने की कोशिश की तो जान से मारने की धमकी देते हुए उक्त विपक्षी उसके साथ-साथ भतीजी अन्शू को भी लाठी-डंडे से पीट कर लहूलुहान कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर अमरनाथ,अशोक कुमार, संगीता देवी व चन्दा देवी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,506,352,452 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी इंसपेक्टर जुबेर अली ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# चार स्थानों पर लगे 76 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर(एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि गुरूवार को संतकबीरनगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से 04 स्थानों पर 76 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये। जिसमें थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने 01 स्थान पर 60 सीसीटीवी कैमरे, थाना दुधारा पुलिस ने 01 स्थान पर 08 सीसीटीवी कैमरे, थाना मेंहदावल पुलिस नें 01 स्थान पर 07 सीसीटीवी कैमरे, थाना बखिरा पुलिस ने 01 स्थान पर 01 सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया है। कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुलिस द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

# मां-बेटे को पीटने के आरोप में चार नामजद

**महुली थाना क्षेत्र के अगवा उर्फ सिदाही गांव का है मामला**

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थानान्तर्गत अगवा उर्फ सिदाही गांव में घरेलू विवाद को लेकर बीते दिनों मां-बेटे को मारपीट कर घायल करने की घटना को लेकर घायल बेटे की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल मां-बेटे को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है।

घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के अगवा उर्फ सिदाही गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र टिहुल प्रसाद ने बताया कि उसके भाई प्रमील अलग रहते है। उसकी मां फूलमती उसके साथ रहती है। रंजिश को लेकर भाई प्रमील उसे और उसकी मां को पूर्व में भी कई बार मारपीट चुका है। बीते 10 सितम्बर की रात 9 बजे मां फूलमती को सोने के लिए घर के बरामदे में चारपाई पर मच्छरदानी लगा रहा था। मां की चारपाई में एक तरफ भाई प्रमील ने अपनी बाइक खड़ी कर रखी थी तो दूसरी तरफ सिलाई मशीन रखी थी जिससे मच्छरदानी लगाने में दिक्कत हो रही थी तो उसने भाई प्रमील से सिलाई मशीन को चारपाई से दूर करने का अनुरोध किया जिस पर नाराज होकर भाई प्रमील, मीना पत्नी प्रमील तथा आंचल और अर्चना पुत्रीगण प्रमील उसे और उसकी मां को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारने-पीटने लगे। डंडे से प्रहार कर उक्त सभी ने उसका सिर फोड़ दिया जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। इस दौरान उसके साथ मां फूलमती को भी चोटे आ गई। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंच गए और बीचबचाव कराया तो हमलावर मां-बेटे को जान से मारने की धमकी भी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त चारो हमलावरों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# अभियोजन पक्ष व पुलिस समन्वय से करायें मामलों के निस्तारण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त से



अभियोजन अधिकारियों व शासकीय अधिवक्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार बैठक की। उन्होंने अभियोजन पक्ष एवं पुलिस को आपस में समन्वय कर मामलों के यथाशीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया।

दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने न्यायालय में लंबित अभियोगों गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, पाक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराधों आदि के दृष्टिगत अभियोजन पक्ष द्वारा की गई कार्यवाहियों पर विस्तार से चर्चा की और अपराधियों को चिन्हित कर अपराधों मे लिप्त अपराधियों को कठोर सजा दिलाने, अभियोगों का त्वरित निस्तारण व अभियोजन की कार्यवाही को और बेहतर करने के उपायों पर प्रकाश डाला। अभियोजन अधिकारियों से न्यायालय में विचारण के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में संज्ञान में लेते हुए उसे अविलंब दूर करने हेतु संबंधित को हिदायत दी। बैठक में यह भी निर्धारित किया गया कि महिलाओं व बच्चों के साथ हो रहे अपराधों में पंजीत अभियोगों में न्यायालय के विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष और बेहतर ढंग से साक्ष्यों को प्रस्तुत करें। जिससे कि अपराधियों को शत प्रतिशत सजा सुनिश्चित की जा सके व अभियोजन पक्ष तथा पुलिस आपस में समन्वय कर मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण करायें।

# बैंकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है : एसपी

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में बैंक के अधिकारियों/कर्मचारीगणों के साथ एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बैठक की। उन्होंने सभी से परिचय प्राप्त किया और बैंकों में सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बैंकों की सुरक्षा हेतु सभी को उच्च मेगापिक्सल के कैमरा लगवाने के साथ ही साथ बैंकों में लगे अलार्मों को दुरुस्त रखें। बैंकों के आस-पास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में तत्काल पुलिस को अवगत करायें। साथ ही जो भी पुलिसकर्मी बैंक चेकिंग करने जा रहे है और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में यदि कोई समस्या हो तो उन्हें अवश्य अवगत करा दें। उन्होंने कहा कि आपातकालीन व पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के नम्बरों की सूची अपने बैंक/शाखा में अवश्य लगाएं जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उन नम्बरों को डायल कर उनसे आकस्मिक सहायता प्राप्त की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि आप सभी लोग अपने स्तर से बैंक ग्राहकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी चलाते रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्रीय बैंक प्रबंधक, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्रीमती दीपांशी राठौर, क्षेत्राधिकारी धनघटा बृजेश सिंह सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने पीड़िता के पति को किया बरामद

**कामयाबी**

- एक दिन पूर्व पत्नी ने पति के लापता होने की पुलिस को दी थी तहरीर
- राजस्थान जाने के लिए घर से निकला युवक कानपुर से हो गया था गायब

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के उमिला गांव निवासी गायब युवक को पुलिस ने बरामद कर लिया। घर से राजस्थान के लिए निकला युवक कानपुर से लापता हो गया था। एक दिन पूर्व गायब युवक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर पति के तलाश की गुहार लगाई थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज करके युवक की तलाश शुरू कर दिया। पुलिस ने गायब युवक को तलाशकर उसकी पत्नी के सुपुर्द कर दिया।

उमिला गांव निवासी प्रेमलता ने एक दिन पूर्व कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पति आकाश कुमार कन्नौजिया दस सितंबर को शाम लगभग चार बजे खलीलाबाद रेलवे स्टेशन से राजस्थान के उदयपुर जाने के लिए ट्रेन पकड़ी थी। कानपुर पहुंचने के बाद 11 सितंबर को पति के मोबाइल से किसी दूसरे व्यक्ति ने फोन कर कहा कि जिस मोबाइल से बात कर रहा हूं उनका एक्सीडेंट हो गया है।

डॉक्टर तत्काल रूपए मांग रहा है। इसके बाद उसने फोन करने वाले से कहा कि वीडियो काल करके पति को दिखा दीजिए। जिस पर फोन करने वाले ने कहा कि वह चार लोग हैं और उनमें से किसी के पास बड़ा फोन नहीं है। इसके बाद मोबाइल बंद कर दिया।

कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आकाश से बात न होने पर उनकी पत्नी प्रेमलता ने थाने पर बुधवार को तहरीर दिया था। जिसके आधार पर मामले को गंभीरता से लेकर गुमशुदगी दर्ज करते हुए उसकी तलाश के लिए पुलिस टीम को लगा दिया गया था। एसपी के आदेश पर गठित पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि उसका फोन गायब हो गया था, उसी से फोन आया था। फोन गायब होने के बाद आकाश वापस लौट आया। उसे उसकी पत्नी के सुपुर्द कर दिया गया।

# घायल को उपचार के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। थाना बखिरा क्षेत्र के निघुरी गांव से कालर ने सड़क मार्ग पर बाईक और साइकिल में टक्कर होने से एक व्यक्ति के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल पर तत्काल पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल मुर्थलीन पुत्र रामसाद निवासी रमरा थाना कैराना जनपद शामली को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएचसी मेंहदावल भेजवाकर घटना के संबंध में थाना बखिरा पुलिस को अवगत कराया। पुलिस कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से कोई अप्रिय घटना नही हुई और घायल का समय से दवा उपचार हो गया।



पुलिस लाइन सभागार में बैठककर समीक्षा करते एसपी।

# बैंकों की सुरक्षा की एसपी ने की समीक्षा

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने गुरूवार को बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह व क्षेत्रीय बैंक प्रबंधक की उपस्थिति में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारीगणों के साथ गोष्ठी की। बैठक में उपस्थित लोगों से बैंक के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

गोष्ठी में एसपी ने बैंकों की सुरक्षा के लिए सभी को उच्च मेगापिक्सल के कैमरा लगवाने के साथ ही साथ बैंकों में लगे अलार्मों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। बैंकों के आस-पास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए बताया। साथ ही उपस्थित लोगों से एसपी ने कहा कि जो भी पुलिसकर्मी बैंक चेकिंग करने जा रहे हैं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में यदि कोई समस्या हो तो उन्हे तत्काल जानकारी दें। आपातकालीन व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नम्बरों की सूची अपने बैंक की शाखा में अवश्य लगाएं। जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उन नम्बरों को डायल कर आकस्मिक सहायता प्राप्त किया जा सके।

# एक दर्जन वारंटियों को भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक दर्जन वारंटियों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया। जिसमें थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त सोनू पखुआपार, तारापति निवासी बारीगांव एवं त्रिवेनी निवासी तुरकौलिया थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती को गिरफ्तार किया। थाना दुधारा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त सराजुद्दीन, लाल मोहम्मद निवासीगण मनैतापुर, राजकुमार निषाद निवासी अशरफपुर, बहरैची निवासी गंगौली एवं मजीद निवासी बढ़यामाफी को दबोचा। इसके अलावा थाना मेंहदावल पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त सोहरत व हस्मत अली निवासीगण केवटलिया एवं सन्तोष कुमार तिवारी निवासी मंझरिया तिवारी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई पूर्ण करके संबंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल रवाना कर दिया।

# 65 वाहनों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 65 वाहनों के चालकों से जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 65 वाहनों के चालकों से 59 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# अभियोजन पक्ष व पुलिस आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करें : डीएम




कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते ( दाएं से ) एडीएम जय प्रकाश, डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता। फोटो सूचना विभाग

**जासं, संतकबीर नगर**: डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि अभियोजन पक्ष व पुलिस आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करें। जिससे मामलों का जल्द गुणवत्ता के साथ निस्तारण हो। इसमें किसी भी स्तर से लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अभियोजन अधिकारियों व शासकीय अधिवक्ताओं के साथ विभिन्न बिंदुओं पर विमर्श किया।

उन्होंने यह बातें गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में कही। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि कोर्ट में लंबित गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, पाक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, महिला संबंधित अपराधों पर अभियोजन पक्ष द्वारा की गई कार्रवाई पर चर्चा की। अपराधियों को कठोर सजा दिलाने, अभियोगों के त्वरित निस्तारण पर बल दिए। न्यायालय में विचारण के दौरान आने वाली समस्याओं को संज्ञान में लेकर उसे अविलंब दूर करने के लिए निर्देशित किए। बैठक में मुख्य रूप से अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, सीएमओ डा. अनिरुद्ध सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। (विज्ञप्ति)

# भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश न करने दें

जासं, संतकबीर नगर : एसपी सत्यजीत गुप्ता ने यातायात प्रभारी परमहंस को निर्देशित किया कि वह खलीलाबाद शहर में यातायात व्यवस्था सामान्य बनाए रखने के लिए वाहनों को सड़क पर न रुकने दें। भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश करने पर पूर्णतया रोक लगाएं।

उन्होंने यह बातें खलीलाबाद शहर में पैदल गश्त करने के दौरान कही। उन्होंने क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीपांशी राठौर, कोतवाली प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मधुकुंज तिराहा, बरदहिया बाजार, सर्राफा मार्केट, बैंक चौराहा आदि प्रमुख स्थानों पर पैदल गश्त किए।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। व्यापारियों, राहगीरों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश सिंह, बरदहिया पुलिस चौकी के प्रभारी कृष्ण मोहन राव, गोला पुलिस चौकी के प्रभारी राजेश कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

**निर्माणाधीन बैरक की जांच की**: एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कोतवाली खलीलाबाद थाना परिसर में निर्माणाधीन बैरक की जांच की। भवन निर्माण में प्रयोग की जा रही ईंट, कंक्रीट, सीमेंट, सरिया की गुणवत्ता देखी। गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



शहर मे पुलिसकर्मियों के साथ पैदल गश्त करते एसपी सत्यजीत गुप्ता (मध्य में) • जागरण

# लगवाएं गुणवत्तापूर्ण कैमरा : एसपी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बृहस्पतिवार को बैंक कर्मियों के साथ बैठक की। एसपी ने बैंकों की सुरक्षा के लिए उच्चकोटि का कैमरा लगवाने के साथ ही साथ बैंकों में लगे अलार्मों को दुरुस्त रखने को सुझाव दिया।

बैंकों के आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। जो भी पुलिसकर्मी बैंक की चेकिंग करने जा रहे है, उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में यदि कोई समस्या हो तो अवश्य अवगत करा दें। आपातकालीन व पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के नंबरों की सूची अपने बैंक/शाखा में अवश्य लगाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उन नंबरों को डायल कर उनसे आकस्मिक सहायता प्राप्त की जा सके। अपने स्तर से बैंक ग्राहकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी चलाते रहें।

# एक माह में लगाए गए 275 सीसी कैमरे

- आपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस ने अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक
- अपर पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चल रहा अभियान



जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहे व कस्बे सीसी कैमरे से लैस हो रहे हैं। जगह-जगह आपरेशन त्रिनेत्र के जरिए कैमरे लगवाए जा रहे हैं। पुलिस उन लोगों को सम्मानित भी कर रही है। जिससे लोगों में जागरूकता भी देखने को मिल रही है। इससे मेंहदावल में बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एक माह में मेंहदावल के विभिन्न चाक चौराहा व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर 275 कैमरे लगाए गए हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार के निर्देश पर आपरेशन त्रिनेत्र के जरिए विभिन्न थानों के अलग-अलग स्थान पर सीसी कैमरे लगवाने का निर्देश हुआ था। जिसके बाद संतकबीर नगर पुलिस ने अभियान चलाकर सीसी कैमरे लगवाए। इसी क्रम में मेंहदावल थाने में जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया है। बीमापार चौराहा, करमैनी, बनकसिया, रोडवेज तिराहा, अस्पताल तिराहा स्थानों को प्रमुखता से सीसी कैमरे से लगवाए गए हैं। अभी भी प्रतिदिन कई स्थानों पर लोगों को जागरूकता अभियान चलाकर सीसी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। थानाध्यक्ष मेंहदावल विजय कुमार दुबे ने कहा कि आज के समय में सीसी कैमरा लगना बेहद जरूरी है। विभिन्न घटनाओं के पर्दाफाश में सीसी कैमरा की उपयोगिता साबित हुई है। लोगों को जागरूक होकर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर व चाक चौराहों पर सीसी कैमरे जरूर लगवाने चाहिए।

# तीन वारंटी गिरफ्तार भेजे गए जेल

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : लंबे समय से न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हो रहे तीन वारंटी को मेंहदावल पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के क्रम में शोहरत अली, हसमत अली व संतोष कुमार तिवारी निवासी मंझरिया तिवारी को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह से वारंटी के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है।

# गायब युवक को बरामद कर पुलिस ने पहुंचाया घर

**जागरण संवाददाता संतकबीर नगर :** कोतवाली क्षेत्र के उमिला निवासी महिला ने मंगलवार को पति का अपहरण कर कुछ व्यक्तियों द्वारा मोबाइल पर फिरौती की मांग किए जाने की तहरीर दी थी। पुलिस मामले में प्राथमिक रूप से गुमशुदगी का मामला दर्ज करके तलाश में जुट गई थी। गुरुवार को गुम युवक को बरामद करके पुलिस ने पत्नी को सुपुर्द किया।

तहरीर में उमिला की प्रेमलता ने लिखा था कि उसके पति आकाश कुमार 10 सितंबर को घर से कमाने के लिए राजस्थान जाने के लिए ट्रेन से निकले थे। शाम चार बजे उनके ट्रेन से रवाना होने के बाद अगले दिन सुबह एक व्यक्ति ने फोन करके कानपुर में उनकी दुर्घटना हो जाने की बात कहते हुए इलाज करवाने के लिए दो लाख रुपयों की मांग की। मोबाइल पर पति से वीडियो काल कराने की बात कहने पर उसने फोन बंद कर लिया। महिला ने पति के अपहरण की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी।

कोतवाली प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज करके युवक की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई थी। टीम के पुलिस कर्मियों ने युवक को बरामद कर लिया। कथित रूप से अपहृत आकाश कुमार ने बताया कि वह घर से नाराज होकर बाहर गए थे। युवक की पत्नी प्रेमलता को बुलाकर उन्हें साथ घर भेज दिया।

# समन्वय बनाकर अपराधियों को सजा दिलाएं



**संतकबीरनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से अभियोजन अधिकारियों व शासकीय अधिवक्ताओं के साथ कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिसमें आपसी समन्वय से अपराधियों को सजा दिलाने के लिए कदम उठाने का कहा गया। बैठक में न्यायालय में लंबित अभियोग, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एससी- एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराधों आदि के दृष्टिगत अभियोजन पक्ष द्वारा की गई कार्रवाई पर चर्चा की गई। साथ ही अपराधियों को चिन्हित कर अपराधों में लिप्त अपराधियों को कठोर सजा दिलाने, अभियोगों का त्वरित निस्तारण व अभियोजन की कार्रवाई को और बेहतर करने के उपायों पर प्रकाश डाला गया। संवाद

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

संतकबीरनगर। सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी से अधिवक्ताओं में नाराजगी व्याप्त है। बृहस्पतिवार को अधिवक्ताओं ने एएसपी से मुलाकात की और अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एएसपी ने कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया।

सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल ने कहा कि दो दिन पूर्व कलक्ट्रेट गेट पर हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ता प्रदर्शन कर रहे थे। उसी दौरान धनघटा विधायक गणेश चंद चौहान गुजरे तो अधिवक्ता अपनी बात कहने के लिए विधायक की गाड़ी रोक ली थी। उसी के बाद कुछ लोग सोशल मीडिया पर अधिवक्ताओं के लिए अभद्र टिप्पणी की गई। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2023

# नेपाल के श्रद्धालुओं की मौत के मामले में मुकदमा

## कार्रवाई

नवाबगंज, संवाददाता। नवाबगंज-वजीरगंज के बीच हाईवे पर बीते मंगलवार की देर रात हुई सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने नेपाल के श्रद्धालु लोटन यादव के तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मंगलवार देर रात परसापुर गांव के निकट एक अनियंत्रित ट्रक चालक ने टेम्पो में पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में टेम्पो में सवार नेपाल के एक दर्जन महिला और पुरुष श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें दो अधेड़ की मौत हो गई। घटना में घायल छह लोगों को अयोध्या के मेडिकल कॉलेज और चार को गोंडा के अस्पताल में इलाज के लिए सीएचसी नवाबगंज के चिकित्सकों ने रेफर कर दिया गया था। दुर्घटना में घायल में डीसीएम चालक पप्पू पुत्र फिरोज सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बुधवार सुबह अपने घर चला गया।

# कजरी तीज के मद्देनजर रूट बदला

कजरी तीज पर शिव मंदिरों में जल चढ़ाने के लिए उमड़ने वाले भक्तों के जनसैलाब को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने शनिवार दोपहर 12 बजे से यातायात व्यवस्था में बदलाव करने का निर्णय लिया है। एसपी अंकित मित्तल ने बताया कि सीमावर्ती जनपदों से बड़े वाहनों का डायवर्जन सोमवार सुबह 8 बजे तक किया जायेगा।

**12** बजे दोपहर शनिवार से बदला जाएगा यातायात

- सुबह आठ बजे तक किया जाएगा डायवर्जन

## डायवर्जन रूट

- बाराबंकी की तरफ से बलरामपुर जाने वाले समस्त भारी माल वाहक वाहन जरवल रोड से कैसरगंज, पयागपुर होते हुए श्रावस्ती, बलरामपुर होते उतरौला जाएंगे।
- उतरौला और बलरामपुर की तरफ से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, पयागपुर, कैसरगंज, जरवल रोड होते हुए बाराबंकी जा सकेंगे।
- बहराइच से अयोध्या जाने वाले भारी वाहन श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, डुमरियागंज, बस्ती होते हुए अयोध्या को जाएंगे।
- अयोध्या की ओर से बहराइच, बलरामपुर जाने वाले भारी वाहन अयोध्या, बस्ती, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, श्रावस्ती होते हुए बहराइच जाएंगे।

**छोटे व हल्के वाहनों के डायवर्जन**

- लखनऊ, बाराबंकी से बलरामपुर उतरौला जाने वाले हल्के व छोटे वाहन जरवल रोड, कैसरगंज, पयागपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला जाएंगे।
- लखनऊ, बाराबंकी से गोण्डा आने वाले हल्के वाहन जरवल रोड से भंभुआ के रास्ते से दाहिने भौरीगंज होते हुए परसपुर- डेहरास-गोण्डा जाएंगे। जनपद गोण्डा के हल्के वाहनों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा। लखनऊ से गोण्डा आने वाले हल्के वाहन लखनऊ, अयोध्या होते हुए लोलपुर से जिले में प्रवेश कर सकते है।
- सरयू घाट (करनैलगंज) से गोण्डा शहर, बडगांव चौराहा तक, करनैलगंज से आर्यनगर, खरगपुर से आर्यनगर, गोण्डा-बहराइच मार्ग पर हर तरह के वाहनों के लिए पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेगा।
- गोण्डा से लखनऊ जाने वाले हल्के वाहन नवाबगंज,अयोध्या होते हुए लखनऊ जाएंगे। वैकल्पिक मार्ग के रूप में अम्बेडकर चौराहा, जेल रोड, डेहरास, परसपुर, भौरीगंज, भंभुआ होते हुए जरवल रोड बाराबंकी/लखनऊ जा सकते हैं।
- बहराइच-बलरामपुर से अयोध्या जाने वाले हल्के वाहन बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, मनकापुर, कोल्हमपुर होते हुए लोलपुर अयोध्या जाएंगे। इसी प्रकार अयोध्या से बहराइच जाने के लिए यही रूट होगा।
- शहर के बड़गांव चौराहे से किसी तरह के वाहन गुरुनानक चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, करनैलगंज की तरफ पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेंगे।

# गैस एजेंसी से नकदी लैपटाप चोरी, केस दर्ज

गोंडा। शहर के साहू गैस एजेंसी के ऑफिस में बीते सात सितंबर को रात चोर ने नकदी समेत कई सामान उड़ा लिया। एजेंसी प्रबंधक ने एसपी से मामले में कार्यवाही की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। साहू भारत गैस ग्रामीण वितरक का कार्यालय स्टेशन रोड पर है। बीते दिनों शाम सभी कर्मचारी कार्यालय बंद करने के बाद घर चले गए। एजेंसी प्रबंधक जितेंद्र कुमार साहू ने बताया कि 7 सितंबर की रात ऑफिस का दरवाजा और शीशा तोड़कर चोरों ने उसमे रखे लैपटाप, चांदी की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति सहित चार हजार नगदी चुरा ले गए।

## बार कौंसिल के आह्वान पर कलमबंद हड़ताल पर रहे अधिवक्ता, भरी हुंकार

# कचहरी में काम बंद, पुतला फूंका

**विरोध**

**गोंडा/मनकापुर, संवाददाता।** हापुड़ में साथियों पर लाठीचार्ज के विरोध में संयुक्त संघों के सैकड़ों वकीलों ने प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंक कर विरोध जताया।मनकापुर तहसील के अधिवक्ताओं ने भी यूपी सरकार का पुतला फूंका। जिससे कचहरी में कामकाज पूरी तरह से पूरी तरह से ठप रहा। दूर-दराज से आने वाले वादकारियों को निराश होकर लौटना पड़ा।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महराज कुमार श्रीवास्तव व सिविल बार एसोसिएशन उपेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ों वकीलों ने सुबह साढ़े दस बजे जुलूस निकाकर सिविल कोर्ट के गेट नंबर दो व तीन पर धरना-प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी कर दी। इसके बाद सैकड़ों वकीलों ने सीएम का पुतला फूंकते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। वकीलों ने धरना प्रदर्शन दौरान कहा कि संयुक्त संघों के नेतृत्व में शुक्रवार को अंबेडकर चौराहे पर धरना प्रदर्शन करेंगे। वकीलों ने कहा कि सरकार उनके धैर्य की परीक्षा न ले अन्यथा उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। प्रदर्शन में जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला, दीनानाथ त्रिपाठी, उपेन्द्र कुमार मिश्रा बृजेश कुमार मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी सुनील कुमार पाण्डेय, संतोष कुमार ओझा, रमेश चंद्र गुप्ता सुरेंद्र नाथ मिश्रा, इंद्रमणि शुक्ला, लाल विहारी शुक्ला, राजेश ओझा, देव प्रकाश ओझा, अजीत श्रीवास्तव, मनोज कुमार मिश्रा, रीतेश यादव, गौरीशंकर चतुर्वेदी, अजय तिवारी, धनलाल तिवारी, संतोषी लाल तिवारी, अनुभव उपाध्याय, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।



गुरुवार को सिविल कोर्ट के गेट पर प्रदर्शन के दौरान पुतला फूंकते अधिवक्ता।

**मनकापुर में भी गरजे अधिवक्ताः** मनकापुर तहसील में भी बार एसोशिएसन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने हापुड़ की घटना को लेकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। एसडीएम कार्यालय के सामने बार एसोशिएशन के अध्यक्ष सीपी वर्मा व मंत्री शिव कुमार मिश्र की अगुवाई में धरना प्रदर्शन हुआ।

महाअधिवक्ता संघ अध्यक्ष चंद्र किशोर पाठक ने कहा कि हापुड़ की घटना में फर्जी मुकदमा लिखे जाने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे पता चलता है कि इसमें राज्य सरकार की मिली भगत है। श्याम लाल शुक्ल, श्याम नरायन मिश्र, विनय तिवारी, विजय मिश्र भी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर गोमती पाठक, केजी मिश्र, उमेश शुक्ल, अजय शुक्ला, अमित शुक्ला, अम्बरीश तिवारी, शिव कुमार कौशल, भानु प्रताप मिश्र, केदारनाथ मिश्र, कनिक राम वर्मा, जितेन्द्र दूबे, पंकज पाठक, अवधेश मिश्र, राज कुमार मिश्र, निरंकार शुक्ल, राम बाबू मिश्र, अम्बुज तिवारी, हुकुम सिंह ,सत्तार अली, अरुण पान्डेय, अनिरूद्ध मिश्र, अनिल वर्मा, हरिश्चन्द्र शुक्ल, पंकज शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# मनकापुर स्टेशन पर जांच को पहुंचे एडीजी

- स्टेशन के सभी वेंडरों को बुला कर कुछ सीसी फुटेज की पहचान कराई
- सभी अपराधियों के बारे में चौकी प्रभारी हरिनाथ से पूछताछ किया

**मनकापुर, संवाददाता।** सरयू एक्सप्रेस में महिला हेड कांस्टेबल पर जानलेवा हमले की घटना की जांच करने गुरुवार को अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे जय नारायण सिंह मनकापुर स्टेशन पहुंचे। उन्होंने मातहतों से जानकारी लेने के साथ जरूरी निर्देश दिए।

गुरुवार दोपहर बाद एडीजी रेलवे जय नरायन सिंह व एसपी रेलवे डॉ. अवधेश सिंह जीआरपी चौकी मनकापुर पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के सभी अपराधियों के बारे में चौकी प्रभारी हरिनाथ से पूछताछ किया। एडीजी ने स्टेशन के सभी वेंडरों को बुला कर बारी-बारी कुछ सीसीफुटेज की पहचान कराई। इस दौरान उनकी डिटेल भी नोट की गई। पांच से दस वर्ष तक के रेलवे के 46 हिस्ट्रीशीटर, 106 चोर, सात जहर खुरान गिरोह के सदस्यों और 8 लुटेरे के बारे में पड़ताल की जा रही है। एडीजी के पहुंचने की जानकारी होने पर सीओ मनकापुर नवीना शुक्ला व प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह भी स्टेशन पहुंचे। एडीजी रेलवे ने उनलोगों से भी घटना के खुलासे को लेकर सहयोग करने के लिए कहा। इस मौके पर मनकापुर अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय, कस्बा चौकी प्रभारी अंकित सिंह, जीआरपी गोन्डा प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, जीआरपी गाजीपुर निरीक्षक अखिलेश मिश्र, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर रामपाल सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे।



मनकापुर स्टेशन पर गुरुवार को पूछताछ करते एडीजी रेलवे।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार पर केस

परसपुर । ग्राम डेहरास के सुबेदार पुरवा निवासी छंगा की पुत्री गुड़िया ने परिवार परामर्श केन्द्र पर हुए समाधान के बाद पति सहित चार ससुरालीजनों पर दहेज में बाइक, सोने का हार व 50 हजार नगदी न देने पर ससुराल से मारपीट कर भगाए जाने का आरोप लगाया है । एसपी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने ग्राम मरचौर के कटेसर पुरवा निवासी पति जाकिर , शाकिर व शब्बीर पुत्रगण सुबराती , ससुर सुबराती व सुन्दर पत्नी शाकिर व अन्य के खिलाफ दहेज उत्पीड़न , धमकी व मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। एसपी अंकित मित्तल के हस्तक्षेप पर थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में विवाहिता गुड़िया ने कहा है कि उसकी शादी पैतृक निवास पर मुस्लिम रीति रिवाज से माह जून वर्ष 2019 में जकिर के साथ हुई थी। दो वर्ष बाद उससे एक बच्चा हुआ। विवाहिता का आरोप है 25 अप्रैल वर्ष 2023 को ससुरालीजनों ने दहेज की मांग को लेकर उसकी पिटाई की और अहेट चौराहे पर लाकर छोड़ गए।

# बकरी चुराकर स्कार्पियो से भाग रहे दबोचे गए

- पथरी बाजार पुलिस ने सड़क पर गाड़ी खड़ी कर पकड़ा
- परसपुर के दो गांवों से बकरी चोरी करके भाग रहे थे आरोपी

झंझरी (गोण्डा) संवाददाता। कोतवाली देहात क्षेत्र के पथरी बाजार पुलिस ने बकरी चोरी कर भाग रही स्कार्पियो को सड़क पर कई वाहन खड़ा करके पकड़ा। स्कार्पियो के टायर फट गए थे, वह रिम के सहारे दौड़ रही थी। पुलिस ने स्कार्पियो चालक को पकड़ लिया। अन्य लोग भाग निकले जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

बताया जा रहा है कि परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तेलहा व ग्राम गजसिंह की ओर ग्रामीणों की चर रही बकरियों को चोर चौपहिया वाहन में लादकर भाग निकले। इसकी ग्रामीणों ने डायल 112 पर दी। इस पर मंगुरा बाजार चौकी पुलिस ने गाड़ी को रोकने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुई। चौकी पुलिस की सूचना पर अन्य थानों की पुलिस भी सक्रिय हो गई। तेज रफ्तार से जा रहे स्कार्पियो चालक ने रास्ते में कई वाहनों को भी टक्कर मार दी। गनीमत रही की कोई हताहत नहीं हुआ। माधवपुर के पास पुलिस ने उसे रोकने के लिए टेम्पो खड़ा कर दिया लेकिन चालक उसे टक्कर मार कर भागने लगा। चश्मदीदों का कहना कि स्कार्पियो का टायर फट गया और चालक रिम के सहारे ही भाग रहा था। पथरी बाजार चौकी प्रभारी के नेतृत्व में फोर्स ने घेराबंदी कर स्कार्पियो और चालक को धर दबोचा गया। बताया जा रहा है कि उसके साथी भाग निकले। देहात कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि स्कार्पियो चालक को पकड़ लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# महिला की हत्या में तीन पर मुकदमा दर्ज, पति लापता

**मोतीगंज/अलावल देवरिया, हिटी।** मोतीगंज थाना क्षेत्र के गरिबाजोत गांव में बुधवार को हुई महिला की हत्या के मामले में देररात पुलिस ने तीन लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महिला का पति गुरुवार शाम तक घर नहीं लौटा है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। इसको लेकर घटना के बारे में तरह-तरह की चर्चा की जा रही है। उधर, पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गरिबाजोज गांव में बुधवार सुबह लगभग 11:00 बजे शर्मावती पत्नी बलराम पशुओं के लिए चारा काटने बीते घर से निकली थी। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी थी। इस पर शाम को उसका शव गन्ने की खेत मिला। महिला के बेटे विशाल वर्मा ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि शिवप्रसाद, सूबेदार, रामविलास मेरा पूर्व में जमीन का विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि मौके से पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को थाने पर लाई थी जिनसे पूछताछ की जा रही है।

## बुजुर्ग बरामद

आर्यनगर : डेढ़ माह पूर्व घर से गायब कौड़िया के ललौवा निवासी श्री राम को पुलिस ने बरामद करके स्वजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि वृद्ध के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। (संसू)

## आरोपित गिरफ्तार

आर्यनगर : कौड़िया के भरथा इटहिया गांव निवासी बब्लू गौतम व देवनारायण तिवारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपितों पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। (संसू)

# दहेज न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला, मुकदमा

संसू, परसपुर (गोंडा) : दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुरालीजन ने विवाहिता की पिटाई करके उसे घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा लिखा गया है।

प्रकरण मरचौर के कटेसर पुरवा का है। डेहरास के सूबेदार पुरवा की ुड़िया ने एएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि उसका विवाह 18 जून 2019 को मरचौर के कटेसर पुरवा के रहने वाले जाकिर अली के साथ हुआ था। उसके दो वर्ष का एक बेटा भी है। आरोप है कि ससुरालीजन दहेज में बाइक, सोने की जंजीर व 50 हजार रुपये की मांग करते हैं। मांग पूरी न होने पर उसकी पिटाई करके उसे घर से निकाल कर अहेट चौराहा पर छोड़ गए। दोबारा ससुराल आने पर जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने कहा कि पीड़ित महिला की तहरीर पर पति जाकिर अली, देवर साकिर, शब्बीर, ससुर सुबराती व सास सुंदर पर मुकदमा लिखा गया है।

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

संसू, इटियाथोक (गोंडा) : दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को घर से निकाल देने के मामले में पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रमवापुर गांव की अशमीर ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व उसका विवाह रमवापुर नायक के वारिस अली के साथ हुई थी। गत छह सितंबर को ससुरालीजनों ने उसे मारपीट कर घर से भगा। आरोप है कि ससुरालीजन बुलेट मोटरसाइकिल, अगूंठी, सोने की जंजीर की मांग कर रहे हैं।

## धमकी देने का मुकदमा

वजीरगंज : खड़ौवा के धनीराम चौहान ने कहा कि उसकी लोहराटांड़ चांदपुर में पक्की दीवार बनी है। गांव के विपक्षी लालता चौहान, अर्जुन, करन व राम धीरज ने उसकी दीवार गिराकर अभद्रता की। जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि आरोपित पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

## शाखा प्रबंधक को पीटा

गोंडा : भारतीय स्टेट बैंक परसपुर शाखा के प्रबंधक कमलेश यादव की दबंगों ने पिटाई कर दी। विरोध करने पर नाले में धक्का दे दिया। प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। (संसू)

# युवती का अपहरण, केस दर्ज

**धानेपुर (गोंडा)।** धानेपुर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी 22 वर्षीय पुत्री को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी संजय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# एएसपी से मिले बैंक अधिकारी, अधिवक्ता

**गोंडा।** सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय स्टेट बैंक के अधिवक्ता विवेकमणि श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को बैंक के जोनल हेड ज्ञान प्रकाश के साथ एएसपी से मिलकर शाखा प्रबंधक पर जानलेवा हमले व लूट के मामले से अवगत कराया। प्रकरण में कार्रवाई व बैंककर्मियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। अधिवक्ता ने बताया कि परसपुर के शाखा प्रबंधक कमलेश यादव बैंक बंद कर बुधवार की शाम सात बजे जब वापस आ रहे थे। रास्ते में गोगिया गांव के निकट उन पर जानलेवा हमला कर उनका बैग लूटने का प्रयास किया गया। संवाद

# विरोध-प्रदर्शन कर वकीलों ने फूंका सरकार का पुतला

## न्यायालय के दोनों गेट पर वकीलों के जमावड़े से अंदर नहीं जा सके वादकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में कचहरी में वकीलों की कलमबंद हड़ताल बृहस्पतिवार को भी जारी रही। सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाल कर जोरदार प्रदर्शन किया और दीवानी न्यायालय के गेट पर धरना व सभा कर प्रदेश सरकार का पुतला जलाया।

संयुक्त बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने कचहरी में जुलूस निकाल कर दीवानी न्यायालय के गेट नंबर दो व तीन पर जोरदार प्रदर्शन किया और धरना देकर सभा की। दोनों गेट बंद होने के कारण तीन घंटे तक वादकारी अंदर नहीं घुस सके। इस दौरान वकीलों ने प्रदेश सरकार का पुतला जलाया। इस मौके पर महराज कुमार श्रीवास्तव, उपेंद्र मिश्र, दीनानाथ त्रिपाठी, सुरेंद्र मिश्र सूर्य, इंद्रमणि शुक्ल, मनोज सिंह, जगन्नाथ प्रसाद, माधवराज मिश्र, विनय मिश्रा, इंद्रमणि शुक्ल, नवनीत मिश्र आदि सैकड़ों वकील मौजूद रहे।

### सपा नेता ने वकीलों को दिया समर्थन

**गोंडा।** वरिष्ठ सपा नेता व अधिवक्ता सूरज सिंह ने कचहरी में धरना प्रदर्शन कर रहे वकीलों के मंच पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने हापुड़ के दोषियों पर कार्रवाई और प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने व ग्राम न्यायालय अधिनियम में संशोधन की मांग की। सूरज ने जिले में विश्वविद्यालय बनने के लिए चल रहे आंदोलन के लिए वकीलों से समर्थन मांगा। मंच पर मौजूद महराज कुमार श्रीवास्तव व उपेंद्र कुमार मिश्र समेत अन्य अधिवक्ताओं ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। संवाद

### संघर्ष में साथ देंगे कांग्रेसी

**गोंडा।** हापुड़ में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज प्रकरण को लेकर आंदोलित वकीलों को कांग्रेस पार्टी का भी समर्थन मिल गया है। बृहस्पतिवार को कांगेस जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्र की अगुआई में विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुभाष पांडेय और जिला प्रवक्ता शिव कुमार दूबे ने दोनों बार अध्यक्ष से मिलकर आंदोलन को समर्थन का पत्र देते हुए वकीलों के संघर्ष में कदम से कदम मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। संवाद

**प्रतिबंधित दवाओं संग एक गिरफ्तार**

**मसकनवा।** मसकनवा चौकी प्रभारी राजेश कुमार दुबे ने बताया की मसकनवा-भोपतपुर मार्ग से नारायनपुर जाने वाली नहर की पटरी पर संजय वर्मा निवासी ग्राम बहिराडीहा को प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। युवक के पास से 825 अल्प्राजोलम टैबलेट की बरामदगी की गई है। संवाद

# सीसीटीवी फुटेज देखकर चेक की वारदात के दिन की मौजूदगी

संवाद न्यूज एजेंसी

46 हिस्ट्रीशीटर समेत रेलवे में लिस्टेड अपराधियों का खंगाला रिकॉर्ड

रेलवे व सिविल पुलिसकर्मियों से भी सिलसिलेवार की गई पूछताछ

**मनकापुर (गोंडा)।** सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में महिला हेड कांस्टेबल सुमित्रा पटेल पर हुए जानलेवा हमले की जांच की रफ्तार बढ़ गई है। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे जयनरायन सिंह बृहस्पतिवार को एसपी रेलवे डॉ. अवधेश सिंह के साथ मनकापुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। एडीजी ने 18 वेंडरों और रेलवे व सिविल पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। एडीजी ने सीसीटीवी फुटेज देखकर वेंडरों की वारदात के दिन मौजूदगी की जांच की। 46 हिस्ट्रीशीटर समेत रेलवे में लिस्टेड अपराधियों का रिकार्ड भी खंगाला।

एडीजी ने प्रभारी निरीक्षक मनकापुर सुधीर कुमार सिंह व चौकी प्रभारी जीआरपी हरिनाथ से पूछताछ की। इसके बाद स्टेशन पर काम करने वाले 18 वेंडरों को तलब किया गया। जिनसे एडीजी ने वारदात के दिन 30 अगस्त को उनमे से कौन-कौन स्टेशन पर मौजूद थे। इसकी जानकारी लेने के बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच की। उन्होंने फुटेज के आधार पर प्रत्येक वेंडरो के नाम पता व मोबाइल नंबर का सत्यापन कराया।

जीआरपी में दर्ज पिछले पांच साल तक के रेलवे के 46 हिस्ट्रीशीटर, 106 चोर, सात जहर खुरान व आठ लुटेरों के बारे में भी जानकारी ली। वे जेल में निरुद्ध है या नहीं। इसकी जानकारी चाही। उन्होने अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेशन के बाहर के दुकानदारों का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर व स्टेशन के बाहर खड़े होने वाले वाहनों का नंबर व चालकों का पता, मोबाइल नंबर का सत्यापन कराने के निर्देश दिए।



मनकापुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते एडीजी रेलवे जय नरायन सिंह। संवाद

सीओ मनकापुर नवीना शुक्ला व प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह से भी घटना के खुलासे में रेलवे पुलिस का सहयोग करने के निर्देश दिए। इस दौरान आरपीएफ के उप निरीक्षक रामपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक आनंद मोहन सिंह, जीआरपी गोंडा प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, जीआरपी गाजीपुर निरीक्षक अखिलेश मिश्र, सिविल पुलिस के अतरिक्त प्रभारी निरक्षक अरुण कुमार राय, कस्बा चौकी प्रभारी अंकित सिंह, एसआई शशांक मौर्या आदि मौजूद रहे।

## युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** तरबगंज क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में आयी युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दुष्कर्म पीड़िता युवती दिल्ली की निवासी है व उसके पिता ने दिल्ली के आदर्शनगर थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कराई थी। संबंधित मामले में बीते दो सितंबर को तरबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोप है कि युवती तरबगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में आयी थी। जिसके दौरान आरोपी युवक ने गांव से बाहर युवती को ले जाकर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया व मोबाईल से अश्लील फोटो बना ली। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रामप्रकाश यादव ने बताया कि आरोपी युवक जसवीर प्रताप सिंह निवासी ढोढ़ेपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। (संवाद)

## घर के सामने खड़ी बाइक चोरी

**वजीरगंज (गोंडा)।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गोपसराय गांव निवासी विशाल सिंह ने बताया कि वे वजीरगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर घाट बाजार में किराए के मकान में रहते हैं। बुधवार की रात घर के बाहर बाइक खड़ी करके सो गए थे। देर रात चोर बाइक लेकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कराई जा रही है। संवाद

## दहेज हत्या में आरोपी पति गिरफ्तार

**परसपुर (गोंडा)।** थानाध्यक्ष परसपुर शेषमणि पांडेय ने बताया कि दहेज हत्या आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के उसरेटिया दिनारी गांव निवासी गुड़िया दूबे ने थाना परसपुर में बेटी पूजा पांडेय को दहेज की मांग पूरी न होने पर पति तरुण पांडेय, ससुर व सास के खिलाफ जलाकर मार डालने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। संवाद

## छपिया पुलिस के हत्थे चढ़ा फरार आरोपी

**बभनान (गोंडा)।** जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को छपिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम मवई मदरसा से जानलेवा हमला करने मामले में फरार चल रहे आरोपी अल्ताफ पुत्र अख्तर हुसैन निवासी खजूरी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। संवाद

## प्याज खरीदने निकली युवती को दबोचा, दुष्कर्म

**उमरी बेगमगंज (गोंडा)।** घर से प्याज लेने निकली युवती को एक युवक ने रास्ते में दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने घर पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाई। मामले में युवती ने थाना उमरी बेगमगंज में आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म व धमकी का केस दर्ज कराया है।

पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना उमरी बेगमगंज क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय युवती बुधवार की रात तकरीबन सवा आठ बजे अपने घर से प्याज खरीदने के लिए निकली थी। तभी रास्ते में लालबाबू चौहान ने उसे दबोच लिया और उसे पास की झाड़ी में ले जाकर उसके संग दुष्कर्म किया। युवती के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। युवती ने घर पहुंचकर अपने माता-पिता से पूरी बात बताई। मामले में युवती ने आरोपी लालबाबू चौहान के खिलाफ थाने पर दुष्कर्म व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी लालबाबू चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2023

# दुष्कर्म मामले में 10 साल की सजा

बलरामपुर, संवाददाता। नाबालिक लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भागने व दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने दोषी को 10 साल की सजा सुनाई है।

अभियुक्तों पर 31 हजार रुपया अर्थ दंड भी लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार वर्मा ने बताया कि थाना ललिया निवासिनी पीड़िता की तहरीर पर राम कुमार बरई पुत्र राधेश्याम निवासी लखनीपुर थाना हरैंया आदि के विरुद्ध शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। मामले को लेकर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया।

उपनिरीक्षक चंद्रकांत यादव ने विवेचना कर न्यायालय में राम कुमार बरई के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था।

# जल निकासी मार्ग पर दबंगों का कब्जा

- ग्राम पंचायत कठौआ पतझी के पूर्व प्रधान ने एसडीएम को पत्र दिया
- जल निकासी मार्ग पर कब्जा होने से आस पास की फसले खराब हो रही

ललिया, संवाददाता। स्थानीय थाना अंतर्गत सैकड़ों बीघा धान फसल में जलभराव है। जिससे लहलहाती फसल बर्बाद हो रही है। ग्राम पंचायत कठौआ पतझी के पूर्व प्रधान सुशील कुमार तिवारी ने सदर एसडीएम राजेंद्र बहादुर को प्रार्थना पत्र देकर जल निकासी की मांग की है।

ग्राम पंचायत कठौआ, चौकाकलां, जोगिया कलां, बनकटवा खुर्द पतझी आदि गांव के किसानों की फसल में जलभराव होने के कारण खराब हो रही है। क्षेत्रीय ग्रामीण सुशील कुमार तिवारी, राजेंद्र प्रसाद, विजयसेन, राम केवल, ठाकुर वर्मा, मालिक राम सोनकर, राम समुझ, हरीश मिश्र, जटाशंकर, दद्दू, आलोक मिश्र, उमाशंकर, राजमणि, चन्द गोपाल, राज नरायन, रिंकू, रामदेव, दिलीप आदि किसानों ने बताया कि उनके खेत में जलभराव होने के कारण लहलहाती फसल बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई है। आरोप लगाया कि जल निकासी वाले जगह पर कुछ लोगों ने मिट्टी पाटकर व सड़क से सटाकर अवैध कब्जा कर लिया है। जिससे खेतों का पानी नहीं निकल पा रहा है। खेतों में पानी अधिक भर जाने से कोड़री-मथुरा मार्ग पर बरसात का पानी जगह-जगह भरा रहता है, जिससे राहगीरों को भी आवागमन में दुश्वारियां झेलनी पड़ती है। मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से बढ़ईपुरवा, पतझी, अटल चौराहा, शेखापुर चौराहा के पास लोक निर्माण विभाग की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गयी है। सदर एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने बताया कि जल निकासी से शिकायती पत्र मिला है। क्षेत्रीय राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान कराया जायेगा।

# बहलाकर लड़की भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना सादुल्लाह नगर पुलिस ने एक वंछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में मोहम्मद तरसे निवासी बकवा दरगाह जिला गोंडा को पकड़ने के लिए वारंट मिला था। उसे पकड़ लिया गया।

# बंदरों के आतंक को रोकने की गुहार

तुलीसपुर। स्थानीय क्षेत्र में बंदरों के आतंक से नगरवासी परेशान हैं। इस पर नगर वासियों सहित उद्योग व्यापार मंडल तुलसीपुर व विभिन्न स्कूलों के प्रबंधकों ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

नगर पंचायत तुलसीपुर के लोग ने बंदरों के आतंक से परेशान हैं। लोगों का कहना है कि स्कूल जाते समय तमाम बच्चे बंदरों के प्रकोप का शिकार हो जाते हैं। जिससे उन्हें खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर नगर उद्योग व्यापार मंडल महामंत्री रूपचंद गुप्ता, अध्यक्ष राम जी आर्य, सिटी मोंटेसरी स्कूल प्रबंधक, चिल्ड्रन एस एकेडमी जारवा रोड के प्रबंधक, मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्रबंधक राज कुमार जायसवाल सहित तमाम नगर वासियों ने नपाप अधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर इससे निजात दिलाने की मांग की है।

# फॉरेस्ट एक्ट के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना हरैया पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। उप निरीक्षक रमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पन्नालाल पुत्र चिंता निवासी चौधरीडीह फॉरेस्ट एक्ट में न्यायालय से वंछित थे। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।

# चौकी प्रभारी ने एक मामले का कराया निस्तारण

उतरौला। रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी उतरौला में मोहल्ला आर्य नगर निवासिनी निशा कश्यप ने पति धर्मराज पर शराब पीकर मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई। चौकी प्रभारी अनुपमा त्यागी ने दोनों पक्षों को बुलाकर सम्भ्रान्त लोगों के सामने समझाने बुझाने का प्रयास किया। जिसके बाद पति-पत्नी खुशी-खुशी एक साथ रहने राजी हो गए। दोनो पक्षों ने चौकी प्रभारी को धन्यवाद देते हुए अपने घर चले गए।

# दुष्कर्मी को 10 वर्ष की कैद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बलरामपुर।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 21 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

**न्यायाधीश ने 21 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड**

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट पवन कुमार वर्मा ने बताया कि ललिया थाना पर एक महिला ने पांच अप्रैल 2016 को प्रार्थना पत्र दिया था कि उसकी नाबालिग बेटी को थाना हरैया के गांव लखनीपुर निवासी रामकुमार अपने सहयोगियों के साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर जांच शुरू की। विवेचक एसआई चंद्रकांत यादव ने रामकुमार, विजय कुमार, राजेश गुप्त, विनोद कुमार व कृष्ण कुमार के खिलाफ आरोप पत्र दुष्कर्म व छेड़खानी के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया।

सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए बयान दर्ज कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जहेंद्र पाल सिंह ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने व अगवा करने का रामकुमार को दोषी करार दिया।

न्यायाधीश ने रामकुमार को 10 वर्ष के कारावास व 21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को 27 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। न्यायाधीश ने विजय कुमार, राजेश गुप्त, विनोद कुमार व कृष्ण कुमार को साक्ष्यों के अभाव में सभी आरोपियों से बरी कर दिया।

# शांतिभंग में तीन पर हुई कार्रवाई

बलरामपुर। थाना हरैया पुलिस ने शांति भंग मामले में तीन व्यक्तियों पर कार्रवाई की है। उप निरीक्षक सुनील कुमार पाल ने बताया कि लल्लन, कल्लू व संचित उर्फ नानक देव के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय भेजा गया है।

# चोरी सामान के साथ दो गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने चोरी सामान के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक आलोक चंद्र ने बताया कि इमरान पुत्र लियाकत अली शाह, सलीम पुत्र अफजल चोरी के मामले में वांछित चल रहे थे। सूचना मिलते ही दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया है। जिनके पास से बैटरी, टुल्लू पंप, आठ आदत थाली पीली धातु की, सबल सहित तमाम सामग्री बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी बरामद किया गया है।

# परिवार आपस में विवाद न करें

बलरामपुर। आपस में दोनों परिवार विवाद न करें। एक दूसरे का सहयोग करें। यह बातें उतरौला महिला पुलिस चौकी प्रभारी अनुपम त्यागी ने कहा। गुरुवार को महिला चौकी पर चौकी प्रभारी परिवार का विवाह उलझा रही थी। उन्होंने कहा कि अधिकतर विवाद लटकने पर सलाह नहीं हो पाते हैं। इसलिए विवाद को न लटकाएं। दोनों पक्ष बैठकर आपसी विवाद का निस्तारण कर लें।

# नहीं थम रहा आक्रोश, न्यायिक कार्य बाधित

**प्रदर्शन**

बलरामपुर, संवाददाता। हापुड़ में हुई घटना को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को मुख्यालय के वकीलों ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंककर विरोध जताया। वकीलों ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। साथ ही मांगों के पूरी न होने तक आंदोलन को जारी रखने का निर्णय लिया गया।



न्यायालय परिसर में विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्तागण।

जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र की अगुवाई में वकीलों ने गुरुवार दोपहर न्यायालय परिसर में प्रदेश सरकार का पुतला फूंककर विरोध जताया। वकीलों ने परिसर में घूमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। जिला बार संघ महामंत्री अजय बहादुर सिंह, कलेक्ट्रेट बार संघ महामंत्री कमलेश्वर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यदेव तिवारी, जिला युवा बार संघ अध्यक्ष अमित पाण्डेय आदि ने बताया कि हापुड़ में पुलिस ने शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे अधिवक्ताओं को बीते 29 अगस्त को बर्बतापूर्ण लाठी चार्ज किया, जिसको लेकर वकीलों में आक्रोश है। वहीं अधिवक्ता संघ उतरौला ने तहसील परिसर में न्यायिक कार्य से विरत रहकर धरना प्रदर्शन किया। बार संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा ने कहा कि सरकार हठधर्मिता पर अड़ी है। अधिवक्ताओ की जायज मांग पर कोई भी कार्य नही कर रही है।

वहीं वकीलों के हड़ताल के चलते न्यायिक कार्य न होने से फरियादियो को लौटना पड़ा। इसमें अखिलेश सिंह, निजाम अंसारी, अजीत सिंह, प्रहलाद यादव, महेंद्र पांडेय, सनाउल्लाह खान, सहित तमाम अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## सीमा पर कवच अभियान

बलरामपुर : अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए नेपाल सीमा से सटे गांवों में कवच अभियान का संचालन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि सीमा से 10 किमी दूरी तक जिसमें पांच थाना व 42 गांवों की भौगोलिक स्थितियों पर नजर रखी जा रही है। सीमा के रास्तों व धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया गया। (संसू)

## बेटियों को किया जागरूक

बलरामपुर : गुरुवार को सभी कोतवाली व थानों में एंटी रोमियो, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल ने एक साथ चौराहों, गांवों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाई। हेल्पलाइन नंबरों के साथ बेटियों व महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी। (संसू)

# दोषी को 10 साल की सजा

संवादसूत्र, बलरामपुर : अपर सत्र न्यायाधीश ने पाक्सो के मामले में दुष्कर्म के दोषी को 10 साल सजा सुनाते हुए अर्थदंड से भी दंडित किया है। थाना ललिया में 19 मार्च 2016 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई कि राम कुमार ने क्षेत्र की एक नाबालिग को भगा ले गया था। उसके साथ दुष्कर्म किया। अभियोजन की ओर से पीड़िता सहित कई गवाहों का बयान अंकित कराया गया। न्यायाधीश ने दोषी को 10 वर्ष कारावास के साथ ही 31 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# दो चोर गिरफ्तार

रेहरा बाजार : दो चोरों को सामान के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह ने बताया कि कोतवाली उतरौला के ग्राम भैरमपुर निवासी इमरान व थाना रेहरा बाजार के बंजरिया निवासी सलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दियाहै।(संसू)

---

# शिक्षिका ने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

जासं, बलरामपुर : सदर विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय शेखरपुर की सहायक अध्यापक सुनीता गुप्ता ने पूर्व प्रधानाध्यापक व उनके पति पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। बीएसए को शिकायती पत्र देकर षड्यंत्र रचने की बात कही है।

सहायक अध्यापक आरोप है कि उच्च प्रावि कोइलिहा की प्रधानाध्यापक प्रभा सिंह पहले कंपोजिट विद्यालय शेखरपुर में नियुक्त थीं। उन्होंने यहां प्रधानाचार्य रहते हुए उन्हें अनुपस्थित दिखाकर वेतन कटवा दिया था। जांच के बाद तत्कालीन बीएसए ने उन्हें निलंबित कर दिया था। तभी से वह, उनके पति व पिता रंजिश रखने लगीं। आए दिन विभाग के उच्चाधिकारियों व मुख्यमंत्री पोर्टल पर मेरे अवकाश को लेकर फर्जी शिकायत करते हैं। 10 बार से अधिक उच्चाधिकारियों को साक्ष्य प्रस्तुत कर चुकी हूं। बीएसए कल्पना देवी ने बताया कि शिक्षिका का शिकायती पत्र मिला है। मानव संपदा पर दर्ज अवकाशों का सत्यापन पुनः कराया जाएगा। पूरे मामले की जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अभियुक्त गिरफ्तार

हरैयासतघरवा (बलरामपुर)। स्थानीय थाने की पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट व वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष हरैया दुर्विजय ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान पन्नालाल निवासी चौधरीडीह थाना हरैया के रूप में हुई है। (संवाद)

# पारिवारिक विवाद का निपटारा

**बलरामपुर।** महिला पुलिस चौकी उतरौला द्वारा बृहस्पतिवार को सुलह-समझौते के आधार पर एक पारिवारिक विवाद का निस्तारण कराया गया। चौकी प्रभारी अनुपमा त्यागी ने बताया कि एक महिला ने प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें उसने पति पर शराब पीकर मारने-पीटने का आरोप लगाया था। चौकी पर दोनों पक्षों को बुलाया गया और समझा-बुझाकर मामले का निस्तारण कराया गया। (संवाद)

# चोरी के सामान सहित दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** रेहरा बाजार थाने की पुलिस ने चोरी के सामान सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि चोरी के एक 12 वोल्ट बैट्रा, टुल्लू  पंप व प्लास्टिक की बोरी में आठ थाली व अन्य बर्तन के साथ चोरी में शामिल ई-रिक्शा सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान इमरान निवासी ग्राम भैरमपुर कोतवाली उतरौला एवं सलीम निवासी ग्राम बंजरिया थाना रेहरा बाजार के रूप में हुई है। (संवाद)

# कानून की दी जानकारी

**बलरामपुर।** एसपी केशव कुमार के निर्देश पर बृहस्पतिवार को सादुल्लाहनगर की पुलिस व एंटी रोमियो टीम ने जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा व यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि इस तरह के अपराध को छिपाना उसे बढ़ावा देना है। ऐसा अपराध करने वालों को सबक सिखाना जरूरी है। इस दौरान महिलाओं को यूपी डायल 112, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन व साइबर अपराध आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-15-09-2023

# दिन दहाड़े लूट के बाद एक को दबोचा

**महसी, संवाददाता।** हरदी चौराहे पर स्थित हार्डवेयर की एक दुकान में गुरुवार की दोपहर बाइक सवार दो लुटेरे ग्राहक बनकर घुसे। लुटेरे कैश काउंटर से 20 हजार रुपए लेकर भाग गए। शोर मचाने पर बगल के दुकानदार ने दौड़कर एक लुटेरे को पकड़ लिया, जबकि दूसरा लुटेरा फरार हो गया। पकड़े गए लुटेरे को दुकानदारों ने पुलिस को सौंप दिया है।

हरदी थाने के भगवानपुर निवासी विनोद कुमार अवस्थी की दुकान है। गुरुवार की दोपहर एक बजे दो लुटेरे बाइक से दुकान पर आए और वायरिंग पाइप व तीन इंची पाइप देने को कहा। जिस पर विनोद सामान लेने दुकान के पीछे की तरफ चला गया। उतने में ही दोनों लुटेरे कैश काउंटर से 20 हजार रुपए लेकर फरार होने लगे। विनोद ने शोर मचाया तो बगल की दुकान में बैठे भतीजे सोनू ने एक को दौड़ कर पकड़ लिया।



हरदी चौराहे की हार्डवेयर की इसी दुकान से दिन दहाड़े हुई लूट की घटना।

दूसरा लुटेरा 20 हजार लेकर बाइक से फरार हो गया। एसओ सूरज कुमार सिंह राणा ने बताया कि पकड़े गए लुटेरे की पहचान सीतापुर के रामपुर थाने के किटुरी गांव निवासी छोटू के रूप में हुई है। और इसका एक साथी भाग गया है। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर दिया गया है। फरार लुटेरे की तलाश में टीम में गठित कर दी गई है। जल्द ही वह पुलिस की गिरफ्त में होगा।


# चीतल के सींग सहित शिकारी पकड़ा

- अंतर्राष्ट्रीय शिकारियों से कनेक्शन जुड़े होने की आशंका
- गहन पूछताछ के बाद आरोपी को भेजा गया जेल

**बहराइच, संवाददाता।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज में वन महकमे की टीम ने बाइक सवार वन्यजीव शिकारी को धर दबोचा। उसके पास से चीतल के दो सींग व कुल्हाड़ी बरामद हुई है। गिरफ्तार वन्यजीव शिकारी के अंतर्राष्ट्रीय वन्य जीव शिकारियों से तार जुड़े होने की आशंका जताई गई है।

डीएफओ आकाशदीप बधावन के निर्देश पर चलाई जा रही गश्त में सुजौली रेंजर रोहित कुमार, वन दरोगा मनोज कुमार श्रीवास्तव, वन रक्षक मालिक राम, चौकीदार राम दुलारे बुधवार रात बगुलहिया बीट, धर्मापुर ब्लाक कक्ष संख्या 2 बी के बाघ संरक्षित इलाके में गश्त पर थे। इसी दौरान बाइक सवार युवक को घेराबंदी कर कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा गया। तलाशी में चीतल के दो सींग, प्लास्टिक बोरी, कुल्हाड़ी बरामद की गई।

गिरफ्तार वन्यजीव शिकारी की पहचान सुजौली थाने के त्रिलौकगढ़ी निवासी छोटकन्ना उर्फ हरीश चंद्र के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपी को गहन पूछताछ के बाद वन्यजीव संरक्षण की विभिन्न धाराओं में नामजद कर कोर्ट पर पेश किए जाने पर उसे जेल भेज दिया गया है।




गिरफ्तार वन्य जीव शिकारी व बरामद चीतल की सींग।

# चीतल के सींग के साथ शिकारी गिरफ्तार

मिहींपुरवा (बहराइच)। वन विभाग की टीम ने कतर्नियाघाट से बृहस्पतिवार को एक शिकारी को चीतल के सींग के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शिकारी के खिलाफ रेंज केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज के बगुलहिया धर्मापुर बीट ब्लॉक कक्ष संख्या-2 बी में वन विभाग की टीम गश्त कर रही थी। तभी एक संदिग्ध व्यक्ति वन टीम को देखकर भागने की कोशिश की। इस दौरान टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चीतल की दो सींग, एक बोरी, कुल्हाड़ी व एक बाइक बरामद हुई है।



आरोपी छोटकन्ना

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान थाना सुजौली के त्रिलोकी गौढ़ी गांव निवासी छोटकन्ना उर्फ हरीशचंद्र के रूप में हुई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में क्षेत्रीय वन अधिकारी सुजौली रोहित कुमार, वन दरोगा मनोज कुमार श्रीवास्तव शामिल थे। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

हिन्दु

# बैंक की कार्यप्रणाली के विरुद्ध छेड़ी मुहिम

जरवल। नगर के आर्यावर्त बैंक में बैंक शाखा प्रबंधक व अन्य स्टाफ की ओर से किसानों के केसीसी बनवाने एवं युवाओं के मुद्रा लोन को पास करवाने में 10 से 15 फीसदी कमीशन की मांग की जा रही है।

बैंक में आए हुए ग्राहकों से अभद्रता तो आम हो गई है। खाता खुलवाने एवं खाते पर केवाईसी करवाने के लिए बैंक के कर्मचारी फार्म न देकर फोटो स्टेट की दुकान पर भेज देते हैं। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री, सीएम, अध्यक्ष आर्यावर्त बैंक, पुलिस महानिरीक्षक आर्थिक अपराध अनुसंधान को कार्रवाई को रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेजा है।

# ठगी रोकने के लिए जागरूकता वाहन रवाना

**बहराइच, संवाददाता।** आवास दिलाने के नाम पर ग्रामीणों के साथ लगातार हो रही ठगी की शिकायतों को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मिहींपुरवा के खंड विकास अधिकारी ने जागरूकता वाहन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने की मुहिम छेड़ी है।

पिछले दिनों ब्लॉक परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर प्रधानों की ओर से धन लिए जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को जागरूकता अभियान चलाने तथा संबंधित प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को ब्लॉक परिसर से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जागरूकता वाहन को खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखा ग्रामीण क्षेत्र के लिए रवाना किया।



ग्रामीणों इलाकों के लिए जागरूकता वाहन रवाना करते बीडीओ मिहींपुरवा।

जागरूकता वाहन गांव जाकर ग्रामीणों को आवास के नाम पर किसी को भी पैसा न दिए जाने के लिए जागरूक करेगा।

आवास योजना की पात्रता के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराएगा। बीडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों को आवास दिलाए जाने के नाम पर ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव एवं कुछ अराजक लोगों द्वारा ग्रामीणों से पैसों की ठगी की लगातार मिल रही है। शिकायतों को लेकर गांव में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए जागरूकता वाहन तैयार किए गए हैं, जो गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा।

बीडीओ ने ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने के नाम पर किसी एक भी पैसा नहीं देने की अपील की है।

# चीतल की सींग संग शिकारी गिरफ्तार

**संसू, बिछिया (बहराइच) :** कतर्नियाघाट के सुजौली रेंज अंतर्गत बगुलहिया बीट धर्मापुर में वन क्षेत्राधिकारी रोहित कुमार, वन दारोगा मनोज कुमार श्रीवास्तव, वनरक्षक मालिकराम गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें संरक्षित वन क्षेत्र में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था दिखाई दिया।

टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा तो उसके पास से चीतल की दो सींग बरामद हुईं। बाइक के साथ शिकार करने के उपकरण बरामद किए गए। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान छोटकन्ना उर्फ हरिश्चंद्र निवासी त्रिलोकीगौढ़ी के रूप में हुई। अभियुक्त को भारतीय वन्य जीव अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# करंट से संविदा सफाईकर्मी की मौत

**भिनगा** : तिलकनगर वार्ड निवासी राकेश नगर पालिका परिषद भिनगा में संविदा सफाईकर्मी थे। बुधवार की देर शाम घर में वह बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रहे थे, तभी करंट की चपेट में आ गए। उन्हें निजी डाक्टर के पास ले जाया गया, जहां मौत हो गई। (संसू)

# जनसेवा केंद्र में चोरी

बलहा : नानपारा चीनीमिल के पास विक्की भास्कर जनसेवा केंद्र चलाते हैं। बुधवार रात चोर सीढ़ी लगाकर टिन शेड तोड़कर अंदर घुसे। इन्वर्टर, बैटरी, लैपटाप, प्रिंटर, कीबोर्ड सहित अन्य सामान उठा ले गए हैं। तहरीर लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। (संसू)

# वकीलों ने प्रदर्शन कर सरकार का फूंका पुतला

## हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज का किया विरोध

**जागरण संवाददाता, बहराइच** : हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गयाप्रसाद मिश्र के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का पुतला बनाकर अर्थी सजाई गई।

कचहरी परिसर से डीएम तिराहे पर घुमाकर राम नाम सत्य कहते हुए जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य द्वार पर चिता बनाकर आग लगा दी। मौके पर पुलिस मूकदर्शक बनी रही। अधिवक्ताओं का कहना है कि सरकार उनके हितों का अनदेखी कर रही है। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत शुक्ल, सचिव प्रशासन रमन सिंह, पूर्व महामंत्री राजकुमार सिंह, रामपाल शुक्ल, अश्विनी शुक्ल, अनूप वाजपेयी, पंकज मिश्र, दिनेश तिवारी, विक्रम पांडेय, अजीत अवस्थी, रामजी वाजपेयी, मदन गोपाल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**महसी** : तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश अवस्थी की अगुवाई में पुतला फूंका गया। हड़ताल जारी रही। इस मौके पर महामंत्री फुन्नीलाल वाजपेयी, रुद्रप्रकाश त्रिपाठी, राजवंत मिश्र, भारत प्रसाद मिश्र, ब्रह्मकुमार सिंह, मनोज कुमार त्रिपाठी, रामतेज मिश्र, केके वर्मा मौजूद रहे। **मिहींपुरवा** : आदर्श बार एसोसिएशन मिहींपुरवा के वकीलों ने धरना-प्रदर्शन किया। अध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा व महामंत्री रामप्रकाश मौर्य के नेतृत्व में वकीलों ने जुलूस निकाल सरकार का पुतला फूंका। इस अवसर पर नीरज वर्मा, राना वीर सिंह, जयप्रकाश मौर्य, शिवा यादव, प्रदीप गुप्त, वीरेंद्र पाल, शिवनंदन धनगर आदि मौजूद रहे।





हापुड़ घटना के विरोध में बहराइच में दीवानी न्यायालय के मुख्य द्वार पर व इकौना तहसील में प्रदेश सरकार का पुतला फूंकते अधिवक्ता • जागरण

### कैसरगंज में अधिवक्ताओं ने निकाला जुलूस

**कैसरगंज** : बार एसोसिएशन के तत्वावधान में वकीलों ने जुलूस निकाल कर सरकार का पुतला फूंका। अध्यक्ष वेदप्रकाश सिंह व महामंत्री पंकज श्रीवास्तव ने अधिवक्ताओं का नेतृत्व किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह चौहान, विजय प्रताप सिंह, राजकिशोर यादव, मनोज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, जियाउल हक, केदारनाथ गुप्त, बालकराम सरोज, बृजेश शर्मा मौजूद रहे। नानपारा : बार एसोसिएशन अध्यक्ष निरंकार प्रसाद जायसवाल के नेतृत्व में सरकार का पुतला फूंका गया। प्रदर्शनकारियों में महामंत्री प्रेमकुमार त्रिपाठी, जगदंबा प्रसाद मौजूद रहे।

### श्रावस्ती में भी वकीलों ने नहीं किया कार्य

**जागरण टीम, श्रावस्ती** : हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में चल रही वकीलों की हड़ताल गुरुवार को भी जारी रही। माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन भिनगा व तहसील अधिवक्ता संघ इकौना के अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंक कर विरोध जताया। वकीलों की हड़ताल से न्यायालयों में सन्नाटा पसरा रहा। दीवानी न्यायालय भिनगा के सामने प्रदेश सरकार का पुतला फूंकने के बाद बार एसोसिएशन भिनगा के अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा की हापुड़ के निर्दोष अधिवक्ताओं पर पुलिस की ओर से अकारण बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया।

# दुकान में घुसकर दिनदहाड़े 20 हजार की लूट

महसी (बहराइच)। भगवानपुर कस्बा स्थित एक दुकान में बृहस्पतिवार को बदमाशों ने व्यापारी से 20 हजार की नकदी लूट ली। शोर सुनकर व्यापारियों ने एक बदमाश को दौड़ाकर पकड़ लिया जबकि दूसरा फरार हो गया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से व्यापारियों में दहशत है।

घटना ने पुलिस की सक्रियता की पोल भी खोल दी है।हरदी थाना क्षेत्र के भगवानपुर कस्बे में विनोद कुमार अवस्थी की लोहा, पाइप, पेंट व दवा की दुकान है। पीड़ित दुकानदार विनोद कुमार अवस्थी ने बताया कि तकरीबन एक बजे एक बाइक पर दो युवक दुकान पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदार से वायरिंग पाइप की मांग की। दुकानदार दुकान से पिछले हिस्से से पाइप उठाने चला गया।

बदमाश दुकान के अंदर घुसकर 20 हजार रुपये लेकर भागने लगा। शोर सुन आसपास मौजूद लोगों ने एक को पकड़ लिया। बदमाश सीतापुर का निवासी है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। -संवाद

# पुलिस कर्मियों ने किया योगासन

नवाबगंज (बहराइच)। थाना नवाबगंज के परिसर में पुलिसकर्मियों की फिटनेस को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने योगासन किया। कहा कि योग से शरीर में होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों से छुटकारा मिलता है। वहीं शरीर में स्फूर्ति रहती है। संवाद

हिन्दुस्तान

# हनीट्रैप मामले में एक महिला गिरफ्तार

बहराइच। शहर में हनीट्रेप में क्रीम कालर लोगों को बहाने से फंसाकर अश्लील फोटो तैयार कर ब्लैकमेल किए जाने वाले गैंग की एक महिला की गिरफ्तारी हो गई है। लगभग दो माह पूर्व रिटायर प्रोफेसर की ओर से दर्ज कराए गए केस में काफी जद्दोजहद बाद यह गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में अभी भी एक महिला सहित तीन नामजद आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

देहात कोतवाल मनोज कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार, अनिल कुमार यादव, महिला सिपाही नीलम, शिखा, सिपाही राजकुमार, राजेश कुमार ने नगर कोतवाली के चिक्कीपुरा में दबिश देकर हनीट्रेप मामले में नामजद पूजा तिवारी को गिरफ्तार कर लिया।

एक पीजी कालेज से रिटायर प्रोफेसर विमलेश कुमार श्रीवास्तव को एक नए कालेज में नौकरी देने के बहाने इस गैंग के लोगों ने घर बुला नशीली वस्तु देकर अश्लील वीडियो व फोटो बनाकर उससे ब्लैक मेल की कोशिश की गई थी। पीड़ित प्रोफेसर ने दो महिलाओं सहित चार के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया था। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-15-09-2023

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश नौ बाइक के साथ दो गिरफ्तार

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस को गुरुवार को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। साथ ही दोनों के कब्जे से डेढ़ दर्जन चोरी की बाइक बरामद कर जब्त की गई।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने टीम के साथ चोरी की बाइक बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गोण्डा जनपद थाना उमरी बेगमगंज के ग्राम पूरे तोखई बड़नापुर बेल्सर निवासी सोनू तिवारी पुत्र लक्ष्मी नरायन तिवारी कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि मंगलवार की दोपहर में उसने अपनी बाइक भिनगा के दहाना स्थित महिन्द्रा फाइनेंस एजेंसी के सामने खड़ी की थी। जिसे किसी ने चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू की। गुरुवार को बाइक की बरामदगी के लिए विभिन्न स्थानों पर वाहनों की चेकिंग व दबिश दी जा रही थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सूचना पर पुलिस सिसवा तिराहे से दो संदिग्ध व्यक्तियों पकड़ कर पूछताछ की गई। जिसके बाद पुलिस ने उनके कब्जे से नौ चोरी की बाइक बरामद किया गया।

# आठ माह में 129 मामलों में हुई सजा

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से आपरेशन कन्विक्शन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आठ महीनों में 129 मामलों में आरोपियों को सजा दिलाई गई है। इसके साथ ही जुर्माना भी लगवाया गया है। एसपी सुश्री प्राची सिंह ने बताया कि आपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की ओर से गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अचूक साक्ष्य संकलन तथा डीजीसी क्रिमिनल व उनकी टीम, कोर्ट पैरोकार से संपर्क करके सजा दिलाई जाएगी। इसके तहत एक जनवरी से 12 सितम्बर तक कुछ 129 मामलों में सजा दिलाई गई है। इसके तहत सनसनीखेज अपराध के कुल 18 मामलों में से नौ मामलों में आजीवन कारावास व नौ मामलों में 10 वर्ष की सजा व अर्थदण्ड से अभियुक्तों को को दण्डित कराया गया है।

# एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था देखी

श्रावस्ती। आगामी त्योहार कजरी तीज व कावड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर एसपी ने गुरुवार को विभूतिनाथ मंदिर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही एसपी ने मंदिर प्रबंध समिति व महंथ के साथ बैठक कर जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन व वाच टावर से मेला क्षेत्र में अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। स्थानीय अभिसूचना इकाई की ओर से पूरे मेला परिसर को सुरक्षा की दृष्टि से चेकिंग के साथ साथ अवांछनीय तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सम्बन्धित अधिकारी मेला परिसर का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं मेले से पहले ही चुस्त-दुरूस्त कर लें। जिससे मेले को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। मेला स्थल के बाहर ही पूर्व में चिन्हित स्थलों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए।

# बाइक चोर गिरोह दबोचा, नौ बाइक बरामद

**संसू, श्रावस्ती :** भिनगा कोतवाली पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय बाइक चोरों के गिरोह का राजफाश किया है। सिसवा तिराहे से दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की गई नौ बाइक बरामद की है। आरोपितों को जेल भेजा गया है।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि 13 सितंबर को गोंडा जिले के उमरी बेगमगंज के पूरे तोखई बड़नापुर बेल्सर निवासी सोनू तिवारी ने भिनगा कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि महेंद्रा फाइनेंस एजेंसी दहाना भिनगा के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। वाहन की बरामदगी के लिए चेकिंग व दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान गुरुवार को सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति एक बाइक के साथ भिनगा के सिसवा तिराहे पर खड़े हैं। बाइक को नेपाल ले जाकर बेचने की फिराक में हैं। पुलिस टीम सिसवा तिराहे पर पहुंची। घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम धर्मेंद्र दूबे निवासी देवरिया कला, थाना खरगूपुर, जिला गोंडा व मुहम्मद सैफ उर्फ भोलू निवासी दर्जी मुहल्ला भिनगा बताया। बाइक के बारे में पूछने पर बताया कि 12 सितंबर को दहाना के सामने से बाइक चोरी की थी। इसे नेपाल बेचने ले जा रहे थे। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपितों ने गिलौला से चोरी की गई बाइकों के बारे में बताया। इनकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से नौ बाइकों को बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपित धर्मेंद्र दूबे के विरुद्ध श्रावस्ती व आसपास के जिलों के थानों में शस्त्र अधिनियम, मारपीट, चोरी, जालसाजी के मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक बृजेश सिंह, गुलाब चंद्र, मुख्य आरक्षी रणविजय सिंह, भगवती यादव, आरक्षी प्रदीप पांडेय व वीरेंद्र यादव शामिल रहे।



भिनगा कोतवाली में पुलिस हिरासत में बाइक चोरी के आरोपित व बरामद बाइकें ● जागरण

**बरामद बाइकों का विवरण:** एसपी ने बताया कि हौंडा ड्रीम योगा गाड़ी नंबर- यूपी-43 एसी 5464, हीरो सुपर स्प्लेंडर नंबर- यूपी-46 एफ 7742, हीरो स्मार्ट वाहन संख्या- यूपी-32 जीटी 9970, सुपर स्प्लेंडर बिना नंबर, पल्सर वाहन संख्या- यूपी-46 सी 5139, पैसन प्रो वाहन संख्या- यूपी 46 सी 2131, टीवीएस आरएडीईओएन वाहन संख्या- यूपी 46, पी 3943, हीरो होंडा सीडी डीलक्स बिना नंबर, प्लेटिना बिना नंबर बरामद हुई है। भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों ने बताया है कि वे गोंडा, बहराइच, बलरामपुर व श्रावस्ती जिले में बाइक चोरी करते थे। आरोपित धर्मेंद्र दुबे पर बाइक चोरी के 11 मुकदमे दर्ज हैं।

# नौ बाइकों के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने गुरुवार अंतर जनपदीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा कर चोरी की नौ मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सिसवा तिराहा पर घेराबंदी कर शातिर चोरों को पकड़ा। पकड़े गए चोरों की पहचान भिनगा के मोहल्ला दर्जी निवासी मोहम्मद सैफ उर्फ भोला व गोंडा के थाना खरगूपुर अंतर्गत देवरिया निवासी धर्मेंद्र दुबे के रूप में हुई। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की नौ मोटरसाइकिल बरामद की। एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि धर्मेंद्र दुबे अंतर जनपदीय गिरोह से जुड़े शातिर अपराधी है। उनके खिलाफ विभिन्न थानों में 11 गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। (संवाद)

# चोरी गई ट्रॉली बरामद

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** हरदत्त नगर गिरंट के ग्राम बरगदही निवासी काशीराम यादव ने पुलिस से ट्रॉली चोरी होने की शिकायत की थी। जिस पर पुलिस  ने बहराइच के आसाम रोड से ट्रॉली बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार चोरी की घटना मनगढंत थी। कांशीराम ने थाना क्षेत्र के मुलायपुरवा निवासी किस्मत अली को एक लाख 30 हजार रुपये में ट्रॉली बेच दी थी। जहां से बहाना करके कांशीराम ट्रॉली लाया और आसाम रोड निवासी को दे दी। (संवाद)

# सीसीटीवी की निगरानी में होगा कजरी तीज मेला

## विभूतिनाथ मंदिर परिसर में लगेगा मेला, एसपी ने किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** कजरी तीज पर सिरसिया के विभूति नाथ मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन होगा। जहां पड़ोसी राज्य नेपाल समेत जिलों से भी कांवड़िये पहुंचेंगे। बृहस्पतिवार को एसपी ने मेला परिसर का निरीक्षण करके अधिकारियों को निर्देश दिए।

विभूति नाथ मंदिर पहुंचीं एसपी प्राची सिंह ने कजरी तीज व कांवड़ यात्रा के दौरान मंदिर प्रबंधक समिति व महंत के साथ बैठक की। उन्होंने आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की। कहा कि मेला परिसर की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी। साथ ही ड्रोन व वॉच टावर से भी गड़बड़ी फैलाने वालों पर निगाह रखी जाएगी।

उन्होंने वाहनों के लिए रोपवे बनाने, बलरामपुर व भिनगा के रास्ते से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था करने तथा मेला परिसर में कंट्रोल रूम व खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, यातायात प्रभारी मनीष कुमार पांडेय, थानाध्यक्ष सिरसिया विशुनदेव पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।



विभूतिनाथ मंदिर का जायजा लेतीं एसपी। -संवाद

### जनता दर्शन मे सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय में बृहस्पतिवार को जनता दर्शन के दौरान एसपी प्राची सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 17 प्रार्थनापत्र आएं। इनमें नौ भूमि विवाद, चार पारिवारिक विवाद व चार अन्य विवाद से संबंधित थे। जिसके निस्तारण के लिए एसपी ने संबंधितों को निर्देशित किया है। (संवाद)

## महिलाओं को मिली जानकारी

**श्रावस्ती।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी सहित आत्मरक्षा के गुर बताए जा रहे हैं। इसी के तहत गत दिवस इकौना के जगतजीत इंटर कॉलेज, कस्बा भिनगा व गिलौला सहित कई अन्य स्थानों पर चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान शक्ति मोबाइल टीम ने विभिन्न योजनाओं के साथ ही मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी। (संवाद)

## शांतिभंग में 18 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने बुधवार रात अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 18 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। (संवाद)